LCM = 2,4,6,8,10 = 120

$= \frac{1}{120}$ Ans.

अध्याय – 3

भिन्न एवं दशमलव भिन्न

पूर्णांक को भिन्न में बदलना :- किसी पूर्णांक संख्या को मनचाहे हर वाली भिन्न में बदला जा सकता है।

जैसे यदि हम 23 को ऐसी भिन्न में बदलना चाहते हैं, जिसका हर 12 हो तो 23 को $\frac{23}{1}$ लिखकर अंश एवं हर में 12 से गुणा करेंगे।

$$23 = \frac{23 \times 12}{12} = \frac{276}{12}$$

दशमलव भिन्नें – ऐसी भिन्नात्मक संख्याएँ जिनके हर 10 की घात में हो, दशमलव भिन्नें कहलाती हैं।

जैसे - $\frac{17}{10} = 1.7$, $\frac{23}{100} = 0.23$, $\frac{7}{1000} = 0.007$

- भिन्न = अंश/हर , जहाँ अंश तथा हर प्राकृत संख्या है।

भिन्न के प्रकार :-

❖ **उचित (सम) भिन्न (Proper Fraction) : अंश < हर**
जिस भिन्न का अंश उसके हर से कम हो उसे सम या उचित भिन्न कहते हैं, इसका मान हमेशा 1 से कम होता है।
जैसे - $\frac{3}{7}$, $\frac{23}{27}$, $\frac{17}{51}$

❖ **अनुचित (विषम) भिन्न (Improper Fraction) : अंश > हर**
जिस भिन्न का अंश उसके हर से बड़ा या बराबर हो, उसे विषम या अनुचित भिन्न कहते हैं।
जैसे - $\frac{23}{15}$, $\frac{18}{9}$, $\frac{29}{29}$

❖ **मिश्र भिन्न (Mixed Fraction) : जिसमें पूर्णांक व भिन्न दोनों भाग हो।**
भिन्न जो एक पूर्णांक और एक उचित भिन्न से मिलकर बनी हो मिश्र भिन्न कहलाती है।
जैसे - $2\frac{3}{5}$, $21\frac{5}{23}$, $109\frac{3}{7}$

❖ **यौगिक भिन्न (Compound fraction):-** किसी भिन्न का भिन्न, यौगिक भिन्न कहलाती है।
जैसे - $\left(\frac{3}{8} \text{ का } \frac{1}{4}\right)$

❖ **लंगड़ा भिन्न** – लंगड़े भिन्न को हल करने के लिए सबसे नीचे वाले भाग से प्रारंभ करके ऊपर की तरफ हल करते हुए आना होता है।
जैसे – $2 + \frac{1}{2-\frac{1}{3+\frac{1}{4}}} \Rightarrow 2 + \frac{1}{2-\frac{1}{\frac{12+1}{4}}}$
$\Rightarrow 2 + \frac{1}{2-\frac{1}{\frac{13}{4}}} \Rightarrow 2 + \frac{1}{2-\frac{4}{13}} \Rightarrow 2 + \frac{1}{\frac{26-4}{13}}$
$\Rightarrow 2 + \frac{1}{\frac{22}{13}} \Rightarrow 2 + \frac{13}{22} \Rightarrow \frac{44+13}{22} \Rightarrow \frac{57}{22} = 2\frac{13}{22}$

अनुचित भिन्न को मिश्र भिन्न में बदलना –

$\frac{\text{अंश}}{\text{हर}} = \text{भागफल } \frac{\text{शेषफल}}{\text{हर}} = \frac{(\text{भागफल} \times \text{हर}) + \text{शेषफल}}{\text{हर}} = \frac{\text{अंश}}{\text{हर}}$

भिन्नों को जोड़ना/घटाना –

- समान हर की स्थिति में भिन्नों का जोड़/बाकी= $\frac{a}{c} + \frac{b}{c} = \frac{a+b}{c}$
- असमान हर की स्थिति में LCM लेकर हल करते हैं।
- मिश्र भिन्न की स्थिति में पूर्णांकों तथा भिन्नों का आपस में जोड़/बाकी द्वारा सरल कर सकते हैं।

भिन्नों का गुणनफल –

- दी गई भिन्नों में अंश को अंश से तथा हर को हर से गुना करते हैं। पूर्णांक दिए होने पर उसे भिन्न में बदलकर गुणा करते हैं।
$\frac{a}{b} \times \frac{c}{d} = \frac{a \times c}{b \times d} = \frac{ac}{bd}$

भिन्नों का भाग –

- दो भिन्नों के भागफल में भाग का चिन्ह गुणा में बदल देते हैं तथा आगे वाली भिन्न को उलट कर भिन्नों का गुणनफल करते हैं।
$\frac{a}{b} \div \frac{c}{d} = \frac{a}{b} \times \frac{d}{c} = \frac{ad}{bc}$
- भिन्नों का LCM = अंशों का ल.स./हरों का म.स.
- भिन्नों का HCF = अंशों का म.स./हरों का म.स.

दशमलव भिन्न –

- ऐसी भिन्नें जिनके हर 10, 100, 1000 ... हो |
- यदि किसी भिन्न के हर में 10, 100, 1000 ... आदि हो तो उसके हर में जितने शून्य हों, अंश में दाईं ओर से उतने ही अंक गिनकर, दशमलव लगा देते हैं और हर हटा देते हैं |

साधारण भिन्न को दशमलव भिन्न में बदलना – साधारण भिन्न से दशमलव भिन्न बनाने के लिए भिन्न के अंश में हर का भाग तब तक देते हैं जब तक भाग पूरा-पूरा न चला जाए | अर्थात् शेषफल शून्य बचे |

उदाहरण :- $\frac{2}{5} = 0.4$, $\frac{14}{25}=0.56$

दशमलव भिन्न को साधारण भिन्न में बदलना- दी गई दशमलव भिन्न को अंश में लिखें तथा हर में दशमलव बिंदु के नीचे । के साथ उतनी ही शून्य लगाये जितने दशमलव बिंदु के बाद अंक है | अब दशमलव बिंदु को हटाकर प्राप्त संख्या को सरलतम रूप में लिखें |

उदाहरण :- $0.8 = \frac{8}{10} = \frac{4}{5}$

$6.16 = \frac{616}{100} = \frac{154}{25}$

नोट : दशमलव भिन्न के दायीं ओर अंत में चाहे जितने शून्य डाल दें, उसके मान में कोई फर्क नहीं आता |

जैसे :- $0.9 = 0.90 = 0.9000$

#यदि किसी भिन्न के अंश एवं हर दोनों में दशमलव स्थानों की संख्या समान हो तो दशमलव बिन्दु को हटाया जा सकता है |

जैसे- $\frac{0.465}{4.752} = \frac{0465}{4752} = \frac{465}{4752}$

$\frac{5.36985}{47.25852} = \frac{536985}{4725852}$

नोट:- किसी पूर्णांक संख्या को भी दशमलव के रूप में व्यक्त किया जा सकता है | इसके लिए पूर्णांक के बाद एक दशमलव बिंदु डालकर मनचाही शून्य लगा सकते है | जैसे $56 = 56.0 = 56.0000$

यदि किसी भिन्न के अंश तथा हर में दशमलव स्थानों की संख्या समान न हो तो उस संख्या के दाईं ओर शून्य लगाकर दशमलव के बाद वाले अंकों को समान बनाकर दशमलव हटा देते हैं |

उदाहरण - $\frac{2.4}{5.64} = \frac{2.40}{5.64} = \frac{240}{564} = \frac{60}{141} = \frac{20}{47}$

$\frac{5.743}{6.1} = \frac{5.743}{6.100} = \frac{5743}{6100}$

भिन्नों की तुलना – भिन्नों की तुलना करने के लिए भाग विधि या लघुत्तम विधि या गुणनविधि का प्रयोग करते हैं |

उदाहरण - $\frac{2}{5}$, $\frac{5}{7}$ में से बड़ी कौनसी है ?

भागविधि- इस विधि के अनुसार प्रत्येक भिन्न के अंश को उसके हर से भाग देते हैं, जिसका भागफल बड़ा होता है वही भिन्न बड़ी और जिसका भागफल छोटा होता है वह भिन्न छोटी होती है |

$\frac{2}{5} = 0.4$, $\frac{5}{7} = 0.71$

स्पष्टतया $0.71 > 0.4$

$\therefore \frac{5}{7} > \frac{2}{5}$

लघुत्तम विधि – $\frac{2}{5}$, $\frac{5}{7}$

$\frac{14, 25}{35}$ $\therefore \frac{5}{7} > \frac{2}{5}$

गुणनविधि – वज्रगुणन विधि :- भिन्नों $\frac{a}{b}$ तथा $\frac{c}{d}$ में यदि $ad > bc$ हो तो भिन्न $\frac{a}{b} > \frac{c}{d}$ और यदि $ad < bc$ हो तो भिन्न $\frac{a}{b} < \frac{c}{d}$ होगी |

$\frac{2}{5}$, $\frac{5}{7}$

2×7 , 5×5

14 , 25

$\therefore \frac{5}{7} > \frac{2}{5}$

प्रतिशत को भिन्न में बदलना :- किसी प्रतिशत को भिन्न में बदलने के लिए प्रतिशत का चिन्ह (%) हटाकर प्राप्त संख्या को 100 से भाग देते हैं |

$40\% = \frac{40}{100} = \frac{2}{5}$

भिन्न को प्रतिशत में बदलना :- किसी भिन्न को प्रतिशत में बदलने के लिए 100 से गुणा करके प्रतिशत का चिन्ह (%) लगाते हैं |

जैसे $\frac{4}{25}$ को प्रतिशत में बदलने पर

$\frac{4\times100}{25}$ % = 16

भिन्न एवं दशमलव

1. $6\frac{11}{14}\times 3\frac{1}{2}$ का मान हैं ?

हल - $6\frac{11}{14}\times 3\frac{1}{2} = \frac{95}{14}\times\frac{7}{2} = \frac{95}{4} = 23\frac{3}{4}$

2. एक वर्ष का $\frac{2}{3}$ भाग हैं ?

हल – 1 वर्ष = 12 माह

$= 12\times\frac{2}{3}$ = 8 माह

3. गुंजन ने एक कॉपी रु. $8\times\frac{3}{4}$ की तथा एक रु. $10\times\frac{2}{5}$ में खरीदी बताओं उसने दुकानदार को कितने रु. दिए ?

हल - $8\frac{3}{4}+10\frac{2}{5} = \frac{35}{4}+\frac{52}{5} = \frac{175+208}{20}$

$= \frac{383}{20} = 19\frac{3}{20}$ रु.

4. दो संख्याओं का गुणनफल $15\frac{5}{6}$ हैं और उनमें से एक संख्या $6\frac{2}{3}$ हैं तो दूसरी संख्या होगी ?

हल - माना दूसरी संख्या = x

प्रश्नुसार $6\frac{2}{3}\times x = 15\frac{5}{6}$

$= \frac{20}{3}x = \frac{95}{6}$

$= x = \frac{95}{6}\times\frac{3}{20} = \frac{95}{40}$

$= \frac{19}{8} = 2\frac{3}{8}$

5. $\frac{9}{10}, \frac{12}{25}, \frac{18}{35}$ तथा $\frac{21}{40}$ का महत्तम समापवर्तक होगा ?

हल - $\frac{9}{10}, \frac{12}{25}, \frac{18}{35}, \frac{21}{40}$ का H.C. F.

भिन्नों के H.C.F. = $\frac{\text{अंशों का H.C.F.}}{\text{हरों का L.C.M.}}$

$= \frac{9,12,18,21\text{ का H.C.F.}}{10,25,35,40\text{ का L.C.M.}} = \frac{3}{1400}$

6. $\frac{2}{3}, \frac{3}{5}, \frac{4}{7}, \frac{9}{13}$ का लसप होगा ?

हल - $\frac{2}{3}, \frac{3}{5}, \frac{4}{7}, \frac{9}{13}$ का L.C.M.

$= \frac{\text{अंशों का L.C.M.}}{\text{हरों का H.C.F.}}$

$= \frac{2,3,4,9,\text{का L.C.M.}}{3,5,7,13\text{ का H.C.F.}} = \frac{36}{1} = 36$

7. $4\frac{4}{5}\div\frac{3}{5}$ का $S+\frac{4}{5}\times\frac{3}{10}-\frac{1}{5}$ का मान होगा ?

हल - $4\frac{4}{5}\div\frac{3}{5}$ का $S+\frac{4}{5}\times\frac{3}{10}-\frac{1}{5}$

$= \frac{24}{5}\div\frac{3}{5}\times 5+\frac{4}{5}\times\frac{3}{10}-\frac{1}{5}$

$= \frac{24}{5}\times\frac{1}{3}+\frac{4}{5}\times\frac{3}{10}-\frac{1}{5}$

$= \frac{8}{5}+\frac{6}{25}-\frac{1}{5} = \frac{40+6-5}{25} = \frac{41}{25}$

$= 1\frac{16}{25}$

8. यदि दो संख्याओं का योग 50 हैं और इनमें से एक संख्या दूसरी की $\frac{2}{5}$ गुणा हैं, तो वे संख्याएँ हैं ?

हल - $x+\frac{2x}{5} = 50$

$= \frac{5x+2x}{5} = 250$

$7x = 250 = x = \frac{250}{7}$

$\frac{2x}{5} = \frac{100}{7}$

9. 0.54 , 1.8 तथा 7.2 का लघुत्तम समापवर्त्य क्या हैं ?

हल - 54 , 1.8 , 7.2 का L.C. M.

$= \frac{54}{100}, \frac{18}{10}, \frac{72}{10}$ $= \frac{\text{अंशों का L.C.M.}}{\text{हरों का H.C.F.}}$

$= \frac{216}{10} = 21.6$

10. $\frac{7}{13}, \frac{8}{15}, \frac{11}{13}, \frac{14}{23}$ में से सबसे छोटी भिन्न कौनसी है ?

हल - भाग विधि से $= \frac{7}{13} = 0.538$,

$\frac{8}{15} = 0.533$, $\frac{11}{13} = 0.846$, $\frac{14}{23} = 0.608$

अतः सबसे छोटी भिन्न $\frac{8}{15}$ होगी !

11. दो संख्याओं के योगफल तथा गुणनफल क्रमशः 11 तथा 18 हैं ! उनके व्युत्क्रमों का योगफल होगा ?

हल – माना कि वे संख्याएँ $= x , y$

$$x + y = 11$$

$$xy = 18$$

$\frac{1}{x} + \frac{1}{y} = \frac{x+y}{xy} = \frac{11}{18}$

12. यदि $x+\frac{2}{3+\frac{4}{5+\frac{7}{6}}} = 10$ तब x का मान कितना होगा ?

हल – $x\frac{2}{3+\frac{4}{5+\frac{7}{6}}} = 10 = x + \frac{2}{3+\frac{4}{\frac{37}{6}}} = 10$

$= x + \frac{2}{3+\frac{24}{37}} = 10$

$= x + \frac{2}{\frac{135}{37}} = 10$

$= x + \frac{74}{135} = 10$

$= x = 10 - \frac{74}{135}$

$= \frac{1350-74}{135} = \frac{1276}{135}$

13. कितने $\frac{1}{6}$ मिलकर $41\frac{2}{3}$ के बराबर होते हैं ?

हल – माना कि x , $\frac{1}{6}$ मिलकर $41\frac{2}{3}$ होते हैं !

$x \times \frac{1}{6} = 41\frac{2}{3} = \frac{x}{6} = \frac{125}{3}$

$= x = \frac{125 \, x \, 6}{3}$

$= x = 250$

14. यदि एक भिन्न का अंश 20% बढ़ा दिया जाता है और उसके हर का 10% ह्रास किया जाता है , तो भिन्न का मान है $\frac{16}{21}$ मूल भिन्न क्या होगी ?

हल - $\frac{x+.2x}{y-.1\,y} = \frac{16}{21} = \frac{1.2x}{.9y} = \frac{16}{21}$

$= \frac{x}{y} = \frac{16}{21} x \frac{9}{12}$

$\therefore \frac{x}{y} = \frac{4}{7}$

15. यदि $\frac{547.527}{0.0082} = x$ हो , तो $\frac{547527}{82}$ का मान ज्ञात कीजिए ?

हल - $\frac{547.527}{.0082} = x$ या $\frac{5475270}{82}$

$= x = \frac{547527}{82} x \; 10 = x$

$\frac{547527}{82} = \frac{x}{10}$

अध्याय - 4

सरलीकरण (Simplification)

 # Series based questions

(1) $\frac{1}{30} + \frac{1}{42} + \frac{1}{56} + \frac{1}{72} + \frac{1}{90} + \frac{1}{110} = ?$

$= \frac{1}{5X6} + \frac{1}{6X7} + \frac{1}{7X8} + \frac{1}{8X9} + \frac{1}{9X10} + \frac{1}{10X11}$

$= \frac{1}{5} - \frac{1}{6} + \frac{1}{6} - \frac{1}{7} + \frac{1}{7} - \frac{1}{8} + \frac{1}{8} - \frac{1}{9} + \frac{1}{9} - \frac{1}{10} + \frac{1}{10} - \frac{1}{11}$

$= \frac{1}{5} - \frac{1}{11}$

$= \frac{6}{55}$

2 Method

$\frac{1}{30} + \frac{1}{42} + \frac{1}{56} + \frac{1}{72} + \frac{1}{90} + \frac{1}{110}$

$= \frac{1}{5X6} + \frac{1}{6X7} + \frac{1}{7X8} + \frac{1}{8X9} + \frac{1}{9X10} + \frac{1}{10X11}$

$= \frac{6}{5X11}$

$= \frac{6}{55}$

Note - इस प्रकार के प्रश्नों को हल करने के लिए हमें पहले पद और अंतिम पद के हर गुणा करके हर में लिखते है तथा उनका अंतर अंश में लिखते है!

(2) $\frac{5}{2^2 X 3^2} + \frac{7}{3^2 X 4^2} + \frac{9}{4^2 X 5^2} + \frac{11}{5^2 X 6^2} + \cdots + \frac{19}{9^2 X 10^2}$

$= \frac{1}{4} - \frac{1}{100}$

$= \frac{24}{100}$

$= \frac{6}{25}$

(3) $\frac{1}{9} + \frac{1}{6} + \frac{1}{12} + \frac{1}{20} + \frac{1}{30} + \frac{1}{42} + \frac{1}{56} + \frac{1}{72}$

$= \frac{1}{9} + \frac{1}{2} - \frac{1}{9}$

$= \frac{1}{2}$

(4) $\frac{1}{5 X 6} + \frac{1}{6 X 7} + \frac{1}{7X 8} + \text{-----20 वा पद}$

n वा पद = a + (n -1)d

20 वा पद = 5 + 19 X 1

= 24

$\frac{1}{5 X 6} + \frac{1}{6 X 7} + \frac{1}{7 X 8} + \cdots + \frac{1}{24 X 25}$

$= \frac{1}{5} - \frac{1}{25} = \frac{4}{25}$

(5) $\frac{1}{1 X 4} + \frac{1}{4 X 7} + \frac{1}{7 X 10} \text{ ------ 5 वा पद}$

5 वा पद = 1 + (4 X 3)

= 13

$= \frac{1}{1 X 4} + \frac{1}{4 X 7} + \frac{1}{7 X 10} + \cdots + \frac{1}{13 X 16}$

$= \frac{1}{1 X 4} + \frac{1}{4 X 7} + \frac{1}{7 X 10} + \frac{1}{10 X 13} + \frac{1}{13 X 16}$

3 से गुणा तथा भाग करने पर

$= \frac{1}{3}\left(\frac{3}{1 X 4} + \frac{3}{4 X 7} + \frac{3}{7 X 10} + \frac{3}{10 X 13} + \frac{3}{13 X 16}\right)$

$= \frac{1}{3}\left(1 - \frac{1}{4} + \frac{1}{4} - \frac{1}{7} + \frac{1}{7} - \frac{1}{10} + \frac{1}{10} - \frac{1}{13} + \frac{1}{13} - \frac{1}{16}\right)$

$= \frac{1}{3}\left(1 - \frac{1}{16}\right)$

$= \frac{1}{3} X \frac{15}{16}$

$= \frac{5}{16}$

2 Method

$\frac{1}{1 X 4} + \frac{1}{4 X 7} + \frac{1}{7 X 10} \cdots\cdots + \frac{1}{13 X 16}$

$\frac{1}{3}\left(1-\frac{1}{16}\right)$

$= \frac{1}{3} \times \frac{15}{16} = \frac{5}{16}$

(6) $\frac{1}{2 \times 3 \times 4} + \frac{1}{3 \times 4 \times 5} + \frac{1}{4 \times 5 \times 6} + \text{-----} + \frac{1}{12 \times 13 \times 14}$

$= \frac{1}{2}\left(\frac{1}{2 \times 3} - \frac{1}{13 \times 14}\right)$

$= \frac{1}{2}\left(\frac{91-3}{3 \times 13 \times 14}\right)$

$= \frac{1}{2} \times \frac{88}{3 \times 13 \times 14}$

$= \frac{22}{273}$

(7) $\frac{1}{1 \times 3 \times 5} + \frac{1}{3 \times 5 \times 7} + \frac{1}{5 \times 7 \times 9} + \text{----} + \frac{1}{23 \times 25 \times 27}$

$= \frac{1}{4}\left(\frac{1}{1 \times 3} - \frac{1}{25 \times 27}\right)$

$= \frac{1}{4}\left(\frac{225-1}{675}\right)$

$= \frac{1}{4} \times \frac{224}{675}$

$= \frac{56}{675}$

(8) यदि $2^x = 4^y = 8^z$, $\frac{1}{2x} + \frac{1}{4x} + \frac{1}{6z} = \frac{24}{7}$ तो z का मान ज्ञात करें !

$2^x = 4^y = 8^z$

$2^x = 2^{2y} = 2^{3z}$

$x = 2y = 3z$

$x = 3z$

$2y = 3z$

$\frac{1}{2x} + \frac{1}{4y} + \frac{1}{6z} = \frac{24}{7}$

$\frac{1}{6z} + \frac{1}{6z} + \frac{1}{6z} = \frac{24}{7}$

$\frac{3}{6z} = \frac{24}{7}$

$z = \frac{7}{48}$

(9) यदि $2^x = 4^y = 8^z$ तथा $xyz = 288$ तो $\frac{1}{2x} + \frac{1}{4y} + \frac{1}{6z} = ?$

$2^x = 4^y = 8^z$

$2^x = 2^{2y} = 2^{3z}$

$x = 2y = 3z$

$x = 3z = 3 \times 4$

$= 12$

$2y = 3z$

$y = \frac{3}{2}z = \frac{3}{2} \times 4$

$= 6$

$xyz = 288$

$3z \times \frac{3}{2}z \times z = 288$

$z^3 = 64$

$z = 4$

$\frac{1}{2x} + \frac{1}{4y} + \frac{1}{6z}$

$= \frac{1}{24} + \frac{1}{24} + \frac{1}{24}$

$= \frac{1}{8}$

(10) यदि $2^x = 3^y = 6^{-z}$, तो $\frac{1}{x} + \frac{1}{y} + \frac{1}{z} = ?$

$2^x = 3^y = 6^{-z} = k$

$2^x = k$, $3^y = k$, $6^{-z} = k$

$2 = k^{1/x}$, $3 = k^{1/y}$, $6 = k^{-1/z}$

$2 \times 3 = 6$

$k^{1/x} \times k^{1/y} = k^{-1/z}$ आधार समान तो घाते जुड़ जाती हैं !

$$\frac{1}{x} + \frac{1}{y} = -\frac{1}{z}$$

$$\frac{1}{x} + \frac{1}{y} + \frac{1}{z} = 0$$

(11) 2^{72} , 5^{36} , 4^{48} , 3^{60} में कौन बड़ा है ?

2^{72} , 5^{36} , 4^{48} , 3^{60}

$(2^6)^{12}$, $(5^3)^{12}$, $(4^4)^{12}$, $(3^5)^{12}$

64^{12} , 125^{12} , 256^{12} , 243^{12}

$256^{12} = 4^{48}$ बड़ा है !

Note :- इस प्रकार के प्रश्नों में यदि आधार समान है तो जिसकी घात बड़ी होगी वह संख्या भी बड़ी होगी ! यदि आधार समान नही है तो घाते समान होगीं अथवा की जा सकती है जिसका आधार बड़ा वह संख्या बड़ी होगी !

(12) 2^{350} , 5^{200} , 3^{300} , 4^{250} में कौन बड़ा है ?

2^{350} , 5^{200} , 3^{300} , 4^{250}

$2^{7x\ 50}$, $5^{4x\ 50}$, $3^{6x\ 50}$, $4^{5x\ 50}$

128^{50} , 625^{50} , 729^{50} , 1024^{50}

4^{250} बड़ा है

(13) निम्न में से कौन बड़ा है

$\sqrt[3]{4}$, $\sqrt[4]{6}$, $\sqrt[6]{15}$, $\sqrt[12]{245}$

$4^{1/3}$, $6^{1/4}$, $15^{1/6}$, $245^{1/12}$

3,4,6,12, का L .C.M

$4^{\frac{1}{3}}$, $6^{\frac{1}{4}}$, $15^{\frac{1}{6}}$, $245^{\frac{1}{12}}$

$4^{\frac{1}{3}X\ 12}$, $6^{\frac{1}{4}\times\ 12}$, $15^{\frac{1}{6}\times\ 12}$, $245^{\frac{1}{12}\times\ 12}$

4^4 , 6^3 , 15^2 , 245^1

256 , 216 , 225 , 245

$\sqrt[3]{4}$ बड़ा है !

(14) $(\sqrt{10} + \sqrt{6})^2 = 10 + 6 + \sqrt[2]{10\ X\ 6}$

$= 16 + \sqrt[2]{60}$

$(\sqrt{9} + \sqrt{7})^2 = 9 + 7 + \sqrt[2]{9\ X\ 7}$

$= 16 + \sqrt[2]{63}$

$(\sqrt{9} + \sqrt{7})^2$ बड़ा है !

(15) निम्न में से कौन बड़ा है ?

$\sqrt{10} - \sqrt{8}$ तथा $\sqrt{15} - \sqrt{13}$

$$\frac{\sqrt{10} - \sqrt{8}}{1}$$

परिमेयकरण करने पर

$$\sqrt{10} - \sqrt{8} \times \left(\frac{\sqrt{10}+\sqrt{8}}{\sqrt{10}+\sqrt{8}}\right)$$

$$\frac{10-8}{\sqrt{10}+\sqrt{8}} = \frac{2}{\sqrt{10}+\sqrt{8}}$$

$$\frac{2}{\sqrt{10}+\sqrt{8}} > \frac{2}{\sqrt{15}+\sqrt{13}}$$

$$\frac{\sqrt{15} - \sqrt{13}}{1}$$

परिमेयकरण पर

$$(\sqrt{15} - \sqrt{13}) \frac{(\sqrt{15}+\sqrt{13})}{\sqrt{15}+\sqrt{13}}$$

$$\frac{15-13}{\sqrt{15}+\sqrt{13}} = \frac{2}{\sqrt{15}+\sqrt{13}}$$

Note : - यदि अंश समान है तो जिसका हर छोटा होगा वह संख्या बड़ी होगी !

(16) यदि $x = \sqrt{3} + \sqrt{2}$, तो $\frac{1}{x} = ?$

$$\frac{x}{1} = \frac{\sqrt{3}+\sqrt{2}}{1}$$

$$\frac{1}{x} = \frac{1}{\sqrt{3}+\sqrt{2}}$$

परिमेयकरण करने पर

$$= \frac{1\ X\ (\sqrt{3}-\sqrt{2})}{(\sqrt{3}+\sqrt{2})(\sqrt{3}-\sqrt{2})}$$

$$= \frac{\sqrt{3}-\sqrt{2}}{(\sqrt{3})^2-(\sqrt{2})^2}$$

$$\frac{1}{x} = \frac{\sqrt{3}-\sqrt{2}}{3-2}$$

$$\frac{1}{x} = \sqrt{3}-\sqrt{2}$$

Note :- जब हमें x का उल्टा लिखना हो तो हम उसका चिन्ह बदलते हैं !

$$x = \sqrt{3}+\sqrt{2}$$

$$\frac{1}{x} = \sqrt{3}-\sqrt{2}$$

(17) यदि $x = \frac{1}{\sqrt{3}+\sqrt{2}}$, $\frac{1}{x} = ?$

$$\frac{x}{1} = \frac{1}{\sqrt{3}+\sqrt{2}}$$

$$\frac{1}{x} = \frac{\sqrt{3}+\sqrt{2}}{1}$$

परिमेय करने पर

$$\frac{1}{x} = \frac{(\sqrt{3}+\sqrt{2})\times(\sqrt{3}-\sqrt{2})}{1\times(\sqrt{3}-\sqrt{2})}$$

$$= \frac{(\sqrt{3})^2-(\sqrt{2})^2}{\sqrt{3}-\sqrt{2}}$$

$$\frac{1}{x} = \frac{1}{\sqrt{3}-\sqrt{2}}$$

$a^2 - b^2 = (a+b)(a-b)$

$$x = \frac{1}{\sqrt{3}+\sqrt{2}}$$

$$\frac{1}{x} = \frac{1}{\sqrt{3}-\sqrt{2}}$$

(18) $\sqrt{13+\sqrt[4]{3}}$ का मान बताओ !

$13 + \sqrt[4]{3}$ $2 \times 2\sqrt{3}$

$a^2 + b^2 + 2 \times a \times b$

$a = 2\sqrt{3}$

$b = 1$

$(2\sqrt{3})^2$ $(1)^2$

$12 + 1$

$$\sqrt{13+\sqrt[4]{3}}$$

$$\sqrt{(2\sqrt{3}+1)^2}$$

$$= 2\sqrt{3}+1$$

(19) $9 - 4\sqrt{3}$ का वर्गमूल बताओ !

$$\sqrt{9-4\sqrt{3}}$$

$a = 2\sqrt{2}$ $9 - 4\sqrt{2} = 2 \times 2 \times \sqrt{2}$

$b = 1$ $a^2 + b^2 = 2 \times a \times b$

$$\sqrt{\sqrt[2]{(\sqrt{2}-1)}^2}$$ $8 + 1$

$$= 2\sqrt{2}-1$$

(20) $\sqrt{8+\sqrt[2]{15}}$

$(\sqrt{\sqrt{5}+\sqrt{3}})^2$

$\sqrt{5} + \sqrt{3}$

$8 + 2\sqrt{15}$ $\quad 2 \times \sqrt{15}$

$a^2 \quad b^2 \qquad 2 \times a \times b$

$5 \qquad 3 \qquad \sqrt{5} \times \sqrt{3}$

$a = \sqrt{5}$

$b = \sqrt{3}$

BODMAS

B = Bracket

O = of

D = Division

M = Multiplication

A = Addition

S = Subtraction

Brackets

= रेखा कोष्ठक

( ) = छोटा कोष्ठक

{ } = मंझला कोष्ठक

[ ] = बड़ा कोष्ठक

(1) $420 \div 70 \div 6 \div 1 \div 5 = ?$

$\frac{420}{70} \div 6 \div 1 \div 5$

$= 6 \div 6 \div 1 \div 5$

$= 1 \div 1 \div 5$

$= \frac{1}{5} = 0.2$

(2) $12 \div 2 \div 3$

$= 6 \div 3$

$= 2$

(3) The value of

$9 + [6 + 7 \text{ of } 3 - \{9 + 2 - (6 \div 2)\}] = ?$

$9 + [6 + 7 \text{ of } 3 \{- 9 - 2 + 3\}]$

$= 9 + [6 + 7 \times 3 - 8]$

$= 9 + 6 + 21 - 8$

$= 36 - 8$

$= 28$

(4) $1 \div [1 + 1 \div 1 + 1 \div (2 + 1 \div 2)] = ?$

$= 1 \div [1 + 1 \div 1 + 1 \div \frac{3}{2}]$

$= 1 \div [1 + 1 \div \frac{5}{3}]$

$= 1 \div [1 + 1 \times \frac{3}{5}]$

$= 1 \div \frac{8}{5}$

$= 1 \times \frac{5}{8} = \frac{5}{8}$

(5) $37 + 40 - [15 \times \frac{1}{2} \text{ of } 20 - \{60 \div (22 - 2)\}] = ?$

$= 37 + 40 - [15 \times \frac{1}{2} \text{ of } 20 - \{60 \div 20\}]$

$= 37 + 40 - [15 \times \frac{1}{2} \text{ of } 20 - 3]$

$= 37 + 40 - [15 \times 10 - 3]$

$= 77 - 153$

$= -76$

(6) $7 \div [7+7 \div 7\{3+3+7 \text{ of } 7 \div (-49 \div 7)\}]$

$=?$

$7 \div [7+7 \div 7\{3+3+7 \text{ of } 7 \div (-7)\}]$

$= 7 \div [7+7 \div 7\{3+3+49 \div (-7)\}]$

$= 7 \div [7+7 \div 7(-1)]$

$= 7 \div [7-1]$

$= \frac{7}{6}$

(7) $87 \div [100 \text{ of } 1/5+63 \text{ of } 7 \div \{7 \text{ of } (49 \div 7)\}]$

$= 87 \div [100 \text{ of } 1/5+63 \text{ of } 7 \div \{7 \text{ of } 7\}]$

$= 87 \div [100 \text{ of } 1/5 + 63 \text{ of } 7 \div 49]$

$= 87 \div [20 + 441 \div 49]$

$= 87 \div 29 = 3$

(8) $119 \div \{12 - 90 - (23 - 105 \div 7 \div 3)\} = ?$

$= 119 \div \{12 - 90 - (23 - 105 \div 7/3)\}$

$= 119 \div \{12 - 90 + 22\}$

$= 119 \div \{12 - 112\}$

$= 119 \div (-100)$

$= -\frac{119}{100}$

(9) $16 \div 4 \text{ of } 4 \times [3 \div 4 \text{ of } \{4 \times 3 \div (3+3) \div (2 \div 4 \text{ of } 8)\}] = ?$

$= 16 \div 4 \text{ of } 4 \times [3 \div 4 \text{ of } \{4 \times 3 \div 6 \div 1/16\}]$

$= 16 \div 4 \text{ of } 4 \times [(3 \div 4 \text{ of } 2) \div 1/16]$

$= 16 \div 16 \times 3/8 \div 1/16$

$= 1 \times \frac{3}{8} \times \frac{16}{1}$

$= 6$

(10) $\frac{8}{9} \text{ of } [(5\frac{1}{4} \div 2\frac{1}{3} \text{ of } 4) \div (8 \div \frac{2}{3} \text{ of } \frac{4}{5}) \text{ of } (8 \times \frac{2}{3} \div \frac{4}{5})] = ?$

$= \frac{8}{9} \text{ of } [(\frac{21}{4} \div \frac{28}{3}) \div (8 \div \frac{8}{15}) \text{ of } (8 \times \frac{5}{6})]$

$= \frac{8}{9} \times \frac{9}{16} \div 15 \times \frac{20}{3}$

$= \frac{1}{2} \div 100$

$= \frac{1}{200}$

(11) $5\frac{1}{3} \text{ of } 5 + 373\frac{1}{3} \text{ of } 1 + ? = 5^2 \times 4^2$

$\frac{16}{3} \times 5 + \frac{1120}{3} \times 1 + x = 400$

$\frac{80}{3} + \frac{1120}{3} + x = 400$

$\frac{1200}{3} + x = 400$

$400 + x = 400$

$x = 0$

Q.12 $4000 \div 400 \div 40 \div 4 = ?$

हल :- $4000 \times \frac{1}{400} \times \frac{1}{40} \times \frac{1}{4} \Rightarrow \frac{4000}{6400} \Rightarrow \frac{1}{16}$

Q.13 $6\ [3\ \{5 \times 2\ (5 - \overline{8-6})\ \}\ ]$

हल :- $6\ [3\ \{5 \times 2\ (5-8+6)\}]$

$\Rightarrow 6\ [\ 3\ \{5 \times 2\ (3)\}]$

$\Rightarrow\ 6\ [3\ \{5 \times 6\}]$

$\Rightarrow 6\ [\ 3\ \{30\}]$

$\Rightarrow 6\ (90)$

$\Rightarrow 540$

Q.14 $12 + [\ 10 - \{\ 6 + 4\ (6 - 4)\}]$ का 50%

हल :- $12 + [\ 10 - \{\ 6 + 4\ (2)\ \}]$ का 50%

$\Rightarrow 12 + [\ 10 - \{\ 6 + 8\ \}]$ का 50%

$\Rightarrow 12 + [\ 10 - 14\ ]$ का 50%

$\Rightarrow 12 + [\ -4\ ]$ का 50%

$\Rightarrow 12 - 4 \times \frac{50}{100} \Rightarrow 12 - 2 \Rightarrow 10$

Q.15 $1 \div [\ 1 + 1 \div \{\ 1+1 \div (1 + 1 \div 1\ )\}] = ?$

हल :- $1 \div [\ 1 + 1 \div \{\ 1 + 1 \div (2)\}]$

$\Rightarrow 1 \div [\ 1 + 1 \div \{1 + 1 \div 2\ \}]$

$\Rightarrow 1 \div \left[1 + 1 \div \{1 + \frac{1}{2}\}\right]$

$\Rightarrow 1 \div \left[1 + 1 \div \{\frac{3}{2}\}\right]$

$\Rightarrow 1 \div \left[1 + 1 \times \{\frac{2}{3}\}\right]$

$\Rightarrow 1 \div \left[1 + \frac{2}{3}\right]$

$\Rightarrow 1 \div \left[\frac{5}{3}\right]$

$\Rightarrow 1 \times \frac{3}{5} \Rightarrow \frac{3}{5}$

Q.16 $\frac{(25 \times 24 + 28 \times 10)}{240 \div 60 + 60 \div 5} = \frac{(25 \times 24 + 28 \times 10)}{4 + 12}$

$= \frac{600+280}{4+12}$

$= \frac{880}{16} = 55$

Q.17 $\frac{1}{1+\frac{1}{1+\frac{1}{2}}}$

सबसे पहले सबसे नीचे वाला भाग सरल करेंगे !

$= \frac{1}{1+\frac{1}{\frac{2+1}{2}}} = \frac{1}{1+\frac{1}{\frac{3}{2}}} = \frac{1}{1+\frac{2}{3}} = \frac{1}{\frac{3+2}{3}} = \frac{3}{5}$

Q.18 $\frac{9}{20} - \left[\frac{1}{5} + \{\frac{1}{4} + (\frac{5}{6} - \overline{\frac{1}{3} + \frac{1}{2}}\}\right]$ रेखा बंधनी को हल करेंगे !

$\Rightarrow \frac{9}{20} - \left[\frac{1}{5} + \{\frac{1}{4} + \left(\frac{5}{6} - \frac{2+3}{6}\right)\}\right]$

$\Rightarrow \frac{9}{20} - \left[\frac{1}{5} + \{\frac{1}{4} + \left(\frac{5}{6} - \frac{2+3}{6}\right)\}\right]$

$\Rightarrow \frac{9}{20} - \left[\frac{1}{5} + \{\frac{1}{4} + \left(\frac{5}{6} - \frac{5}{6}\right)\}\right]$

$\Rightarrow \frac{9}{20} - \left[\frac{1}{5} + \{\frac{1}{4} + 0\}\right]$

$\Rightarrow \frac{9}{20} - \left[\frac{1}{5} + \frac{1}{4}\right]$

$\Rightarrow \frac{9}{20} - \left[\frac{4+5}{20}\right]$

$\Rightarrow \frac{9}{20} - \frac{9}{20} = 0$

Q.19 $\frac{0.0203 \times 2.92}{0.0073 \times 14.5 \times 0,7}$ बराबर है –

हल :- $\frac{0.0203 \times 2.92}{0.0073 \times 14.5 \times 0,7} \Rightarrow \frac{203 \times 292}{73 \times 145 \times 7}$

$= \frac{4}{5} = 0.8$

Q.20 $\left[\frac{56.234}{5.6234} \times \frac{0.0003}{0.003}\right] - 1$ बराबर है –

हल :- $\left[\frac{56.234}{5.6234} \times \frac{0.0003}{0.003}\right] - 1$

$\Rightarrow \left[\frac{562340 \times 3}{56234 \times 30}\right] - 1 \Rightarrow 1 - 1 = 0$.

Q.21 $999 \times \frac{995}{999} \times 999$ का मान है –

हल :- $999 \times \frac{995}{999} \times 999$

$\Rightarrow \frac{(999)^2 + 995}{999} \times 999$

$\Rightarrow 998001 + 995 = 998996$

Q.22 $\left|1008 \text{ का } \frac{21}{24} \text{ का } \frac{5}{9} \text{ का } \frac{4}{7} \text{ का } \frac{3}{5}\right|$ बराबर है-

हल :- $1008 \times \frac{21}{24} \times \frac{5}{9} \times \frac{4}{7} \times \frac{3}{5}$

$= \frac{1008}{6} = 168$

Q.23 $\frac{5.47 \times 5.47 - 4.53 \times 4.53}{0.94}$ सरलीकृत मान है :

हल :- $\frac{5.47 \times 5.47 - 4.53 \times 4.53}{0.94}$

$= \frac{(5.47)^2 - (4.53)^2}{0.94}$

$= \frac{(5.47 - 4.53)\,(5.47 + 4.53)}{0.94}$

$= \frac{0.94 \times 10}{0.94} = 10$

Q.24 सरल कीजिए –

$3 \div \left|(8-5) \div \{(4-2) \div \left(2 + \frac{8}{13}\right)\}\right|$

हल :-

$3 \div \left|(8-5) \div \{(4-2) \div \left(2 + \frac{8}{13}\right)\}\right|$

$= 3 \div \left|3 \div \{2 \div \left(\frac{26+8}{13}\right)\}\right|$

$= 3 \div \left|3 \div \{2 \div \frac{34}{13}\}\right|$

$= 3 \div \left|3 \div \{2 \times \frac{13}{34}\}\right|$

$= 3 \div \left|3 \div \frac{26}{34}\right|$

$= 3 \div \left|3 \times \frac{34}{26}\right|$

$= 3 \div \frac{102}{26}$

$= 3 \times \frac{26}{102} = \frac{13}{17}$

वर्ग (Square)

वर्ग – किसी संख्या की घात 2 अर्थात् किसी संख्या को उसी संख्या से गुणा करने पर प्राप्त होता है।

$a^2 = a \times a$

जैसे :-

$1^2 = 1$	$11^2 = 121$	$21^2 = 441$
$2^2 = 4$	$12^2 = 144$	$22^2 = 484$
$3^2 = 9$	$13^2 = 169$	$23^2 = 529$
$4^2 = 16$	$14^2 = 196$	$24^2 = 576$
$5^2 = 25$	$15^2 = 225$	$25^2 = 625$
$6^2 = 36$	$16^2 = 256$	$26^2 = 676$
$7^2 = 49$	$17^2 = 289$	$27^2 = 729$
$8^2 = 64$	$18^2 = 324$	$28^2 = 784$
$9^2 = 81$	$19^2 = 361$	$29^2 = 841$
$10^2 = 100$	$20^2 = 400$	$30^2 = 900$
$31^2 = 961$	$41^2 = 1681$	$51^2 = 2601$

$32^2 = 1024$ $42^2 = 1764$ $52^2 = 2704$

$33^2 = 1089$ $43^2 = 1849$ $53^2 = 2809$

$34^2 = 1156$ $44^2 = 1936$ $54^2 = 2916$

$35^2 = 1225$ $45^2 = 2025$ $55^2 = 3025$

$36^2 = 1296$ $46^2 = 2116$ $56^2 = 3136$

$37^2 = 1369$ $47^2 = 2209$ $57^2 = 3249$

$38^2 = 1444$ $48^2 = 2304$ $58^2 = 3364$

$39^2 = 1521$ $49^2 = 2401$ $59^2 = 3481$

$40^2 = 1600$ $50^2 = 2500$ $60^2 = 3600$

$61^2 = 3721$ $71^2 = 5041$ $81^2 = 6561$

$62^2 = 3844$ $72^2 = 5184$ $82^2 = 6724$

$63^2 = 3969$ $73^2 = 5329$ $83^2 = 6889$

$64^2 = 4096$ $74^2 = 5476$ $84^2 = 7056$

$65^2 = 4225$ $75^2 = 5625$ $85^2 = 7225$

$66^2 = 4356$ $76^2 = 5776$ $86^2 = 7396$

$67^2 = 4489$ $77^2 = 5929$ $87^2 = 7569$

$68^2 = 4624$ $78^2 = 6084$ $88^2 = 7744$

$69^2 = 4761$ $79^2 = 6241$ $89^2 = 7921$

$70^2 = 4900$ $80^2 = 6400$ $90^2 = 8100$

$91^2 = 8281$ $101^2 = 10201$ $111^2 = 12321$

$92^2 = 8464$ $102^2 = 10404$ $112^2 = 12544$

$93^2 = 8649$ $103^2 = 10609$ $113^2 = 12769$

$94^2 = 8836$ $104^2 = 10816$ $114^2 = 12996$

$95^2 = 9025$ $105^2 = 11025$ $115^2 = 13225$

$96^2 = 9216$ $106^2 = 11236$ $116^2 = 13456$

$97^2 = 9409$ $107^2 = 11449$ $117^2 = 13689$

$98^2 = 9604$ $108^2 = 11664$ $118^2 = 13924$

$99^2 = 9801$ $109^2 = 11881$ $119^2 = 14161$

$100^2 = 10000$ $110^2 = 12100$ $120^2 = 14400$

$121^2 = 14641$

$122^2 = 14884$

$123^2 = 15129$

$124^2 = 15376$

$125^2 = 15625$

Important Point :-

Rule 1. 26 से 75 तक का वर्ग ज्ञात करने की विधि :- 26 से 75 तक संख्याओं का वर्ग ज्ञात करने के लिए मध्य की संख्या 50 को आधार मानते हैं। जिस संख्या का वर्ग ज्ञात करना हो उस संख्या का 50 से अंतर कर देते हैं। संख्या 50 से जितनी कम या अधिक हो उस का वर्ग करके 2 अंकों में लिखते हैं। (यदि वर्ग 1 अंक में हो तो पहले शून्य लगाकर दो अंक बनाते हैं

और यदि 3 अंक में हो तो तीसरे अंक को हासिल के रूप में लेते हैं।) फिर संख्या 50 से जितने कम हैं उसे 25 में से घटाकर व 50 से जितने अधिक हैं उसे 25 में जोड़कर लिखते हैं यदि हासिल हो तो उसे भी जोड़कर लिखते हैं।

उदाहरण :-

- $36^2 = 50 - 36 = 14$

  $14^2 = 196$ (यहाँ 96 लिखेंगे तथा 1 को हासिल रखेंगे)

  $25-14 = 11$

  $11 + 1 = 12 \quad \therefore 36^2 = 1296$

- $48^2 = 50 - 48 = 2$

  $2^2 = 04$

  $25-2 = 23 \quad \therefore 48^2 = 2304$

- $53^2 = 53 - 50 = 3$

  $3^2 = 09$

  $25 + 3 = 28 \quad \therefore 53^2 = 2809$

- $42^2 = 50 - 42 = 8$

  $8^2 = 64$

  $25-8 = 17 \quad \therefore 42^2 = 1764$

- $72^2 = 72 - 50 = 22$

  $22^2 = 484$ (यहाँ 84 लिखेंगे तथा 4 को हासिल रखेंगे)

  $25 + 22 = 47$

  $47 + 4 = 51 \quad \therefore 72^2 = 5184$

- $59^2 = 59 - 50 = 9$

  $9^2 = 81$

  $25 + 9 = 34 \quad \therefore 59^2 = 3481$

Rule 2. 76 से 125 तक का वर्ग ज्ञात करने की विधि :- 76 से 125 तक संख्याओं का वर्ग ज्ञात करने के लिए मध्य की संख्या 100 को आधार मानते हैं। जिस संख्या का वर्ग ज्ञात करना हो उस संख्या का 100 से अंतर कर देते हैं। संख्या 100 से जितनी कम या अधिक हो उस का वर्ग करके 2 अंकों में लिखते हैं। (यदि वर्ग 1 अंक में हो तो पहले शून्य लगाकर दो अंक बनाते हैं और यदि 3 अंक में हो तो तीसरे अंक को हासिल के रूप में लेते हैं।) फिर संख्या 100 से जितनी कम हो उसे उसी संख्या में से घटाकर तथा जितनी अधिक हो उसे उसी संख्या में जोड़कर लिखते हैं। यदि हासिल हो तो उसे भी जोड़कर लिखते हैं।

उदाहरण :-

- $98^2 = 100 - 98 = 2$

  $2^2 = 04$

  $98-2 = 96 \quad \therefore 98^2 = 9604$

- $93^2 = 100 - 93 = 7$

  $7^2 = 49$

  $93-7 = 86 \quad \therefore 93^2 = 8649$

- $76^2 = 100 - 76 = 24$

24^2 = 576 (यहाँ 76 लिखेंगे तथा 5 को हासिल रखेंगे)

76 -24 = 52

52 + 5 = 57 $\quad \therefore 76^2 = 5776$

- $118^2 = 118 - 100 = 18$

18^2= 324 (यहाँ 24 लिखेंगे तथा 3 को हासिल रखेंगे)

118 + 18 = 136

136 + 3 = 139 $\quad \therefore 118^2 = 13924$

- $103^2 = 103 - 100 = 3$

$3^2 = 09$

103 + 3 = 106 $\quad \therefore 103^2 = 10609$

- $106^2 = 106 - 100 = 6$

$6^2 = 36$

106 + 6 = 112 $\quad \therefore 106^2 = 11236$

वर्गमूल

(1) किसी संख्या का वर्गमूल ज्ञात करने के लिए 2 - 2 अंकों के जोड़े बनाये जाते हैं ! जोड़े हमेशा दाईं ओर से बनते हैं !

जैसे = $\sqrt{3\ 62\ 54\ 46}$

(2) दशमलव के बाद वाली संख्या के जोड़े बाईं ओर से बनते हैं ! जैसे - $\sqrt{54\ .\ 62\ 45\ 20}$

(3) दशमलव संख्याओं का वर्गमूल संख्या से बड़ा होता है !
जैसे -

$\sqrt{0.1}$ = 0.3162 $\quad \sqrt{0.2}$ = 0.4472

$\sqrt{0.3}$ = 0.5477 $\quad \sqrt{0.4}$ = 0.6324

$\sqrt{0.5}$ = 0.7071 $\quad \sqrt{0.6}$ = 0.7745

$\sqrt{0.7}$ = 0.8366 $\quad \sqrt{0.8}$ = 0.8944

$\sqrt{0.9}$ = 0.9486

```
      0.632
  6 | 0.400000
  6 |  36
 ---|-------
123 |  400
  3 |  369
 ---|-------
1262 | 3100
  2  | 2524
 ----|------
1264 |  576
```

(4) किसी संख्या का वर्गमूल हमेशा धनात्मक व ऋणात्मक दोनों होता है ! जैसे - $\sqrt{4} = \pm 2$, $\sqrt{25} = \pm 5$

(5) किसी संख्या में इकाई के स्थान पर 2,3,7,8 हो तो वह संख्या कभी भी पूर्ण वर्ग संख्या नहीं होती है !

(6) 1 से 9 तक संख्याओं के वर्गमूल -

$\sqrt{1}$ = 1.00 $\quad \sqrt{2}$ = 1.4142

$\sqrt{3}$ = 1.732 $\quad \sqrt{4}$ = 2.00

$\sqrt{5}$ = 2.236 $\quad \sqrt{6}$ = 2.449

$\sqrt{7}$ = 2.654 $\sqrt{8}$ = 2.828

$\sqrt{9}$ = 3.00

(7) वर्गमूल ज्ञात करने की संक्षिप्त विधि –

Table :1

1 = 1,9
4 = 2,8
5 = 5
6 = 4,6
9 = 3,7

किसी पूर्ण वर्ग संख्या का वर्गमूल ज्ञात करने के लिए संख्या का इकाई का अंक देखते हैं ! इकाई के अंक का मान सारणी के अनुसार रख देते हैं ! फिर इकाई व दहाई दो अंकों को छोड़ देते हैं शेष बचे अंकों से पहले की पूर्ण वर्ग संख्या देखते हैं ! उसका मान लिख देते हैं ! इस प्रकार हमारे पास दो विकल्प बनते हैं फिर बचे हुए अंकों व उससे पहले तथा बाद की पूर्ण वर्ग संख्या की तुलना करते हैं ! यदि पहले वाली पूर्ण वर्ग संख्या के पास हैं तो छोटी संख्या तथा बाद वाली पूर्ण वर्ग संख्या के पास हैं तो बड़ी संख्या उत्तर होगा ! उदाहरण –

$\sqrt{3364}$

25 36 52

58

दी गई संख्या 3364 का वर्गमूल ज्ञातकरने के लिए इकाई का अंक 4 मिलता हैं ! सारणी से 4 का मान 2 व 8 लिख देते हैं ! फिर दो अंक छोड़ने के बाद शेष बचा 33 अतः 33 से पहले पूर्ण वर्ग संख्या है ! 25 , इसलिए 25 का वर्गमूल अर्थात 5 होता है ! इस प्रकार हमारे पास दो विकल्प हुए 52 व 58 , फिर देखते हैं कि 33 से पहले पूर्ण वर्ग 25 व बाद में 36 हैं ! संख्या 33 , बड़ी पूर्व वर्ग संख्या 36 के नजदीक हैं ! अतः हमारा उत्तर बड़े वाली संख्या अर्थात 58 होगा !

उदाहरण –

$\sqrt{15346}$

144 169 124

126

∴ 15376 का वर्गमूल = 124

(8) वर्गमूल में लगभग मान ज्ञात करने के लिए–

$\sqrt{x \pm y} = \sqrt{x} \pm \frac{y}{2\sqrt{x}}$

उदाहरण 1- $\sqrt{15} = \sqrt{16-1} = 4 - \frac{1}{2 \times 4}$

$= 4 - \frac{1}{8} = 3.87$

उदाहरण2- $\sqrt{18} = \sqrt{16+2} = 4 + \frac{2}{2 \times 4}$

= 4.25

Note – संख्या को दो भागों में तोड़ते हैं ! पहला भाग पूर्ण वर्ग संख्या होता हैं ! संख्या जिस पूर्ण वर्ग संख्या के पास है वो मान लेते हैं!

उदाहरण 1. $\frac{64}{.04}$ का वर्गमूल ज्ञात करों ?

हल - $\sqrt{\frac{64}{.04}} = \frac{8}{.2} = \frac{80}{2} = 40$

उदाहरण 2. $\sqrt{\frac{289}{x}} = \frac{1}{5}$ हो तो x का मान क्या होगा ?

हल - $\sqrt{\frac{289}{x}} = \frac{1}{5} = \frac{17}{\sqrt{x}} = \frac{1}{5} = \sqrt{x} = 85$

$= x = 85^2$

∴ x = 7225

उदाहरण 3. $\sqrt{\frac{.081 \times .484}{.0064 \times 6.25}}$ = ?

हल – चूकी दी गई संख्या में अंश व हर दोनों के 6-6 अंकों पर दशमलव हैं ! अतः दशमलव हट जायेगी व हल इस प्रकार होगा !

$$\sqrt{\frac{81 \times 484}{64 \times 625}} = \frac{9 \times 22}{8 \times 25} = \frac{99}{100} = .99$$

उदाहरण 4. $\sqrt{5 + \sqrt[3]{x}} = 3$ हो तो x का मान क्या होगा ?

हल- $\sqrt{5 + \sqrt[3]{x}} = 3 = 5 + x^{\frac{1}{3}} = 9 = 9 - 5$

$= x^{\frac{1}{3}} = 4$

$x = 4^3 = x = 64$

(5) तीन अंकों की सबसे बड़ी संख्या जो पूर्ण वर्ग हैं –

हल -

	31
3	999
3	9
61	99
1	61
	38

999 – 38 = 961

(6) चार अंकों की सबसे छोटी संख्या जो पूर्ण वर्ग हैं –

हल -

	32
3	1000
3	9
62	100
2	- 124
	-24

1000 -(24)=1024

(7) 5000 में क्या जोड़ा जाये की वह पूर्ण वर्ग बन जाये !

हल

	71
7	5000
7	49
141	100
1	-141
	-41

41 जोड़ने पर

(8) $\sqrt{2}, \sqrt[3]{4}, \sqrt[4]{5}, \sqrt[6]{7}$ में सबसे बड़ा कौन हैं ?

हल - $2^{\frac{1}{2}}, 4^{\frac{1}{3}}, 5^{\frac{1}{4}}, 7^{\frac{1}{6}} \Rightarrow 2^{\frac{6}{12}}, 4^{\frac{4}{12}}, 5^{\frac{3}{12}}, 7^{\frac{2}{12}}$

$\Rightarrow \sqrt[12]{2^6}, \sqrt[12]{4^4}, \sqrt[12]{5^3}, \sqrt[12]{7^2}$

$\Rightarrow \sqrt[12]{64}, \sqrt[12]{256}, \sqrt[12]{125}, \sqrt[12]{49}$, अतः $\sqrt[3]{4}$ सबसे बड़ा हैं !

(9) 600 को किस सबसे टी संख्या से गुणा किया जाये की वह पूर्ण वर्ग संख्या बन जाये ?

हल-

2	600
2	300
2	150
3	75
5	25
5	5
	1

$\boxed{2 \times 2} \times 2 \times 3 \times \boxed{5 \times 5}$

$2 \times 3 = 6$

(10) $\sqrt{0.000441}$ का मान ज्ञात करें ?

हल - $\sqrt{0.000441} = \sqrt{\frac{441}{1000000}} = \frac{21}{1000} = 0.021$

Ans

(11) दो प्राकृत संख्याएँ 3 : 5 के अनुपात में है तथा उनका गुणनफल 2160 है ! उनमें छोटी संख्या होगी ?

हल – दो प्राकृत संख्याएँ = 3 x , 5 x

$3x \times 5x = 2160$

$15\ x^2 = 2160$

$x^2 = \frac{2160}{15} = 144$

$x = \sqrt{144} = 12$

संख्याएँ = (3X12) , (5X12) = (36 , 60)

अत: छोटी संख्या = 36

(12) यदि $\sqrt{1+\frac{x}{9}} = \frac{13}{3}$, तो x का मान कितना होगा ?

हल - $\sqrt{1+\frac{x}{9}} = \frac{13}{3}$ समी. के दोनों के पक्षों का वर्ग करने पर $\left[\sqrt{1+\frac{x}{9}}\right]^2 = \left(\frac{13}{3}\right)^2$

$1 + \frac{x}{9} = \frac{169}{9}$

$\frac{9+x}{9} = \frac{169}{9}$

$x + 9 = 169$

$x = 169 - 9$

$x = 160$ Ans

(13) यदि $\sqrt{2^x} = 256$ हैं , तो x का मान होगा –

हल - $\sqrt{2^x} = 256$

$(\sqrt{2^x})^2 = (256)^2$

दोनों पक्षों का वर्ग करने पर

$2^x = (256)^2 = 2^x = (2^8)^2$

$2^x = 2^{16} = x = 16$

(14) यदि a तथा b ऐसे धन पूर्णांक हैं कि $a^2 - b^2 = 19$ हैं , तो a का मान होगा?

हल – $a^2 - b^2 = 19$

या $a^2 - b^2 = 100 - 81 = 19$

या $a^2 = 100$

या $a = 10$

(15) 120 तथा 300 के बीच कितनी पूर्ण वर्ग संख्याएँ हैं?

हल – 120 से 300 के मध्य पूर्ण वर्ग संख्या = 300 से तुरन्त पहले वर्ग संख्या 289 जोकि 17 का वर्ग है तथा 120 से तुरन्त पहले पूर्ण वर्ग संख्या = 100 जोकि 10 का वर्ग है !

∴ 120 से 300 के मध्य कुल पूर्ण वर्ग संख्या = 17 – 10 = 7 होंगी !

(16) $\frac{1}{\sqrt{81}+\sqrt{80}} + \frac{1}{\sqrt{80}+\sqrt{79}} + \frac{1}{\sqrt{79}+\sqrt{78}} \pm - - - - - \frac{1}{\sqrt{50}+\sqrt{49}}$ का मान होगा?

हल - $\frac{1}{\sqrt{81}+\sqrt{80}} x \frac{\sqrt{81}-\sqrt{80}}{\sqrt{81}-\sqrt{80}} + \frac{1}{\sqrt{80}+\sqrt{79}} x \frac{\sqrt{80}-\sqrt{79}}{\sqrt{80}-\sqrt{79}} + \frac{1}{\sqrt{79}+\sqrt{78}} x \frac{\sqrt{79}-\sqrt{78}}{\sqrt{79}-\sqrt{78}} - - - - \frac{1}{\sqrt{50}+\sqrt{49}} x \frac{\sqrt{50}-\sqrt{49}}{\sqrt{50}-\sqrt{49}}$

$= \sqrt{81} - \sqrt{80} + \sqrt{80} - \sqrt{79} + \sqrt{74} - \sqrt{78} + ---- + \sqrt{50} - \sqrt{49}$

$= \sqrt{81} - \sqrt{49} = 9 - 7 = 2$ Ans

(17) $\frac{1}{\sqrt{25}+\sqrt{24}}+\frac{1}{\sqrt{24}+\sqrt{23}}+\frac{1}{\sqrt{23}+\sqrt{22}}+---+\frac{1}{\sqrt{2}+1}$ का मान होगा ?

हल – Trick $\sqrt{25}$ - 1 = 5 – 1 = 4

(18) $\frac{\sqrt{8}+\sqrt{3}}{\sqrt{8}-\sqrt{3}}$ का मान ज्ञात करों ?

हल - $\frac{\sqrt{8}+\sqrt{3}}{\sqrt{8}-\sqrt{3}} x \frac{\sqrt{8}+\sqrt{3}}{\sqrt{8}+\sqrt{3}} = \frac{(\sqrt{8}+\sqrt{3})^2}{8-3}$

$= \frac{8+3+2\sqrt{24}}{5} = \frac{11+4\sqrt{6}}{5}$

(19) यदि $a = \sqrt{(2013)^2+2013+2014}$ हैं, तब a का मान हैं ?

हल – $a = \sqrt{(2013)^2+2013+2014}$

$= \sqrt{(2013)^2+2013+2013+1}$

$= \sqrt{(2013)^2+2(2013)+1}$

$= \sqrt{(2013)^2+2x2013x1+1^2}$

$= \sqrt{[2013+1]^2} = 2013 + 1 = 2014$

(20) $\sqrt{16\sqrt{8\sqrt{4}}}$ का मान हैं ?

हल - $\sqrt{16\sqrt{8\sqrt{4}}} = \sqrt{16\sqrt{8x2}} = \sqrt{16\sqrt{16}}$

$= \sqrt{16x4} = \sqrt{64} = 8$ Ans

अध्याय – 5

औसत (Avarage)

एक ही प्रकार की दो से अधिक संख्याओं का औसत वह संख्या हैं, जो उनकी दी हुई राशियों के योग को उनकी संख्या से भाग देने पर प्राप्त होती हैं। औसत को मध्यमान भी कहते हैं।

राशियों का औसत $= \frac{\text{राशियों का योगफल}}{\text{राशियों की संख्या}}$

राशियों का योगफल = औसत× राशियों की संख्या

राशियों की संख्या = $\frac{\text{राशियों का योगफल}}{\text{राशियों का औसत}}$

यदि राशियाँ एक ही प्रकार की नहीं हैं तो उनका औसत ज्ञात नहीं किया जा सकता हैं।

राशियों की संख्या को औसत से गुणा करने पर उन राशियों का योग ज्ञात होता हैं।

औसत दी हुई संख्याओं में सबसे बड़ी संख्या से छोटी और सबसे छोटी संख्या से बड़ी होती हैं।

औसत केवल सजातीय राशियों का ही किया जाता हैं। सजातीय राशियाँ वे राशियाँ हैं, जो समान इकाई में हो।

जैसे- 5 मीटर व 10 मीटर यदि मीटर व सेंटीमीटर हो तो सजातीय बनाने के लिए मीटर को सेंटीमीटर या सेंटीमीटर को मीटर बना देते हैं।

औसत दी गई संख्याओं में से भी या अन्य संख्या भी हो सकती हैं।

किन्हीं संख्याओं में यदि प्रत्येक में समान संख्या में वृद्धि की जाये तो. औसत में भी उतनी ही वृद्धि हो जायेगी।

किन्हीं संख्याओं में यदि प्रत्येक में समान संख्या में कमी जाये तो औसत में भी उतनी ही कमी हो जायेगी।

किन्हीं संख्याओं में यदि प्रत्येक को समान संख्या से गुणा किया जाये, तो औसत उतने ही गुणा हो जायेगा।

किन्हीं संख्याओं में प्रत्येक में समान संख्या से भाग दें तो औसत उतन से ही विभाजित हो जायेगा।

किसी समूह में एक व्यक्ति बाहर जाए तथा उसके स्थान पर कोई व्यक्ति आए और औसत उम्र में वृद्धि हो जाए तो आने वाले व्यक्ति की उम्र= जाने वाले व्यक्ति की उम्र + समूह में संख्या ×औसत वृद्धि

- किसी समूह में एक व्यक्ति के आने से औसत उम्र में वृद्धि होने पर आने वाले व्यक्ति की उम्र

= पहले का औसत + नई संख्या ×औसत में वृद्धि

किसी समूह में एक व्यक्ति को बाहर जाने से औसत उम्र में वृद्धि होने पर जाने वाले व्यक्ति की उम्र

= पहले का औसत - नई संख्या × औसत में वृद्धि

किसी व्यक्ति की वर्तमान उम्र A है तो y वर्ष पहले उसकी उम्र होगी – (A - y) वर्ष

किसी व्यक्ति की वर्तमान उम्र A में है तो Y वर्ष बाद उसकी उम्र y होगी - (A+y) वर्ष

किसी व्यक्ति की Y_1 वर्ष पहले उम्र A हो तो y_2 वर्ष बाद उसकी उम्र होगी – $(A+y_1+y_2)$ वर्ष

किसी व्यक्ति की y_1 वर्ष बाद उम्र A हो तो y_2 वर्ष पहले उसकी उम्र होंगी - $(A-Y_1-Y_2)$ वर्ष

यदि पिता तथा पुत्र की उम्र का अनुपात x : y हो तथा समय बाद उनका अनुपात a : b हो, तो

पुत्र की उम्र $= \frac{y \times t(a-b)}{(bx-ay)}$

पिता की उम्र $= \frac{X \times t(a-b)}{(bx-ay)}$

यदि पिता तथा पुत्र की उम्र का अनुपात x : y हो तथा t वर्ष पहले उनकी उम्र का अनुपात a: b हो, तो

पुत्र की उम्र $= \frac{y \times t(a-b)}{(ay-bx)}$

पिता की उम्र = $\frac{x \times t(a-b)}{(ay-bx)}$

T वर्ष पहले पिता की उम्र अपने पुत्र की उम्र से x गुना थी। वर्तमान में पिता की उम्र y गुना है। तब

पुत्र की उम्र $= \frac{t(x-1)}{(x-y)}$

वर्तमान में पिता की उम्र अपने पुत्र की उम्र से y गुना है। t वर्ष बाद पिता की उम्र अपने पुत्र से z गुना होगी। अब वर्तमान में पुत्र की उम्र बताएँ।

पुत्र की उम्र $= \frac{t(z-1)}{(y-z)}$

महत्वपूर्ण सूत्रः-

1. प्रथम n प्राकृतिक संख्याओं का औसत $= \frac{n+1}{2}$

2. प्रथम n प्राकृत संख्याओं के वर्गों का औसत = $\frac{(n+1)(2n+1)}{6}$

3. प्रथम n प्राकृतिक संख्याओं के घनों का औसत = $\frac{n(n+1)^2}{4}$

4. लगातार n तक विषम संख्याओं का औसत = n

5. लगातार n तक सम संख्याओं का औसत= (n + 1)

6. n तक की सम संख्याओं का औसत = $\frac{n+2}{2}$

7. लगातार n तक की पूर्ण संख्याओं का औसत = $\frac{n}{2}$

8. यदि n कोई विषम संख्या हो, तो क्रमागत सम संख्या या क्रमागत विषम संख्याओं का हमेशा माध्य संख्या होती है.

9. पहले n क्रमागत सम संख्याओं के वर्गों का औसत = $\frac{2(n+1)(2n+1)}{3}$

10. n तक पहले क्रमागत विषम संख्याओं के वर्गों का औसत = $\frac{n(n+2)}{3}$

11. यदि n क्रमागत संख्याओं का औसत m है,तो सबसे छोटी और सबसे बड़ी संख्या के बीच का अंतर= 2(n-1)

औसत के महत्वपूर्ण स्मरणीय सूत्र -

1. यदि n क्रमागत सम या विषम संख्याओं का औसत x हो

सबसे छोटी सम या विषम संख्या = x - (n-1)

तथा सबसे बड़ी सम या विषम संख्या = x + (n-1)

2. किसी संख्या x के लगातार n गुणजों का औसत = $x\frac{n+1}{2}$

3. n1 तथा n2 राशियों का औसत क्रमशः x1 तथा x2 हो, तो

(n1+n2) राशियों का औसत = $\frac{(n1\ x1 + n2\ x2)}{(n1 + n2)2}$

4. n मात्राओं का औसत x के बराबर है, जब एक मात्रा हटा या जोड़ दी जाती है, तो औसत y हो जाता है.

हटाई गई मात्रा का मान = n(x - y) + y

जोड़ी गई नही मात्रा का मान = n(y - x) + y

Note:- 1 से 100 तक अभाज्य संख्या = 25

सबसे छोटी सम अभाज्य संख्या = 2

⇒औसत ज्ञात करने के लिए दिए गए आँकड़ों को दो वर्गों में बाँट सकते हैं !

I. अव्यवस्थित संख्याओं का औसत :- जैसे क्रमागत अभाज्य संख्या का औसत ज्ञात करने के लिए राशियों को जोड़कर , राशियों की संख्या का भाग देना पड़ेगा !

II. व्यवस्थित संख्याओं के लिए औसत :- यदि औसत के लिए दिए गए संख्याओं में अन्तर समान हो तो अर्थात समान्तर श्रेणी की संख्याएँ हो तो उनका औसत ज्ञात करने के दो अन्य तरीके -

a) दी गई संख्याओं के लिए औसत उनके संख्या विस्तार के बीच में पाया जायेगा अर्थात मध्य वाली संख्या औसत होगी ! क्योंकि औसत का एक दूसरा नाम मध्यमान होता है ! - माध्य , समान्तर माध्य

b) यदि दी गई संख्याओं की श्रेणी लम्बी हो तो उसमें से बीच वाली संख्या मालूम करना कठिन होगा इसलिए औसत= $\frac{\text{प्रथम+अन्तिम}}{2}$ से भी ज्ञात कर सकते हैं !

Q.1 50 और 100 के बीच आने वाली सभी 7 से भाजित संख्या का औसत

56 63 70 77 84 91 98

औसत 77 $\frac{56+98}{2} = \frac{154}{2} = 77$

Q.2 3 9 15 21 27

औसत = 15 $\frac{3+27}{2} = 15$

Q.3 7 के प्रथम चार गुणांकों का औसत

7 21 35 49

$\frac{56}{2} = 28$

Note :- 1 से n तक वर्ग संख्याओं का योग सूत्र

$= \frac{n(n+1)(2n+1)}{6}$

Note :- 1 से n तक संख्या का योग

$= \frac{n(n+1)}{2}$

Note:- 1 से 50 तक अभाज्य संख्या = 2 , 3 , 5 , 7 , 11 , 13 , 17 , 19 , 23 , 29 , 31 , 37 , 41, 43 , 47 = 15 होती है !

Q.4 प्रथम पाँच अभाज्य संख्याओं का औसत कितना होता है !

भाजकता के नियम के आधार पर :-

- अभाज्य संख्या-2 , 3 , 5 ,7 , 11 , 13
- भाज्य संख्या - 4 , 6 , 8 , 9 , 10 , 12 -
- मूल संख्या - 1 इसका भाग सभी पूर्ण संख्या में चला जाता है !

$\frac{2+3+5+7+11}{5} = \frac{28}{5} = 5.6$

Q.5 चार लगातार विषम संख्याओं का औसत 22 है तो वह कौनसी संख्याएँ है !

22

छोटी 19 21 औसत 23 25 बड़ी

Q.6 5 लगातार सम संख्याओं का औसत 34 है तो वह संख्याएँ क्या होगी !

34

छोटी 30 32 औसत 36 38 बड़ी

Q.7 1 से 100 तक की सम संख्याओं का औसत क्या होगा ?

$\frac{2+100}{2} = 51$

Q.8 1 से 100 के बीच पाई जाने वाली सम संख्या का औसत क्या होगा ?

$= \frac{2+98}{2} = 50$ Ans

Q.9 किन्ही 7 लगातार विषम संख्याओं में से दूसरी सबसे बड़ी संख्या 47 है तो औसत बताओ!

37 39 41 43 45 47 49

औसत

Q.10 80 km यात्रा में पहले 60 km एक यात्री रेलगाड़ी 40 km/h की चाल से जाता है तथा शेष यात्रा 20 km/h की चाल से सम्पूर्ण यात्रा में उसकी औसत चाल-

(a) 30 (b) 32

(c) 36 (d) 40

Ans.(b)

हल:-

60 km की मात्रा रेलगाड़ी से 40 km/h की चाल से तय करने में लगा समय $= \frac{60}{40} = 1\frac{1}{2}$ घण्टे शेष 20 km की मात्रा 20 km/h की चाल से तय करने में लगा समय $= \frac{20}{20} = 1$ घण्टा।

औसत चाल $= \frac{\text{दूरी}}{\text{समय}} = \frac{80}{2.5} = 32 km/h.$

Some trick , formula

स्ट्राइक रेट $= \frac{\text{रन}}{\text{खेली गई गेंदे}} \times 100$

खेली गई गेंदे $= \frac{\text{रन}}{\text{स्ट्राइक रेट}} \times 100$

बल्लेबाजी औसत $= \frac{\text{कुल रन}}{\text{कितनी बार आउट हुए}}$

गेंदबाजी औसत $= \frac{\text{कुल रन}}{\text{कितने विकेट लिए}}$

Q.11 एक बल्लेबाज ने 12 मैचों की 18 पारियों में 720 रन बनाये और 6 बार आउट हुआ ! बल्लेबाजी औसत क्या होगा !

बल्लेबाजी औसत $= \frac{\text{कुल रन}}{\text{कुल आउट}} = \frac{720}{6}$

$= 120$ रन

Note :- बल्लेबाजी औसत ज्ञात करने के लिए बनाये गये कुल रनों में बल्लेबाज कितनी बार आउट हुआ उसका भाग देना पड़ता है !

Q.12 एक गेंदबाज 24 मैचों की 36 पारियों में 120 over फेंकते हुए 900 रन दिए और 30 विकेट लिए तो गेंदबाजी औसत ज्ञात करो !

गेंदबाजी औसत $= \frac{\text{रन}}{\text{विकेट}} = \frac{900}{30} = 30$

Note :- किसी गेंदबाज द्वारा दिए गए रनों की संख्या में लिए गए विकटों की संख्या का भाग देने पर गेंदबाजी औसत प्राप्त होता है !

Q.13 एक गेंदबाज का गेंदबाजी औसत 12 रन । विकेट । और उसके द्वारा कुल 40 विकेट लिए गए तो उसके द्वारा दिए गए रनों की संख्या क्या है !

Ans $12 \times 40 = 480$ रन

गेंदबाजी औसत को विकटों से गुणा करने पर रनों की संख्या का योग प्राप्त होगा !

Q.14 एक क्रिकेट खिलाड़ी ने जिसका गेंद फेंकने का औसत 24.85 रन प्रति विकेट था, एक मैच में 52 रन देकर 5 विकेट गवाए , उसके बाद उसका औसत 0.85 रन हो गया तब अन्तिम मैच खेलने तक उसके द्वारा गिराए गए विकेटों की संख्या क्या थी ?

Solution :-

विकेट x

$x \times 24.85 + 52 = (x+5) \times 24$

$24.85x + 52 = 24x + 120$

$0.85x = 68$

$x = \frac{6800}{85}$

$= 80$

खेलने से पहले $x = 80$

खेलने के बाद $x + 5 = 85$

Q.15 एक व्यक्ति अपनी यात्रा का आधा भाग 6 km./Hr की चाल से तय करता है तथा शेष आधा 3 km./Hr की चाल से तय करता है उसकी औसत चाल है?

Ans. $\frac{2xy}{x+y} = \frac{2X\,6\,X\,3}{6+3} = 4$

Q.16 तीन संख्याओं का औसत 7 है तथा पहली दो संख्याओं का औसत 4 है तीसरी संख्या क्या है ?

Ans. 3 संख्याओं का योग = 7 X 3 = 21

पहली 2 संख्याओं का योग = 4 X 2 = 8

तीसरी संख्या = 21 – 8 = 13 Ans.

Q.17 दो संख्याओं A तथा B का औसत 20, B तथा C का औसत 19 और C तथा A का औसत 21 है A का मान कितना है ?

Ans . (A + B) = (20 X 2) = 40

(B + C) = (19 X 2) = 38 तथा

(C + A) = (21 X 2) = 42

जोड़ने पर :

2 (A + B+ C) = 60

∴ A = (A + B + C) – (B + C)

= (60 – 38) = 22 Ans.

अध्याय – 6

अनुपात-समानुपात (Ratio and Propartion)

(1) मिश्रित अनुपात :- दो या दो से अधिक अनुपातों के प्रथम पदों का गुणनफल और द्वितीय पदों के गुणनफल में जो अनुपात होगा ,उसे मिश्रित अनुपात कहते है !

जैसे – 2 : 3 ,1 : 4 ,3 :2

(2x1x3) : (3x4x2)

6 : 24

1 : 4

(2) वर्गानुपात :- किसी अनुपात के प्रत्येक पदों के वर्गों से बना अनुपात वर्गानुपात होता है !जैसे –

$a : b = a^2 : b^2$

4 : 5 = 16 : 25

(3) आधारनुपात – किसी अनुपात के प्रत्येक वर्गमुलों में जो अनुपात होता है उसे आधारनुपात कहते है जैसे –

64 : 121 a : b

8 : 11 $\sqrt{a} : \sqrt{b}$

(4) तिहरा अनुपात = किसी अनुपात के प्रत्येक पदों के घनों से बना अनुपात तिहरा अनुपात कहलाता है ! जैसे 2 : 3 = a : b

8 : 27 $= a^3 : b^3$

तिहाई अनुपात :- किसी अनुपात के प्रत्येक पदों के घनमुलो से बना अनुपात तिहाई अनुपात है ! जैसे

64 : 125 a : b

4 : 5 $\sqrt[3]{a} : \sqrt[3]{b}$

समानुपात :- यदि दो अनुपात परस्पर हो तो उनके चारों पद समानुपाती कहलाते है जैसे –

a : b : : c :d

$\frac{a}{b} = \frac{c}{d}$

समानुपात की शर्त –

मध्य पदों का गुणनफल = बाह्य पदों का गुणनफल

bc = ad

नियमित अनुपात (Regular Ratio):-

a : b =2 : 3 b : c = 4 : 5

a : b : c = ?

a : b : c

2 : 3

4 : 5

8 : 12 : 15

2 Method

a : b : c

2 : 3 : 3

4 : 4 : 5

8 : 12 : 15

अनियमित अनुपात (Irregular Ratio):-

a : c = 2 : 3 b : c = 4 : 5

a : b : c =?

a : b : c

2x5 : 4x 3 : 5x 3

10 : 12 : 15

समान चीजों का अनुपात हमेशा बराबर होता है !

a : b =2 : 3 a : b : c =?

b : c = 3 : 4

a : b : c =2 : 3 : 4

a : b = 2 : 3

b : c = 1 : 4

a : b : c =2 : 3 : 12

a : b = 2 : 3 a : b : c : d = ?

b : c = 1 : 4

c : d = 5 : 2

a : b : c : d =10 : 15 : 60 :24

Type – 1 साधारण प्रश्न

(1) यदि a : b =2 : 3 और b : c =4 :5 तो a : b : c ज्ञात करे

a : b = 2 : 3

b : c = 4 : 5

a : b : c =8 : 12 : 15

(2) यदि a : b = 2 : 3 ,b : c = 4 : 1 तथा c : d = 2 : 5 तो a : b : c : d ज्ञात करो !

a : b =2 : 3

b : c = 4 : 1

c : d = 2 : 5

a : b : c : d =16 :24 : 6 :15

(3) A और B का अनुपात 2 :3 है तथा B और C का अनुपात 4 : 5 है ! तो $A^2 : B^2$: AC का मान क्या होगा ?

A : B = 2 : 3

B : C = 4 : 5

A : B : C =8 : 12 : 15

$A^2 : B^2$:AC

64 : 144 : 120

8 : 18 : 15

(4) यदि a :b = 2 : 5 , b : c = 4 : 3

तथा c : d = 2 : 5 तो a : d ज्ञात करे !

$\frac{a}{b} x \frac{b}{c} x \frac{c}{d} = \frac{2}{5} x \frac{4}{3} x \frac{2}{5}$

$\frac{a}{d} = \frac{16}{75}$

Type – 2 संख्याओं पर आधारित प्रश्न

(1) तीन संख्याओं का योग 116 है ! दूसरी संख्या और तीसरी संख्या 9 : 16 के अनुपात में है ,जबकि पहली संख्या और तीसरी संख्या 1 : 4 के अनुपात में है ! दूसरी संख्या ज्ञात करे ?

b : c =9 : 16 → 29 =116

a : c =1 x 4 : 4 x 4 → 1 = 4

a : b : c =4 : 9 : 16 → 9 = 9x 4

36 → = 36

(2) दो संख्याओं के योग ,अंतर तथा गुणनफल के अनुपात क्रमशः 11 : 1 : 90 है !इन संख्याओं के वर्गों का योग ज्ञात करे ?

a + b : a – b : axb a + b = 11k

11k : 1k : 90k a – b = k

axb = 90k 2a =12k

6kx 5k = 90k a = 6k

$30k^2$ = 90 k b = 5k

k = 3 a = 6x 3 =18

b = 5x3 = 15

$a^2 + b^2$ = ?

$18^2 + 15^2$ = 549

2 Method

6k + 5k : 6k – 5k : 30k

a+b : a – b : ax b x3

11 : 1 : 90

a = 18 $a^2 + b^2$

b = 15 $18^2 + 15^2 = 549$

(3) दो संख्याओं जिनका अंतर ,योग तथा गुणनफल क्रमशः 1 : 7 : 24 है ! संख्याओं का गुणनफल ज्ञात करे !

a – b : a + b : ax b a – b = 1k

1k : 7k : 24k a + b = 7k

a =4k =8

b = 3k =6

38 -5 =28

33 ≠ 28

ये विकल्प गलत हैं

विकल्प (b), 30 + 5 ÷4 -10 x 5 =22

चिन्ह बदलने पर , 30 - 5 x 4 +10 ÷ 5 =22

30 - 5 x 4 +2 =22

30 -20 +2 =22

32 - 20 =22

12 ≠22 यह विकल्प भी सत्य नहीं हैं

विकल्प (c), 30 - 5 +4 ÷10 x 5 =62

चिन्ह बदलने पर , 30 + 5 -4 x 10 ÷5 =62

30 +5 -4 x 2 =62

30 +5 -8 =62

35 - 8 =62

27 ≠ 62

यह विकल्प भी सत्य नहीं हैं

विकल्प (d), 30 x 5 -4 ÷10 + 5 = 41

चिन्ह बदलने पर , 30 ÷ 5 + 4 x 10 -5 =41

6 + 40 - 5 = 41

46 -5 =41

41 = 41

यह विकल्प सत्य है

चिन्ह प्रयोग से अंको का वास्तविक मान ज्ञात करना :-

इस प्रकार के प्रश्नों में अंको का मान अन्य अंको के रूप में दिया गया होता है दिए गए अंक किस पेटर्न पर आधारित है ये समझकर पूछे गए अंक का मान ज्ञात करना होता है जैसे :-

Ex- यदि 2 = 4 , 8 = 16 तथा 10 = 20 हो तो ,15 = ?

(a)20 (b) 25 (c) 30 (d)40

Ans: ऊपर दिए गए अंको को देख के हम बता सकते हैं की यहाँ अंक खुद के दुगने हो रहे हैं

2 x 2 = 4

8 x 2 = 16

10 x 2 = 20

इसी तरह पूछा गया अंक भी दुगना होगा

15 x 2 = 30 = विकल्प (c) सत्य है

चिन्ह प्रतिस्थापन से समीकरण को सन्तुलित करना :
इस प्रकार के प्रश्नों में विकल्पों में दिए गए गणितीय चिन्हों का प्रयोग करके दिए गए समीकरण में रिक्त चिन्हों के स्थानों की पूर्ति करनी होती है जिससे समीकरण सन्तुलित हो जाए जैसे :

EX- दी गयी समीकरण को सन्तुलित करने तथा * चिन्हों को प्रतिस्थापित करने के लिए गणितीय चिन्हों का सही क्रम समूह चुनिए

40 *2 *4 *3 *8

(a)+ - ÷= (b)÷+-=

(c) +÷x= (d)इनमे से कोई नहीं

Ans:(d)दिए गए गणितीय चिन्हों का कोई भी समूह समीकरण को सन्तुलित नहीं करता।

<u>चिन्ह परिवर्तन से समीकरण सन्तुलित करना:</u>

ऐसे प्रश्नों में दिए गए समीकरण में दो चिन्हों को परस्पर बदलकर समीकरण को सन्तुलित करना होता है

Ex- निम्नलिखित में से कौनसा चिन्ह परस्पर बदलने से निम्नलिखित समीकरण सही बनेगी ?

5 + 3 x 8 – 12 ÷4 =3

(a) + और ÷ (b) + और –

(c) – और ÷ (d) + और x

ans.(c) 5+3 x 8 -12 ÷4 =3

<u>EXERCISE</u>

1. '+' का अर्थ गुणा है, ' x भाग के लिए है, ' – जोड़ के लिए है और ÷ घटाव के लिए है, निम्नलिखित समीकरण का क्या अर्थ होगा ?

20 – 8 × 4 ÷ 3 + 2 =?

(a) 41 (b) 19 (c) 16 (d) 18

Ans: (c) 20 – 8 × 4 ÷ 3 + 2 =?

प्रश्नानुसार चिन्ह बदलने पर ,

20 + 8 ÷ 4 - 3 x 2 =?

20 +2 -6 = 22 -6 =16

2. यदि + का अर्थ – हो , - का अर्थ =हो , = का अर्थ + हो , ÷ का अर्थ > हो और x का अर्थ <हो तो निम्नलिखित समस्या को केसे हल करेंगे ?

8 +4 - ?

(a) 4 (b) 32 (c) 12 (d) 2

Ans:(a) प्रश्नानुसार , चिन्ह बदलने पर

8 -4 = ?

? = 4

3. * चिह्नों को बदलने और दिए गए समीकरण को संतुलित करने के लिए गणितीय चिह्नों के सही संयोजन का चयन करें

15 * 24 * 3 * 6 * 17

(a) – ÷ + =
(b) + ÷ – =
(c) + x = ÷
(d) – x = +

ans:(b) विकल्प (a) से
15 –24 ÷3 +6 =17
15 – 8 +6 =17
7 + 6 = 17
13 ≠ 17
विकल्प (b) से
15 +24 ÷3 –6 =17
15 + 8 -6 =17
23 – 6 =17
17 = 17
विकल्प (b) सही है

4. यदि + के लिए x हो – के लिए ÷ हो , x के लिए के लिए – हो और और ÷ के लिए + हो तो निम्नलिखित समीकरण का मान ज्ञात कीजिए

26 + 74 – 4 x 5 ÷2 =?

(a) 220 (b) 376 (c) 478 (d) 488

Ans:(c) प्रश्नानुसार चिन्ह बदलने पर ,

26 x 74 ÷ 4 - 5 +2 =?
13 x 2 x 2 x 37 ÷4 – 5 + 2 = ?
13 x 37 – 5 +2 =?
481 – 5 +2 = 483 – 5 = 478

5. * चिह्नों को बदलने और दिए गए समीकरण को संतुलित करने के लिए गणितीय चिह्नों के सही संयोजन का चयन करें

12 * 3 * 4 * 8 * 0

(a) ÷ + - =
(b) + ÷ − =
(c) + × = ÷
(d) − × = +

Ans:(a) **विकल्प (a) से**

12 ÷3 +4 - 8 =0
4 +4 − 8 = 0
8 − 8 =0

विकल्प (a) सत्य है

6. निम्नलिखित में से कौन-सा चिह्न या अंक आपस में बदलने से दिए गए समीकरण को सही कर देंगे ?
(12 ÷ 6) + 3 × 7 = 42
(a) + And ×
(b) 6 And 7
(c) ÷ And +
(d) 12 And 3

Ans(c) विकल्प (a) से

(12 ÷ 6) x 3 +7 = 42
2 x 3 + 7 = 42
6 + 7 = 42
13 ≠42

विकल्प (a) सत्य नही है

विकल्प (b) से

(12 ÷ 7) x 3 +6 = 42
12 ÷7 x 3 +6 =42
1.7 x 3 +6 =42
5.1 +6 =42
11.1 ≠ 42

विकल्प (b) सत्य नही है
विकल्प (c) से ,

(12 + 6) ÷ 3 × 7 = 42

18 ÷ 3 × 7 = 42

6 x 7 = 42

42 =42 विकल्प (c) सत्य है

7. निम्नलिखित समीकरण गणितीय रूप से सही हो जाता है जब आप प्रश्न में दर्शाए गए संकेत या संख्याओं को आपस में बदलते हैं। सही विकल्प खोजें। दिया गया समीकरण-
(16 − 4) × 6 ÷ 2 + 8 = 30

(a) 4 And 2
(b) ÷ And −
(c) 16 And 6
(d) − And +

Ans(b) विकल्प (a) से ,
(16 − 4) × 6 ÷ 2 + 8 = 30

(16 − 2) x 6 ÷4 + 8 =30
14 x 6 ÷4 + 8 =30
7 x 2 x 2 x 3 ÷4 + 8 =30
7 x 3 + 8 =30
21 + 8 = 30
29 ≠30

विकल्प (a) सत्य नही है
विकल्प (b) से ,

(16 ÷4) x 6 -2 + 8 =30
4 x 6 -2 + 8 = 30
24 -2 + 8 = 30
22 + 8 = 30
30 =30

विकल्प (b) सत्य है

8. इस प्रश्न में, कुछ समीकरणों को एक निश्चित प्रणाली के आधार पर हल किया जाता है। उसी आधार पर अनसुलझे समीकरण के चार विकल्पों में से सही उत्तर का पता लगाएं।
4 × 5 = 42,

5 × 6 = 56,

6 × 7 = 72,

7 × 8 = ?

(a) 84 (b) 90 (c) 92 (d) 102
Ans:(b) 4 x 5 = 42
7 x 6 = 42
यहाँ जो पेटर्न बन रहा है उसमे पहले अंक में 3 और दुसरे अंक में 1 जोड़ा जा रहा है
5 x 6 = 56
8 x 7 = 56
6 x 7 = 72
9 x 8 =72
इसी प्रकार , 7 x 8 =?
10 x 9 = 90

9. निम्नलिखित समीकरणों में से कौन-सा सही है ?
(a) 12 ÷2 + 4 x 3 =6
(b) 12 x 3 + 4 ÷ 2 =42
(b) 12 ÷3 + 4 x 2 =12
(b) 12 x 4 ÷2+ 3 =25
Ans:(c) विकल्प (a)से, 12 ÷2 + 4 x 3 =6
6 + 12 =6
18 ≠ 6
विकल्प (a) सही नहीं है
विकल्प (b) से ,
12 x 3 + 4 ÷ 2 =42
36 +2 =42
38 ≠42
विकल्प (b) सही नहीं है
विकल्प (c) से ,
12 ÷3 + 4 x 2 =12
4 + 8 =12
12 = 12
विकल्प (c) सत्य है

10. यदि 1 =1 , 2=4 ,3 =9 हो तो 5 =?
(a) 20 (b) 22 (c) 28 (d) 30
Ans:(a) 1 x 1 = 1
2 x 2 =4
3 x 3 = 9
5 x 4 = 20

11. यदि 1 =2 ,2=6 ,3=12 हो ,तो 4 =?
(a) 20 (b) 22 (c) 28 (d) 30
ans(a)

12. यदि
7-4 -1 =714 , 9-2-3 =932 ,8 -0 -4 =?
a) 804 (b) 840 (c) 408 (d) 480
ans (b)

13. 3 x 3 =18 ,4 x 4 =32 , 7 x 7 = 98 , 6 x 6 =?
(a) 12 (b) 36 (c) 46 (d) 72
ans(d)

14. यदि 4 = 7 ,6=9 ,8 =11 हो ,तो 10 =?
(a) 13 (b) 16 (c) 18 (d) 20
ans(a)

15. यदि L =+ , M = - ,N =x ,P =÷ हो तो
5 N 5 P 5 L 5 M 5 = ?
(a) 0 (b) 5 (c) 10 (d) 15
ans (b)

16. यदि a का अर्थ ÷, b का अर्थ +, c का अर्थ – और d का अर्थ x हो तो
24 a 6 d 4 b 9 c 8 =?
(a) 2 (b) 17 (c) 34 (d) 19
ans (b)

17. यदि x का अर्थ भाग देना ,- का अर्थ गुणा करना , ÷ का अर्थ जोड़ना और + का अर्थ घटाना तो (3-15 ÷11)x 8 + 6 =?
(a) 0 (b) 1 (c) 4 (d) 8
ans .(b)

18. 4 x 6 x 2 = 351 , 3 x 9 x 8 = 287 , 9 x 5 x 6 = ?
(a) 270 (b) 845 (c) 596 (d) 659
ans (b)

19. 4*6 =72 ,81 *5 =225 ,9 *?=147
(a) 7 (b) 8 (c) 29 (d) 43
Ans.(a) जिस प्रकार , 4 *6 = 2^2 x 6^2 = 2 x 36 =72
और 81 * 5 = 9^2 x 5^2 =9 x 25 =225
उसी प्रकार , 9 * ? =147
3^2 x $?^2$ =147
3 x $?^2$ = 147
$?^2$ = 147 ÷3 =49
? = 7

20. यदि – जोड़ने , + घटाने ,x भाग करने और ÷ का गुणा करने के लिए प्रयोग किया जाता है तो

7-10 x 5 ÷6 + 4 =?

(a) 3 (b) 12 (c) 15 (d) 9

Ans (c) 7-10 x 5 ÷6 + 4 =?

प्रश्नानुसार चिन्ह बदलने पर ,

7 + 10 ÷5 x 6 -4 =?

7 +2 x 6 -4 = 7 +12 -4 = 19 – 4 =15

अध्याय-4

वर्गीकरण

classification

किसी शब्द /संख्या /शब्द समूह को उनके गुण, धर्म, आकार, प्रकार, रंग, रूप, लक्षण और अन्य गुणों के आधार पर किसी समूह में वर्गीकृत करने की प्रकिया को वर्गीकरण कहते हैं।

इस अध्याय से परीक्षा में जो प्रश्न पूछे जाते हैं उसमें चार विकल्प दिए होते हैं। तीन किसी न किसी आधार पर एक समान होते हैं और एक भिन्न होता है वहीं हमें पहचानना होता है इस प्रकार के प्रश्नों को हल करने के लिए आपके पास शब्दों का ज्ञान और सामान्य ज्ञान होना आवश्यक है।

Type of classification :-इनको तीन भागों में विभाजित किया जा सकता है।

1. **Word classification(शब्द वर्गीकरण)**

Ex- भिन्न शब्द का चयन करें।

(a) वर्ग
(b) वृत्त
(c) चतुर्भुज
(d) आयत

ans: वृत्त को छोड़कर सभी आकृति रेखा से मिलकर बनती हैं इसलिए वृत्त यहाँ बाकी तीन से अलग है विकल्प (c) इसका उत्तर है

2. **NumberClassification(संख्या वर्गीकरण) :**

Ex- भिन्न अंक का चयन करो।

(a) 27
(b) 35
(c) 18
(d) 9

Ans: 35 को छोड़कर सभी 9 के गुणज है इसलिए विकल्प (b) भिन्न है

3. **Letter classification(अक्षर वर्गीकरण):** इस प्रकार प्रश्नों को हल करने के लिए अंग्रेजी अक्षरों और उनकी स्थिती का ज्ञान होना चाहिए।

Ex- भिन्न अक्षर का चयन करो ।

(a) H
(b) Q
(c) T
(d) Z

Ans: H – 8 , Q = 17 , T =20 , Z = 26

Q को छोड़कर सभी Letter सम संख्या है इसलिए विकल्प (b) भिन्न है ।

EXERCISE

4. Word classification(शब्द वर्गीकरण)

1. भिन्न शब्द का चयन कीजिए ।

(a)सेब (b) अंगूर (c) केला (d) आलू

2. भिन्न शब्द का चयन कीजिए ।

(a)कुत्ता (b) गाय (c) बकरी (d) भेस

3. भिन्न शब्द का चयन कीजिए ।

(a)मिर्च (b) जीरा (c) धनिया (d) पालक

4. भिन्न शब्द का चयन कीजिए ।

(a)टी वी (b)साईकिल

(c)फ़्रिज (d)वाशिंग मशीन

5. भिन्न शब्द का चयन कीजिए ।

(a)कार (b) बस (c) स्कूटर (d) जीप

6. भिन्न शब्द का चयन कीजिए ।

(a)कोहिमा (b)ईटानगर (c)शिलांग (d)मिजोरम

7. भिन्न शब्द का चयन कीजिए ।

(a)कलम (b) कागज (c) पेन्सिल (d) किताब

8. भिन्न शब्द का चयन कीजिए ।

(a) लोहा (b)चाँदी (c)सोना (d)पीतल

9. भिन्न शब्द का चयन कीजिए ।

(a)कुरान (b)गीता (c)पंचशील (d)बाइबिल

10. भिन्न शब्द का चयन कीजिए

(a) पेड़ (b)जड़ (c)तना (d)पत्ती

Answers

1. (d) आलू को छोड़ कर बाकी सभी फल हैं ।
2. (a) कुत्ते को छोड़कर सभी शाकाहारी हैं केवल घास खाते हैं लेकिन कुत्ता मास और शाक-सब्जी दोनों खाते हैं ।
3. (d) पालक को छोड़ कर सभी मसाले हैं ।
4. (b) साईकिल को छोड़ कर वाकी सभी घरेलू इलेक्ट्रोनिक सामान हैं ।
5. (c) स्कूटर को छोड़कर अन्य चार पहिये वाले वाहन हैं ।
6. (d)मिज़ोरम को छोड़कर बाकी सभी किसी न किसी देश की राजधानी हैं जबकि मिज़ोरम एक राज्य हैं ।
7. (d) किताब को छोड़कर अन्य सभी लेखन कार्य हेतु प्रयुक्त होते हैं ।
8. (d) पीतल को छोड़कर अन्य सभी धातु तत्व हैं ।
9. (c) पंचशील के अतिरिक्त अन्य सभी विभिन्न धर्मो के पवित्र ग्रन्थ हैं ।
10. (a)जड ,तना ,त्तथा पत्ती से मिलकर पेड़ का निर्माण होता है इसलिए पेड़ यहाँ भिन्न है ।

Number Classification(संख्या वर्गीकरण) :

- भिन्न संख्या को चुनिए

1. (a) 11 (b) 13 (c) 15 (d)17
2. (a) 123 (b) 456 (c)789 (d)876
3. (a) 24 (b) 56 (c) 84 (d)94
4. (a) 8 (b) 32 (c) 64 (d) 216
5. (a)121 (b)232 (c) 344 (d)567
6. (a)6023 (b)7202 (c)4025 (d)5061
7. (a)1234 (b)2345 (c)3456 (d)5678
8. (a)2-6 (b)3-9 (c)14-16 (d)5-15
9. (a)23 (b)51 (c)63 (d)15
10. (a)122 (b)133 (c)144 (d)155

Answers

1.(c) संख्या 15 को छोड़कर अन्य सभी अभाज्य संख्याएँ हैं।
2.(d) संख्या 876 को छोड़कर अन्य सभी संख्याओ के अंक बढते क्रम में हैं।
3.(d) 94 के अतिरिक्त अन्य सभी संख्याएँ 4 से विभाज्य हैं।
4.(b) संख्या 32 को छोड़कर अन्य सभी घन संख्याए हैं।
5.(d) संख्या 567 को छोड़कर अन्य सभी संख्याओ में दो अंक समान हैं।
6.(d) संख्या 5061 के अतिरिक्त अन्य सभी में अंको का योग 11 हैं।
6023 = 6+0 +2+3 =11
7202 = 7 + 2 + 0 + 2 = 11
4025 = 4 + 0 + 2 + 5 = 11
5061 = 5 + 0 +6 + 1 = 12
7.(b) संख्या 2345 को छोड़कर अन्य सभी संख्याए सम संख्याए हैं।
8.(c) 4-16 को छोड़कर अन्य सभी संख्या -युग्मो में दूसरी संख्या , पहली संख्या से तीन गुनी हैं।
9.(a) अंक 23 सबसे अलग हैं क्योंकि यह अभाज्य संख्या हैं।
10.(b) संख्या 133 को छोड़कर अन्य सभी संख्याएँ, भाज्य संख्याएँ हैं।

Letter classification(अक्षर वर्गीकरण)

- भिन्न अक्षर को चुनिए

1. (a) A (b) O (c) R (d) S

2. (a) ABC (b) DFH (c) JLN (d) PRT

3.(a) AZ (b) BY (c) CX (d) DY

4.(a)ABDE (b)FGIJ (c)KLOP (d) QRTU

5.(a)DEB (b) JAD (c)MYN (d)HUR

6.(a) M-O (b) P-R (c)A-C (d)E-F

7.(a) A (b) O (c) I (d) S

8.(a)AbcD (b)EfgH (c)IJKL (d)MnoP

9.(a)AJN (b)EPT (c)OQU (d)ITV

10.(a)LO (b)EV (c)PT (d)NM

Answers

1.(a) A को छोड़कर अन्य सभी अक्षर या तो वक्र रेखा से बने हैं या वक्र व सरल रेखाओ से मिलकर बने हैं।

2.(a) ABC अक्षर -समूह को छोड़ कर अन्य सभी अक्षर-समूहों में पहले और दुसरे तथा दुसरे और तीसरे स्थान के अक्षरों के बीच में एक अक्षर का अंतर हैं।

3.(d) DV अक्षर-समूह को छोड़कर अन्य सभी अक्षर-समूहों में दोनों अक्षरो की संगत संख्याओं का योग 27 हैं अर्थात् वे एक-दुसरे के विपरीत अक्षर हैं।

AZ =1 +26 =27

BY = 2+25 = 27

CX = 3+24 =27

DV = 4 + 22 = 26

4.(c) KLOP अक्षर-समूह को छोड़कर अन्य सभी अक्षर-समूहों में दुसरे और तीसरे स्थान के अक्षरों के बीच में एक अक्षर का अंतर हैं।

5.(c) MYN को छोड़कर अन्य सभी में एक स्वर हैं, जबकि MYN में एक भी स्वर नहीं हैं।

6.(d) विकल्प (d) को छोड़कर अन्य सभी में, दुसरा अक्षर ,पहले अक्षर में 2 जोड़ने पर प्राप्त हो जाता हैं।

7.(d) विकल्प (d) को छोड़कर अन्य स्वर हैं।

8.(c) IJKL अक्षर -समूह को छोड़कर अन्य सभी अक्षर- समूहों में दो बड़े तथा दो छोटे अक्षर हैं।

9.(d) ITV को छोड़कर अन्य सभी अंतिम दो अक्षरों के बीच में तीन अक्षरों का अंतर हैं।

10.(c) PT को छोड़ कर अन्य सभी विपरीत अक्षर-समूह हैं।

अध्याय-5

JUMBLING

प्रश्नों के प्रकार

1. प्राकृतिक क्रम
इस प्रकार की परीक्षण क्रम में छोटे से बड़ा (आरोही) या बड़े से छोटे आगे से (अवरोही) क्रम में लगाना होता है या प्रश्न में दिए गए सभी शब्दों को उनकी प्रारम्भिक उत्पति से तिम उत्पाद की ओर क्रमशः व्यवस्थित करते हैं तथा क्रम में लगाने के पश्चात् दूसरे, तीसरे, चौथे या प्रथम स्थान पर कौन है यह पूछा जाता है।

उदा. निम्न चार विकल्पों में से कौन-सा विकल्प नीचे दिए गए शब्दों का सार्थक क्रम दर्शाएगा?
1. अक्षर 2. मुहावरा
3. शब्द 4. वाक्य
(A) 1,3,4,2 (B) 1,3,2,4
(c)2,3,1,4 (D) 4,3,1,2

हल-(B)अक्षरों से मिलकर शब्द बनते हैं, शब्दों से मिलकर मुहावरा बनता है जिसका प्रयोग वाक्यों में होता है।

उदा. नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प नीचे दिए हुए शब्दों का सार्थक क्रम दर्शाता है?
1. में जर जनरल 2. लेफ्टिनेट जनरल
3. कर्नल 4. फील्ड मार्शल
5. बिर्गेडियर 6. जनरल

(A) 3,5,4,1,2,6 (B) 6,5,4,1,3,2
(C) 4,6,2,1,5,3 (D) 4, 3,6,5,2,1

हल-(C) ये आर्मी की रैंक हैं इनकी उच्च रैंक से निम्न रैंक में व्यवस्थित किया जा सकता है। इनकी रैंकों का बढ़ता क्रम कर्नल, बिरगेडियर, मजेर जनरल, लेफ्टिनेंट जनरल, जनरल व फील्ड ,मार्शल है। अतः प्रश्न में इनकी रैंकों के घटते क्रम में किया है।
4<6<2<1<5<3.

2. अंग्रेज़ी शब्दकोश क्रम
सभी शब्दों के प्रथम अक्षरों की तुलना करते हैं। अंग्रेज़ी वर्णमाला में पहले आने वाले वर्ण से बना शब्द, शब्दकोशों में पहले और बाद में आने वाले वर्ण से बना शब्द, शब्दकोश में बाद में आता है।

3. यदि पहला वर्ण कुछ शब्दों में समान हो तो उनके दूसरे वर्णों की तुलना करते हैं। इसी प्रकार आगे के वर्णों की तुलना कर शब्दों का क्रम निर्धारित करते हैं।

उदा. दिए गए शब्दों में से कौन सा शब्द शब्दकोश में चौथा स्थान पर आयेगा
(A) Aback (B) Abacus
(C) Abash (D) Abandon

हल- पहला, दूसरा और तीसरा वर्ण चारों शब्दों में समान है, अतः चौथा वर्ण (C,C,S,N) की तुलना करने पर चौथे स्थान पर S अर्थात Abash विकल्प c आयेगा।

निर्देश निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोश के अनुसार व्यवस्थित करे।
(1) Grasp (2) Granite (3)Grass
(4) Graph (5) Grape

(A) 5, 1,2, 3, 4 (B) 5, 1, 3, 2, 4
(C)2, 5, 4, 1, 3 (D) 2,5,1,4,3

हल:- (C)2, 5, 4, 1, 3

2. 1. Trinity 2. Tool 3. Town 4. Twist 5. Type

(a) 2, 3,,1,4,5 (b) 3,1,4,2,5
(c) 2,3, 1,5,4 (d) 4, 3, 2, 1,5

हल:- (a) 2, 3,,1,4,5

N O P Q R S T U V W X Y Z अंग्रेज़ी वर्णमाला

निर्देश (प्र.सं. 3-7) निम्न को शब्दकोश क्रम में लिखे
3 1. Exitaxy 2. Episode
3. Epigene 4. Epitome
5. Epilogue

(A) 12345 (B) 35214
(C) 54213 (D) 32541

हल:- (B) 35214

4. 1. Flora 2. Fauna 3. Fiancé
4. Fervor 5. Freight 6. Flight
(A) 2,1,6,3,4,5 (B) 1,4,3,6,2,5
(C) 2,4,3,6,1,5 (D) 2,4,3,7,5,6

हल:- 1 2 3 4 5 6
Fl Fa Fi Fe Fr Fl
10 5 1 3 2 6 4 (ii)
(c) 2, 4, 3, 6, 1, 5

5. 1. Wound 2. Writer
3. Whiter 4. Worst 5. Worked
(A) 5,3,2,1,4 (B) 1,4,3,5,2
(C) 3,5,4,1,2 (D) 2,1,3,4,5

हल:- (C) 3,5,4,1,2

1	2	3	4	5
Woun	Wr	Wh	Wors	Work
4	5	3	2	1

6. 1. Eagle 2. Earth
3. Eager 4.Early 5.Each

(A) 2, 1, 4, 3, 5 (B) 1, 5, 2, 4, 3

(C) 2, 3, 5, 4, 1 (D) 5, 3, 1, 4, 2

हल:- 5, 3, 1, 4, 2

7. 1. Live 2. Litter
3. Little 4. Literary
5. Living

(a) d, c, e, ba (b) d, b, c, a, e
(c) c, d, b, a, e (d) c, b, d, e, a

हल:- live litte little lite livi
5 2 3 1 5

हल:-(b) 4, 2, 3, 1, 5

सार्थक अभ्यास क्रम
निर्देश (1-20) **निम्न विकल्पों में से कौन-सा विकल्प नीचे दिए हुये शब्दों का सार्थक क्रम दर्शाता है।**

1. 1. बिजली 2. बांध
3. दबाव 4. बचाना
5. मदद
(A) 4,2,1,3,5 (B) 4,2,5,3,1
(c) 4,2, 3, 1, 5 (D) 5, 2,4,1,3

2. 1. वर्षा 2. बाढ़
3. दबाव 4. बचाना
5. मदद
(A) 1,2,3,4,5 (B) 3,1,2,4,5
(C) 4,5,3,2,1 (D) 3,2,4,5,1

3. 1. वयस्क 2. बच्चा
3. शिशु 4. बालक
5. किशोर
(A) 1,3,4,5,2 (B) 3,2,4,5,1
(C) 2,3,5,4,1 (D) 2,3,4,1,5

4. 1. धागा 2. रुई
3. मिट्टी 4. कपड़ा
5. चिथड़े 6. पौधे
(A) 3,2,1,4,6,5 (B) 3,6,2,1,4,5
(C) 2,6,3,1,5,4 (D) 1,2,3,6,5,4

5. 1. सूत 2. उगना
3. रुई 4. खाद
5. कपड़े 6. बीज
(A) 4,2,6,3,1,5 (B) 2,6,4,1,3,5
(C) 4,1,6,3,5,2 (D) 6,2,4,3,1,5

6. 1. अध्ययन 2. पुस्तकें
3. परीक्षा 4. छात्र 5. परिणाम
(A) 4,2,3,1,5 (B) 4,2,1,3,5
(C) 2,1,4,3,5 (D) 2,3,1,4,5

7. 1. ईलाज 2. डॉक्टर
3. बीमारी 4. जांच
5. दवा
(A) 3,2,4,5,1 (B) 2,4,3,5,1

(C) 4,3,2,5,1 (D) 4,2,3,5,1

8. 1. पौधे 2. भोजन
3. बीज 4. पत्ती
5. फूल
(A) 1,3,4,5,5 (B) 3,2,4,5,1
(C) 3,1,4,5,2 (D) 5,4,3,2,1

9. 1. कागज 2. पुस्तकालय
3. लेखक 4. पुस्तक
5. कलम
(A) 2,4,3,5,1 (B) 3,2,1,5,4
(C) 3,5,1,4,5 (D) 5,1,3,4,2

10. 1. धातु 2. प्रक्रिया
3. अयस्क 4. शुद्ध करना
5. मिश्रधातु
(A) 1,3,2,4,5 (B) 3,2,4,1,5
(C) 1,3,4,2,5 (D) 1,5,2,3,4

11. 1. बीज 2. फल
3. पेड 4. तना
5. फूल
(A) 1,3,4,5,2 (B) 1,3,5,4,2
(C) 1,5,3,4,2 (D) 1,3,5,2,4

12. 1. शिशु 2. बच्चा
3. किशोर 4. प्रौढ़
5. युवा
(A) 5,4,2,3,1 (B) 1,2,4,3,5
(C) 2,3,5,4,1 (D) 1,2,3,5,4

13. 1. फल 2. जड़े
3. तना 4. पतिया
5. फूल 6. शाखाएँ
(A) 2,3,6,4,5,1 (B) 3,2,5,1,6,4
(C) 1,3,6,4,2,5 (D) 2,3,6,1,4,5

14. 1. पुस्तक 2. लुगदी
3. लकड़ी का लटठा 4. वन
5. कागज़
(A) 3,2,5,1,4 (B) 2,5,1,4,3
(C) 4,3,2,5,1 (D) 5,4,3,1,2

15. 1. कुर्सी 2. पेड़
3. लकड़ी 4. बीज
5. पौधा
(A) 1,3,2,4,5 (B) 4,5,3,2,1
(C) 1,2,3,4,5 (D) 4,5,2,3,1

16. 1. तना 2. फूल
3. जड़ 4. पत्तियाँ
5. फल
(A) 3,1,4,2,5 (B)3,1,5,2,4
(C) 5,2,1,4,3 (D) 4,3,1,5,2

17. 1. डॉक्टर 2. बुखार
3. नुस्खा लिखना 4. जांच
5. दवाई
(A) 2,1,3,4,5 (B) 1,4,3,2,5
(C) 2,1,4,3,5 (D) 2,4,3,5,1

18. 1. पेड़ 2. बीज
3. फूल 4. फल
5. पौधे
(A) 4,2,3,5,1 (B) 1,4,2,3,5
(C) 2,5,1,3,4 (D) 2,1,3,4,5

19. 1. तितली 2. कोकून
3. अंडा 4. कृमि
(A) 1,4,3,2 (B) 1,3,4,2
(C) 2,4,1,3 (D) 3,4,2,1

20. 1. एड़ी 2. कंधा
3. खोपड़ी 4. गर्दन
5. घुटना 6. वृक्ष
7. जांघ 8. पेट
9.मुख 10. हाथ
(A)3,4,7,9,2,5,8,10,6,1
(B)3,9,4,2,10,6,8,7,5,1
(C)2,4,7,10,1,5,8,9,6,3
(D)4,7,10,1,9,6,3,2,5,8

उत्तरमाला

1. D 2. B 3. B 4. B 5. D 6. B 7. A 8. C 9. C 10. B 11. A 12. D 13. A 14. C 15. D 16. A 17. C 18. C 19. D 20. B


अध्याय-6

कोडिंग – डिकोडिंग

(Coding – Decoding)

Coding: यदि किसी अर्थपूर्ण शब्द को किसी विशेष नियम के अनुसार अर्थविहीन शब्द में बदल दिया जाये तो यह क्रिया coding कहलाती हैं।

Exp.



Decoding: - जब किसी अर्थ विहीन शब्द को किसी विशेष नियम के अनुसार अर्थ पूर्ण शब्द में बदल दिया जाता हैं तो यह क्रिया decoding कहलाती हैं। **जैसे :-**

M Z N I G Z

↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ Opposite

N A M R T A

कोडिंग और डिकोडिंग मौखिक बुद्धि तर्क से सबसे सरल हैं।

प्रकार
1. अक्षर आधारित
2. अंक आधारित
3. वर्णमाला के स्थान पर आधारित
4. शर्त आधारित

जैसे:- ALPHABETE SERIES में

1. वरमाला म अक्षरा का स्थात सख्या

A	B	C	D	E	F	G	H	I	J	K
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
L	M	N	O	P	Q	R	S	T	U	V
12	13	14	15	16	17	18	19	20	21	22
W	X	Y	Z							
23	24	25	26							

इसी क्रम को याद रखने के लिए आप याद रख सकते हैं

1. EJOTY
E J O T Y

5 10 15 20 25

2.I= I KNOW आई नो 9 I=9

3.I= Last महिना होता हैं। 12 L=12

4.KUNJI LAL MEENA K L M

1 2 3 4 5 6 7 8 9 10 11 12 13 11 1213

5.JAWAHAR LAL NEHRU PANDIT:-
J L N P
10 12 14 16

6.JK CEMENT= J K
10 11

2. उल्टे क्रम में वर्णमाला के अक्षरों कि स्थिति

A	B	C	D	E	F	G	H	I	J	K
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
L	M	N	O	P	Q	R	S	T	U	V
12	13	14	15	16	17	18	19	20	21	22
X	Y	Z								
24	25	26								

विपरीत क्रम को याद करने की कुछ ट्रिक

1. BY बाई
2. DW दिलवाले
3. GT जीटी रोड
4. HS हनी सिंह
5. Fu फुयू
6. IR इंडियन रेलवे
7. MN मन
8. JQ जयपुर क्वीन
9. LOVE लव
10. PK पी के
11. KP कुमारी प्रिया
12. SHRI श्री
13. A-Z A TO Z

वर्णमाला के विपरीत क्रम को ज्ञात करने का सूत्र:-

किसी भी ALPHABET विपरीत को यदि 27 से घटा दे तो, उसका क्रमांक ज्ञात हो जाता हैं।
उदा. M

1. M का विपरीत क्रम = 27-13

= 14 m का उल्टे क्रम में क्रम
2. P. का विपरीत क्रम = 27-16
= 11 (P का उल्टे क्रम में क्रमांक

प्रश्नों के प्रकार

TYPE =1

1. कूट भाषा में अगर सी- 3 है और फ़ियर का कूट 30 है, तो हेयर का कूट क्या होगा ज्ञात कीजिए
(A) 35 (B) 30
(C) 36 (D) 33

SOL:- C=3
FEAR =?(30)
= 6+5+1+18
= 30
HAIR=?
=8+1+9+18
=36 (B)

<u>नियम:-</u> इसे अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षरों कि स्थिति संख्या द्वारा ज्ञात किया गया है।

<u>Type:-2</u>

2. यदि GLARE को कूट भाषा में 67810 और MONSOON को 2395339 लिखा जाये तो RANSOM को किस संख्या में लिखेंगे?

(A) 183952 (B) 198532
(C) 189352 (D) 189532

C- glare- 67810
Monsoon 2395339
Rainsom ?

G L A R E M O N S O O N
6 7 8 1 0 2 3 9 5 3 3 9

RANSOM
1895 32- D
अतः विकल्प D सही होगा |

<u>TYPE -3</u>

1. किसी भाषा में
(A)PIC VIC NIC का अर्थ है, शीतकाल ठंडा है |
(B) TO NIC RE का अर्थ है, ग्रीष्मकाल गरम है।
(c)RE THO PA का अर्थ है, रातें गरम है।
तो ग्रीष्मकाल के लिए कूट शब्द कौनसा होगा?
(A) TO (B) NIC
(C) PIC (D) VIC

PIC VIC NIL -शीतलहर
TO NIC RE -ग्रीष्मकाल गरम है।
RE THO PA - रातें गरम हैं।
NIC = & RE= गरम
(1) अतः विकल्प 1 TO सही होगा।

<u>TYPE -4</u>

1. किसी कूट भाषा में यदि एक चूहे को कुत्ता कहा जाये, कुत्ते को नेवला, नेवले को सांप और सांप को शेर कहा जाये तो पालतू, पशु, के रूप में किसे पाला जायेगा ?
(A) नेवला (B) चूहा
(C) शेर (D) कुत्ता

SOL:- चूहा- कुत्ता
कुत्ते-नेवला
नेवले- सांप
सांप- शेर
पालतू पशु के रूप में कुत्ते को पाला जाता है और कूट भाषा में कुत्ते को नेवला माना गया है। अतः विकल्प ए नेवला उत्तर होगा |

<u>TYPE-5</u>


1. यदि 1986 को कूटलिपि में ∧O∇>लिखा जाता है और 2345 को +x*□ लिखा जाता है, तो +>□x+□ किसका कूट है?
(A) 265325 (B) 896542
(c) 864325 (D) 869243

SOL. 1986 2345
∧O∇> +x*□
265325
+>□x+□ अतः विकल्प ए सही होगा।

<u>TYPE-6</u>

1. GOLD को IQNF के रूप में लिखा जाता ह उसी कूट भाषा में WIND को कैसे लिखा जायेगा |
(A) YKPF (B) XJOE
(C). YHMC (D). DNIW

SOL. G O L D - I Q N F



इसी प्रकार
WIND = YKPF
अतः (A) सही होगा ।

TYPE=7

किसी कोड़े OVER को $#%*के रूप में लिखा जाता है और VISIT को #+X- के रूप में लिखा जाता है। उसी कोड भाषा में SORE को कैसा लिखा जायेगा।
(A) X$*% (B) %X□$
(C) x□# $ (D) %X□$

Sol. OVER VISIT
$#%* #+X-

SORE
X$*%
अतः विकल्प (A) सही होगा ।

TYPE-8

Q. G का विपरीत अक्षर कौनसा है?
SOL. G= 9
1. विपरीत अक्षर ज्ञात करने के लिए दोनों अक्षरों का योग 27 होना चाहिए तभी वे आपस में विपरीत होंगे ।
G(9) =T (18)
9+18 =27
अतः G का विपरीत T होगा ।

2. विपरीत अक्षर ज्ञात करने के लिए ट्रिक महत्त्वपूर्ण होते हैं
GT =GT ROAD ।

TYPE -9

Q. यदि COBRA को 3152181 के रूप में लिखा जाता है, तो GORILLA को कैसे लिखा जायेगा?
(A) 7151691212 1 (B) 71589121 21
(C) 7141891212 (D) 7158712121

SOL. A=1, B=2, C=3 .....Y=25, Z=26
COBRA
C/O/B/R/A:- 3 15 2 18 1
3 15 2 18 1
GORILLA:- G/ O/ R/ I/ L /L /A
7, 15, 18, 9, 12,12, 1
अतः विकल्प C सही होगा।

Type =10

Q. यदि अंग्रेजी वर्णमाला के प्रत्यक अक्षर को A=1, B=3..... और इसी तरह सभी वर्णमाला अक्षर को मान लिया जाये , तो High के अक्षरों का कुल योग कितना होगा?

SOL.:-

वर्णमाला

A	B	C	D	E
F	G	H	I	J
L.....				

विषय अनुपात

1	3	5	7	9
11	13	15	17	19
21				

H I G H:-
15 17 13 15
15+ 17+ 13+ 15 =60

QUESTIONS

1. यदि अंग्रेजी वर्णमाला के प्रत्येक अक्षर को A = 1, B = 3 और इसी तरह आगे भी इससे शुरू होने वाला एक विषम संख्यात्मक मान सौंपा जाता है, तो RADICAL शब्द के अक्षरों का कुल मूल्य क्या होगा?

A. 88 B. 99

C. 89 D. 90

2. एक कूट भाषा में, VIBRANT को CJWSUOB के रूप में कूट बद्ध किया गया है। तो उसी कूट भाषा में ELASTIC को कैसे कूट-बद्ध किया जाएगा?

A. BMFTDJU B. BMFLPJU

C. OKFTDJU D. BMFTHYT

3. एक निश्चित कूट भाषा में, 'dee due tic' को 'roses are red' के रूप में, 'bil doe' को 'yellow carnations' के रूप में तथा 'tic dur doe' को 'carnations are pink' के रूप में लिखा जाता है। तो उसी कूट भाषा में 'pink' के लिए क्या कूट होगा?

A. doe B. tic

C. dur D. dee

4.यदि अंग्रेजी वर्णमाला के प्रत्येक अक्षर को A = 2, B = 4 के साथ सम संख्यात्मक मान दिया गया है तो शब्द EARTH के लिए कूट क्या होगा?

A. 122384216 B. 102364016

C. 102364018 D. 102384218

5. एक कूट भाषा में COLECTOR को ELOCROTC के रूप में लिखा जाता है। तो उसी कूट भाषा में COMMISSIONER को कैसे लिखा जाएगा?

A. SIMMNOISCORE B. SIMMOCRENOIS

C. MMCORENSIOIS D. OISSIMMCOREN

6. एक कूट भाषा में CAT को BD2BSU के रूप में लिखा जाता है, तो उसी कूट भाषा में LION को कैसे लिखा जाएगा।

A. NMHPJMN B. KMHPDPMO

C. KMHJNPMO D. PMHJNPNO

7.एक कूट भाषा में, ASTRONOMY को SARTPONYM के रूप में लिखा जाता है। उस कूटभाषा में FENUGREEK को कैसे लिखा जाएगा?

A. UNEFGKEER B. EFUNFERKE

C. EFUNHKEER D. EFUNHERKE

8.एक कूट भाषा में, TANK को 7-26-13-16 के रूप में लिखा जाता है। उसी पैटर्न में CARGO को कैसे लिखा जाएगा?

A. 24 – 26 – 9 – 20 – 15

B. 24 – 26 – 9 – 20 – 12

C. 24 – 26 – 18 – 20 – 12

D. 23 – 01 – 9 – 20 – 12

9.यदि KIND को 20 के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और MOBILE को 42 के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, तो समान भाषा में PRIMARY को कैसे दिखा जाएगा?

A. 42 B. 36

C. 56 D. 78

10.एक कूट भाषा में PASTEUR को TPRUASE के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में SEVENTY को कैसे कूट बद्ध किया जाएगा?

A. ENVETYS B. NSYTEVN

C. ESYETNV D. ESYTEVN

11.यदि EFMIJ का अर्थ DELHI हो तो IQBOS का डिकोडिंग करने पर प्राप्त शब्द का अंतिम अक्षर होगा

A. T B. R

C. K D. M

12.एक कूट भाषा में, DICTIONARY को ITCIDYRANO के रूप में लिखा जाता है। तो उस कूट भाषा में CAMBRIDGES को कैसे लिखा जाएगा?

A. RMABCSEGDI B.RMBAESCGDI

C. RMBACSEIDG D.RBMACSEGDI

13.यदि किसी भाषा में BOLLYWOOD को "263375664" के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और HOLYWOOD को "86375664" के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, तो TOLLYWOD के लिए क्या कूट होगा?

A. 26564337 B. 33756426

C. 26375364 D. 26337564

E. 27564633

14. यदि HUSBAND = 10, ANIMAL = 9, तो HOUSEHOLD को कैसे लिखा जाएगा?

A. 12 B. 22

C. 28 D. 26

15. यदि 9 * 7 * 5 = 72975 और 4 * 8 * 6= 6486 तब 7 * 3 * 5 = ? का मान ज्ञात करें।

A. 82559 B. 34335

C. 14527 D. 47865

16. यदि किसी कोड में DEVELOPMENT को 45853106572 लिखा जाता है, तो उसी कोड में ENVELOPE को कैसे लिखा जाएगा?

A. 5785130S B. 5785310S

C. 5783S10S D. 5785013S

17. यदि MARCH का कोड PXU2K हो, तो APRIL का कोड क्या होगा?

A. DMUFO B. DSULO

C. 2KIRO D. 2KRIO

18. यदि DEAN को NOKX लिखा जाए, तो NEED को उस कूट-भाषा में क्या लिखा जाएगा?

A. NOOX B. XONO

C. ONQX D. XOON

19. एक कूट-भाषा में OPERATION को EPOTARNOI लिखा जाता है। तदनुसार वह शब्द कौन-सा है, जिससे ORPSECSES लिखा जाएगा?

A. PORCESESS B. PROCESSES

C. POSSESORC D. PROSSESC

20. एक निश्चित कोड में, PRIEST को OQHDRS के रूप में लिखा गया है। PRISTINE के रूप में लिखा जा सकता है|

A. OQHRSHMD B. OSHRQMDH

C. QORHHSMD D. QOHRSHMD

व्याख्या सहित उत्तर

1.Sol: पैटर्न है:

R = 35

A = 1

D = 7

I = 17

C = 5

A = 1


L = 23

R + A + D + I + C + A + L


35 + 1 + 7 + 17 + 5 + 1 + 23 = 89

इसलिए, विकल्प C सही उत्तर है।

2.Sol: As



Similarly,



इसलिए, विकल्प A सही उत्तर है।

3.Sol: 'dee due tic' = 'roses are red'_____(I)

'bil doe' = 'yellow carnations' _____(2)

'tic dur doe' = 'carnations are pink'_____(3)

'are' और 'tic' (1) और (3) में सामान्य हैं, अतः 'are' = 'tic' 'carnations' और 'doe' (2) और(3) में सामान्य हैं, अत; 'carnations' = 'doe' (3) से, 'pink' = 'dur' इसलिए, सही विकल्प C है।

4.Sol: यह दिया है कि A = 2, B = 4 और इसी तरह।

तो, E = 10, A = 2, R = 36, T= 40, H = 16 तो EARTH = 102364016

इसलिए, सही उत्तर विकल्प B है।

5. Sol: Logic: write first half in the reverse order and then write next half in the reverse order. As,

COLE/ CTOR = ELOC/ ROTC


Similarly,

COMMIS/ SIONER = SIMMOC/ RENOIS Hence, option B is the correct response.

6. Sol: यहां हम देख सकते हैं कि प्रत्येक वर्णाक्षर को उसके पूर्व और बाद के वर्णाक्षर से बदल दिया गया है। "C" को "BD" के रूप में कूटबद्ध किया गया है, 'A' को '2B' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। इसलिए, 'LION' को 'KMHJPMO' के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।

इसलिए विकल्प (C) सही उत्तर है।

7. Sol: The pattern is:



Similarly,



Hence, the correct response is (D).

8. Sol: Take reverse rank of alphabetical letters. As,

(T)7 - (A)26 - (N)13 - (K)16 = 7 – 26 – 13 - 16

Similarly,

(C)24 – (A)26 – (R)9 – (G)20 – (O)12= 24 – 26 – 9 – 20 – 12

Hence, the correct answer is option B.

9. Sol: The logic behind the code language is –

number of letters in the word multiplied by its succeeding number.

i.e.


In KIND - there are 4 letters so, 4 × 5 = 20

Similarly,


MOBILE = 6 × 7 = 42 so, PRIMARY = 7 × 8 = 56

Hence, option C is the correct answer.

10. Sol:



Similarly



Hence, option(D) is the correct response.

11. Sol:

E (-1) = D

F (-1) = E

M (-1) = L

I (-1) = H

J (-1) = I

Similarly,

I (-1) = H

Q (-1) = P

B (-1) = A

O (-1) = N

S (-1) = R

Thus, R is the last letter.

Hence, option B is the correct answer.

12. Sol: आवश्यक कोड को प्राप्त करने के लिए दिए गए शब्द के पहले आधे भाग को उल्टे क्रम में लिखा जायेगा और साथ ही बाकी के आधे भाग को भी उल्टे क्रम में लिखा जायेगा।

जैसे,

DICTIONARY को ITCID YRANO लिखा जाता है उसी प्रकार, CAMBR IDGES को RBMAC SEGDI लिखा जायेगा। अतः सही उत्तरः विकल्प D है।

13. Sol:

A	B	C	D	E	F	G	H	I	J	K	L	M

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
N	O	P	Q	R	S	T	U	V	Z	X	Y	Z
14	15	16	17	18	19	20	21	22	23	24	25	26

Considering the place value of letters we get,

As,
B(2),O(15),L(12),L(12),Y(25),W(23),O(15),O(15),D(4)

⇒B(2),O(1+5),L(1+2),L(1+2),Y(2+5), W(2+3),O(1+5),O(1+5),D(4)

⇒263375664 and H(8),O(15), L(12),Y(25),W(23),O(15),O(15),D(4)

⇒ H(8),O(1+5), L(1+2),Y(2+5),W(2+3), O(1+5),O(1+5),D(4)

⇒ 86375664

Similarly, TOLLYWOD is coded

As, T(20),O(15),L(12),L(12),Y(25),W(23),O(15), D(4)

⇒T(2+0),O(1+5),L(1+2),L(1+2), Y(2+5),W(2+3),O(1+5), D(4)

⇒ 26337564

Hence, option D is the correct answer.

14. Sol: In this question, we show that number of words in HUSBAND – 7

(7+3) = 10

Number of words in ANIMAL – 6

(6+3) = 9

Similarly, Number of words in HOUSEHOLD - 9

(9+3) = 12

So? = 12

So the correct answer is option A.

15. Sol: Logic: In (9 x 7 x 5) is operated as last two numbers are written as it is, and the first number is cubed.

Like, 9^3 = 729 and 75 → 72975

In (4 x 8 x 6)

4 3 = 64 and 86 → 6486

In (7 * 3 * 5)

7^3 = 343 and 35 → 34335

Hence, option B is the correct answer.

16. Sol: DEVELOPMENT→ 45853106572

ENVELOPE→ 57853105

अत; विकल्प B सही उत्तर हैं।

17. Sol: the pattern in the code is,

M + 3 - P

A - 3 - X

R + 3 - U

C - 3 - Z

H + 3 - k

Similarly,

A + 3 - D

P - 3 - M


R + 3 - U

I - 3 - F


L + 3 - O

Hence, option A is the correct response.

18. Sol:




Similarly,




19. Sol:

As,




Similarly,




Hence, option B is the correct response.

20. Sol:



Similarly,



अध्याय-7

दिशा परीक्षण (DIRECTION)


इस प्रश्नावली के अन्तर्गत किसी व्यक्ति या वस्तु द्वारा भिन्न-भिन्न दिशाओं में चली गयी दूरी से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं।

इस प्रकार के प्रश्नों द्वारा परीक्षार्थियों में दिशा संबंधी ज्ञान का परीक्षण करना होता है। अतः परीक्षार्थियों को चारों दिशाओं व उनके बायीं व दायीं तरफ आदि का ज्ञान होना आवश्यक है। इसके लिए निम्न चित्र आपकी मदद कर सकता हैं –


R.H.S. moves clock wise. (दक्षिणावर्त)

L.H.S. moves anti-clock wise.(वामावर्त)

दा.→दायाँ (Right side) बा.→बायाँ (Left side)




अत : उत्तर-पूर्व दिशा को उत्तर कहा जाएगा .



Ques. यदि उत्तर को दक्षिण पूर्व कहें तो पश्चिम को क्या कहेंगे ?


उत्तर - उत्तर पूर्व



नोटः- यहाँ उत्तर को दक्षिण पूर्व घुमाने में 135 डिग्री घुमाना पड़ा इसी प्रकार पश्चिम को 135 डिग्री घुमाने पर उत्तर-पूर्व होगा

Ques. यदि पूर्व को उत्तर पश्चिम कहें तो दक्षिण को क्या कहेंगे ?

Ans. उत्तर-पूर्व



नोटः- यहाँ पूर्व को उत्तर पश्चिम घुमाने में 135 डिग्री घुमाना पड़ा इसी प्रकार दक्षिण को 135 डिग्री घुमाने पर उत्तर-पूर्व होगा।

ques. यदि दक्षिण-पूर्व को पूर्व, पश्चिम को दक्षिण-पश्चिम, दक्षिण पश्चिम को दक्षिण तथा इसी प्रकार अन्य दिशाओं को नाम दिया जाए तो बताइये उत्तर किसे कहेंगे?

(1) पश्चिम (2) दक्षिण-पश्चिम

(3) उत्तर-पूर्व (4) पूर्व

नियम :- मुड़ना (Turn) हमेशा 90° से करना है जब तक कि कोई कोण विशेष ना दिया जाए।

(1) बाएँ मुड़ने (Left turn) के लिए वामावर्त (Anticlock wise)

(2) दाएँ मुड़ने (Right turn) के लिए दक्षिणावर्त (Clock wise)

(3) बाएँ-बाएँ या दाएँ-दाएँ विपरीत दिशा में

(L-L या R-R)


(4) बाएँ-दाएँ या दाएँ-बाएँ उसी दिशा में (Same Direction)

(L-R या R-L)

अभ्यास प्रश्न

Ques. एक व्यक्ति अपने घर से पूर्व दिशा में 20Km, चलने के बाद दाहिने मुड़ता है और 10Km. चलता है। फिर दाहिने मुड़कर 20Km. चलता है। फिर बाएँ मुड़ता है व 10Km. एक चलता है। एक बार पुनः बाएँ मुड़ता है और 20Km. चलता है। तो अपने ऑफिस पहुंचता है। निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दीजिये-

(i) घर से कार्यालय किस दिशा में हैं?



Ans. SE (दक्षिण-पूर्व)

(ii) कार्यालय से घर किस दिशा में हैं?

Ans. NW (उत्तर-पश्चिम)

(iii) घर से कार्यालय पहुंचने में उसे कुल कितनी दूरी तय करनी पड़ी ?

(a) $20\sqrt{2}$Km (b) 80 Km

(c) 70 Km (d) 60 Km

Solu. तय की गयी कुल दूरी -

20 + 10 + 20 + 10 + 20= 80 Km

(iv) घर से कार्यालय के बीच की दूरी क्या है?

Solu. बीच की दूरी - $AC^2 = BC^2 + AB^2$

$AC = \sqrt{20^2 + 20^2}$

$AC = \sqrt{800} = 20\sqrt{2}$ Km. Ans.

यदि option हों -

(i) 25Km (ii) 22Km

(iii) 23Km (iv) 28KM

Solu. $AC = 20\sqrt{2}$

$= 20 \times 1.4$

Ans. = 28 Km (iv)

(V) 15Km/h की चाल से चलने वाला व्यक्ति घर से कार्यालय पहुंचने में कुल कितना समय लेगा यदि वह प्रत्येक मोड़ पर पांच मिनट ठहरे?

Solu. चाल = दूरी / समय

$15 = 80/t$

$t = \frac{80}{15} \Rightarrow 5\frac{5}{15}$

$= 5 + \frac{5}{15} \times 60 \Rightarrow 5.20 + 20$

$\Rightarrow$ 5.40h. Ans.

(vi) 23Km/h की चाल से चलने वाला व्यक्ति यदि सुबह 7 बजे घर से चलना प्रारम्भ करे तो 9

बजकर 36 मिनट में स्वंय को किस दिशा में जाते हुये पायेगा ?

Solu. $t = 2.36$ घंटा $= 156$ मिनट $= \frac{156}{60} = 2.6$ घंटा

दूरी = चाल × समय

$= 23 \times 2.6$

$= 59.8$

59.8 Km चलने पर दिशा = South की ओर

Ques. एक व्यक्ति अपने घर से पश्चिम दिशा में 10 km चलने के बाद दाहिने मुड़ता है और 15Km चलता है। फिर दाहिने 25 Km चलता है। फिर दाहिने मुड़कर 23Km चलता है। अब वह अपने घर से किस दिशा में और कितनी दूरी पर है?

Solu. दिशा - दक्षिण पूर्व


घर से दूरी AC = ?

$AC = \sqrt{AB^2 + BC^2}$

$AC = \sqrt{225 + 64} = \sqrt{289}$

AC = 17 Km Ans.

Ques. एक व्यक्ति अपने घर से पूर्व दिशा में 8 Km चलता है। फिर वहाँ से दक्षिण पश्चिम दिशा में 8 Km चलता है । फिर वहाँ से उत्तर पश्चिम दिशा में 8 KM चलता है। अब वह अपने घर से किस दिशा में कितनी दूरी पर है ?



Solu. दिशा = पश्चिम

ΔABC में

$AC^2 + BC^2 = AB^2$

$8^2 + 8^2 = (x+8)^2$

$\sqrt{128} = (x+8)$

$x + 8 = 8\sqrt{2} = 8 \times 1.4$

$x + 8 = 11.2$

$x = 3.2$ Km Ans.

Ques. एक व्यक्ति A अपने घर से दक्षिण दिशा में ' 100 m. चलता है। फिर बाएँ मुड़कर 100m. चलता है तो मित्र B के घर पहुंचता है । वहाँ से दोनों मित्र $100\sqrt{2}$ मी० NE दिशा की ओर जाते हैं तो बाजार पहुंचते हैं। यदि बाजार A के घर से पूर्व दिशा में हो, तो A के घर से बाजार की दूरी = ?

Solu. घर से बाजार की दूरी

AM = ?

∴ Δ OBM में

$OM^2 = BM^2 - OB^2$

$OM = \sqrt{(100\sqrt{2})^2 - (100)^2}$

$OM = \sqrt{20000 - 10000} = \sqrt{10000} = 100$

∴दूरी AM = AO + OM

= 100 + 100 = 200M.Ans.

Ques. एक व्यक्ति अपने घर से पूर्व दिशा में 20m. चलता है। फिर आगे मुड़कर 20m चलता है। फिर दाहिने मुड़कर 10m चलता है फिर बाएँ मुड़कर 10m चलता है । एक बार पुनः बाएँ मुड़ता है और 10m

चलता है। अब वह अपने घर से किस दिशा में कितनी दूरी पर है ?

Solu. दिशा =NE

घर से दूरी AC = ?

Δ ABC में

$AC = AB^2 + BC^2$

$AC = \sqrt{400 + 900}$


$AC = \sqrt{1300} = 10\sqrt{13}m$

Ques. छः गाँव A.B, C, D, E, F इस प्रकार स्थित हैं कि B, C से 1 Km उत्तर में है और D से 1km पूर्व में है। E,F से 1 Km पश्चिम में है / A, C से 1KM पश्चिम और F से 1km उत्तर में है। कौन से तीन गाँव एक सीधी रेखा में है ?

(a) ABC (b) BDC

(c) ADB (d) DAF


Solu.



अतः DAF एक सीधी रेखा में होगें। Ans.

Ques. एक व्यक्ति अपने घर से पूर्व दिशा में 10 m चलता है फिर बाएँ मुड़कर 10m चलता है तो 5m ऊँचे खम्भे के पादमूल में पहुँचता है। यदि खम्भे के ऊपर 1 लाइट लगी हो तो लाइट से उसके घर की दूरी ज्ञात करो।

Solu. ΔHAP में



$HP = \sqrt{10^2 + 10^2} = \sqrt{200}$

$HP = 10\sqrt{2}m$

अब Δ HPO में

$HO = \sqrt{(10\sqrt{2})^2 + (5)^2}$

$HO = \sqrt{200 + 25} = \sqrt{225}$


HO = 15 m Ans.

Ques. दक्षिण दिशा में चेहरा किये हुये व्यक्ति के मुड़ने का कौन सा क्रम उसे पूर्व दिशा में ले जायेगा ?

Solu. (a) ~~LRLRLR~~ (b) ~~RLRLRL~~

(c) ~~LLRRLR~~ (d) ~~RLRLLL~~

(e) ~~LRLRRRR~~



∴ 3R = L

Ans.

NOTE:


L = R
3L = R
3R = L
4L = 0
4R = 0

Ques. एक व्यक्ति अपने घर से चलकर 5 बार बाएँ, 7 बार दाहिने 3 बार बाएँ घूमता है तो स्वयं को दक्षिण

दिशा में जाते हुये पाता है तो उसकी प्रा० दिशा ज्ञात कीजिये ।

Solu. 5L , 7R 3L

2R L



प्रा० दिशा = पश्चिम Ans.

Note:


यदि अंत की दिशा ज्ञात हो और प्रारम्भ की दिशा पूछी जाये और बीच में घूमने का क्रम दिया गया हो तो उसे Cancel कर देते हैं। इसके बाद जो बचता है उसका उल्टा अंत की दिशा से घूम जाते हैं तो प्रा० दिशा ज्ञात हो जाती है।

Ques. एक व्यक्ति अपने घर से चलकर 22 बार बाएँ और 35 बार दाएँ घूमता है तो स्वयं को उत्तर दिशा में जाते हुये पाता है तो उसकी प्रा० दिशा ज्ञात कीजिये ।

Solu. ~~22L35R~~

13R


∴ 4R = 0 ∴ 12R = 0



प्रा० दिशा = पश्चिम Ans.

नोट:- यहा व्यक्ति 22 बार तो दोनों ओर घुमा है लेकिन दाएँ ओर 13 टाइम अधिक घुमा है अतः 13/4 = 1R दाएँ और घुमने पर उत्तर दिशा आती है अतः उसकी प्रारंभिक दिशा पश्चिम होगी

Ques. एक व्यक्ति अपने घर से पूर्व दिशा में 12 Km. चलने के बाद दक्षिण-पश्चिम दिशा में 12 km. चलता है फिर वहाँ से उत्तर दिशा में 12 km, चलता है। अब वह अपने घर से किस दिशा में व कितनी दूरी पर है?



Sol. HA = 12Km, AC= 12Km, OC= 12Km

माना $AB = x$ Km $BC = x\ Km$

ΔBCA में

$Sin\ 45° = \frac{AB}{AC}$

$$\frac{1}{\sqrt{2}} = \frac{x}{12} \Rightarrow x = \frac{12}{\sqrt{2}} \times \frac{12}{\sqrt{2}}$$

$$x = 6\sqrt{2} = 6 \times 1.4 = 8.4$$

$AB = x = 8.4\ Km$

$HB = HA - AB$

$\Rightarrow 12 - 8.4 = 3.6\ Km$

ΔOHBमें

$$sin45° = \frac{OB}{OH}$$

$$\frac{1}{\sqrt{2}} = \frac{3.6}{OH} \Rightarrow OH = 3.6 \times 1.4$$

OH = 5.04 Km. Ans.

Alternative: - समकोण ABC में

$$x^2 + x^2 = 12^2$$

$$2x^2 = 144 \Rightarrow x^2 = 72$$

$$x = 6\sqrt{2}$$

$$x = 8.4$$


HB = HA – AB = 12-8.4 = 3.6 km

$$OH = \sqrt{(3.6)^2 + (3.6)^2}$$

OH = 5.04 Km Ans.


Ques. तीन व्यक्ति A,B,C एक बिन्दु से भिन्न - 2 दिशाओं में चलना प्रारम्भ करते हैं और समान दूरी तय करते हैं। A और C के द्वारा बनाये गए अनुप्रस्थ पथ पर विलम्बवत जाता है। यदि C, B से दक्षिण पश्चिम दिशा में हो तो B, A से किस दिशा में होगा ?

Solu: A B, A से NW दिशा में होगा।



Ques. चन्दू अपनी दुकान से दक्षिण दिशा में 8M. चलता है तथा बायीं ओर मुड़कर 12m चलता है। वह एकदम पीछे मुड़कर 2m चलता है तथा दाहिने मुड़कर 15 m चलने के बाद बाएँ मुड़कर 3m आगे चलता है। वह अपनी दुकान से कितनी दूरी पर है?

Solu.



समकोण ΔOBC में


$BC^2 + OC^2 = OB^2$

$7^2 + 7^2 = OB^2$

$OB = 7\sqrt{2}$ m. Ans.

Ques. सुमित के स्कूल का फाटक उत्तर दिशा में हैं। वह फाटक से बाहर निकलकर 200 m उत्तर जाता है तथा अध्यापक को देखकर एकदम विपरीत दिशा में 300m जाता है। इसके बाद वह बाएँ मुड़ता है 400m की दूरी तय करता है। प्रा० से दिशा ज्ञात कीजिये ।

Solu.



दिशा = SE (दक्षिण पूर्व) Ans.

Ques. एक दिन सुबह 7 बजे धूप निकलने के बाद 2 मित्र सुमित और मोहित एक खुली लॉन में खड़े होकर बात कर रहे थे । यदि सुमित की परछाई मोहित के बाएँ पड़ रही हो तो मोहित का चेहरा किस दिशा में होगा ?


Solu. Shadow

R ← Sumit → L

N

↕

S




L ← Mohit → R

∴ Mohit का चेहरा North दिशा में होगा ।

Ques. एक शाम सूर्यास्त से पहले दो मित्र पंकज और राहुल एक खुली लॉन में खड़े होकर बातें कर रहे थे। यदि पंकज की परछाई ठीक उसके दाहिने पड़ रही हो तो राहुल का चेहरा किस दिशा में होगा?

R ← Rahul → L



L ← Pankaj → R

राहुल का चेहरा South दिशा में होगा। **Ans.**

Ques. एक वर्गाकार मैदान ABCD इस प्रकार स्थित है जिसकी भुजा 90m, की विकर्ण Ac North to south स्थित है। कोना B, D के पश्चिम में हैं। दो मित्र रोहन और राहुल क्रमशः बिन्दु B और C से चलना प्रारम्भ करते हैं। रोहन की चाल 8Km/h है जबकि राहुल की चाल 10km/h है। रोहन clock wise direction में राहुल anti clock wise direction में चलता है तो वे दोनों एक दूसरे को दूसरी बार कहाँ Cross करेंगे ?


(a) भुजा AD पर D से 100m दूर

(b) भुजा BC पर C से 10m दूर

(C) भुजा AB पर B से 30m दूर

(d) भुजा AD पर A से 30m दूर

Solu.



दूरी BADC = 270

दोनों की सापेक्ष चाल = 8 + 10 = 18 Km/h

$$\Rightarrow 18 \times \frac{5}{18} \Rightarrow 5m/sec$$

समय = $\frac{\text{दूरी}}{\text{चाल}} = \frac{270}{5} = 54\ sec.$

रोहन की चाल = 8 Km/h = $\frac{8\times5}{18} m/sec = \frac{20}{9}$ m/s.

रोहन द्वारा 54 Sec. में चली गई दूरी = चाल X समय

$$= \frac{20}{9} \times 54 = 120m.$$

∴ 1st Crossing AD पर A से 30 m दूरी पर होगी।

2nd Crossing के लिये - Distance = 360 m

सापेक्ष चाल = 5m/s

समय = $\frac{\text{दूरी}}{\text{चाल}} = \frac{360}{5} = 72Sec.$

रोहन के द्वारा 72sec. में चली गई दूरी= चाल X समय

$$= \frac{20}{9} \times 72$$

= 160 m.

अतः भुजा BC पर C से 10 मीटर की दूरी पर दूसरी crossing होगी

Ans. (B)

अध्याय - 8

रक्त सम्बन्ध Blood Relation

इस अध्याय के अंतर्गत परीक्षार्थी को दो या दो से अधिक व्यक्तियों के सम्बन्ध में विवरण दिया जाता है। हमें उस विवरण के आधार पर उन व्यक्तियों के मध्य सम्बन्ध ज्ञात करके पूछे गए व्यक्ति का सम्बन्ध ज्ञात करना होता है।

रक्त सम्बन्ध

रक्त सम्बन्धी प्रश्नों में निपुणता के लिये व्यक्तियों काआपस में जो सम्बन्ध है उसे किस नाम से जाना जाता है। इस तथ्य का ज्ञान होना आवश्यक है। अग्रांकित सारणी में इसका विवरण दिया गया है।

हिन्दू संस्कृति के अनुसार रिश्ते

माता या पिता का पुत्र-भाई	माँ या पिता की पुत्री-बहिन
माँ का भाई-मामा	पिता का छोटा भाई- चाचा
पिता का बड़ा भाई- ताऊ	माँ की बहिन-मौसी
पिता की बहिन- बुआ	बुआ का पति- फूफा
माँ का पिता- नाना	पिता का पिता- दादा
पुत्र की पत्नी- पुत्रवधू	पुत्री का पति- दामाद
पत्नी की बहिन- साली	पति की बहिन-ननद
पत्नी का भाई- साला	पति का भाई- जेठ
	पति का छोटा भाई-देवर
भाई का पुत्र - भतीजा	भाई की पुत्री- भतीजी
पति का पिता- ससुर	पत्नी/पति की माता-सास
बहन का पति- बहनोई	
पुत्र का पुत्र-पोता या नाती	पोते की पत्नी- पतोहु
पुत्री का पुत्र- नवासा	पोते का पुत्र- पड़पोता

1. जिस व्यक्ति के साथ का/ की/ के/ से शब्द आते हैं उस व्यक्ति को सबसे पहले लिखना चाहिए।
2. पुरुषो के लिए (+) का चिन्ह तथा महिला के लिए (-) का चिन्ह प्रयोग करना चाहिए।
3. रिश्ते के प्रश्नों में अधिकांश प्रथम व अंतिम व्यक्ति का सम्बन्ध ज्ञात करना चाहिए ।

(अ) यदि पूछे गए प्रश्न में दोनों व्यक्तियों के साथ का तथा से शब्द आते हैं तो हमेंशा उस व्यक्ति का सम्बन्ध ज्ञात करना होता है जिसके साथ का शब्द आया हो।

उदा.-राम का श्याम से क्या सम्बन्ध है?

हल:- इस वाक्य का अर्थ है कि राम, श्याम का क्या लगता है।

(ब) यदि पूछे गए प्रश्न में दोनों व्यक्तियों में से किसी एक व्यक्ति के साथ का अथवा से शब्द आता है तो हमेशा उस व्यक्ति का सम्बन्ध ज्ञात करना होता है जिसके साथ ये दोनों ही शब्द नहीं आये हो।

उदाहरण:- श्याम, राम से किस प्रकार सम्बंधित है?

अथवा

उदाहरण:- श्याम, राम का क्या लगता है?

हल:- दोनों वाक्यों का एक ही अर्थ है कि श्याम राम का क्या लगता है अर्थात श्याम का सम्बन्ध राम से बताना है।

वंश के बारे में महत्त्वपूर्ण तथ्य

पीढ़ी	पुरुष	महिला
2.	दादा, नाना	दादी, नानी
	दादा/नाना सास	दादी/नानी सास
1.	पिता, चाचा, फूफा	माँ, चाची, बुआ
	मामा, मौसा, ससुर	मामी,मौसी, सास
	भाई, चचेरा, फुफेरा	बहन, चचेरी, फुफेरी
	ममेरा/मौसेरा भाई	ममेरी/मौसेरी बहन
	स्वयं बहनोई/साली का पति	भाभी/साला की पत्नी
	साला/ देवर, जेठ, नंदोई ,	पत्नी नन्द/ जेठानी/ देवरानी , पत्नी
1.	पुत्र, भतीजा/भगिना दामाद	पुत्री, भतीजी/भगिनी पुत्रवधू
2.	पोता या नातिन का पति	पोती या नातिन की पत्नी

नोट:- इस वंश क्रम के आधार पर प्रश्न को हल करते समय अपने आपको मध्य में रखकर दो पीढ़ी ऊपर तथा दो पीढ़ी नीचे का ध्यान रखना चाहिए।

महत्वपूर्ण तथ्य

1. इकलौता शब्द उस रिश्ते का केवल एक व्यक्ति होने का संकेत करता है।

(अ) इकलौता पुत्र का अर्थ है पुत्र तो केवल एक है, पुत्री और भी हो सकती है।
(ब) इकलौता पुत्री का अर्थ है पुत्री तो केवल एक है, पुत्र और भी हो सकते है।
(स) इकलौती संतान का अर्थ है केवल एक ही संतान चाहिए वह पुत्र हो या पुत्री।

2. रिश्ते सम्बन्धी प्रश्नों को हल करते समय अंग्रेजी अनुवाद को भी पढ़ लेना चाहिए, जिससे समान स्तर के रिश्तों के हिन्दी अनुवाद करने से होने वाली गलतियों से बचा जा सकता है। कई बार परीक्षक नाती या नातिन के स्थान पर पोता या पोती, मामा के स्थान पर चाचा तथा भांजी / भांजा के स्थान पर भतीजी/भतीजी भी दे देता है अतः इन शब्दों को ही सही माना जाए।

3. पात्रों के प्रश्नानुसार लिंगों का निर्धारण कर लेना चाहिए, जिस पात्र के लिंग का निर्धारण नहीं हो सका हो उसके रिश्ते के बारे में स्पष्ट घोषणा नहीं की जा सकती है। इस प्रकार के प्रश्नों के पात्रों के क्रमशः रिश्ते दिए होते हैं तथा उनमें से किन्ही दो रिश्तो के बारे में पूछा जाता है जिसे हम निम्न विधियों की सहायता से आसानी से ज्ञात कर सकते है।

प्रश्न को हल करने की विधियाँ

विधि : I : मुख्य पात्र स्वयं को मानकर

इस प्रकार के प्रश्नों में रिश्ते के किसी भी एक पात्र को जो मुख्य पात्र ही स्वयं को मान लेना चाहिए जिस प्रकार प्रश्न आधारित होता है और फिर बाकी पात्रों का रिश्ता अपने ऊपर लागू करके देख ले, इस प्रकार हल करने से प्रश्न आसानी एवं शीघ्रता से हल होता है।


विधि- 2: आरेख विधि द्वारा

इसमें पात्रों को तीर लगी रेखाओं से क्रमशः जोड़ते है तथा तीर के निशान पर उस पात्र का पूर्व के पात्र से रिश्ता लिखते हैं। आरेख पूरा बनाने के पश्चात् अभीष्ट पात्र क्रमशः दूसरे पात्रों से रिश्ता ज्ञात कर उत्तर को प्राप्ति की जाती है।

उदाहरण- अरुण रोहित का पिता है, रोहित माला का भाई है, माला दिलीप की पत्नी है, दिलीप का रोहित से क्या रिश्ता है

(अ) जीजा (ब) पिता
(स) पुत्र (द) चाचा

हल:- विधि- माना कि दिलीप आप स्वयं है, माला आपकी पत्नी हुई, माला का भाई रोहित आपका साला होगा अतः आप रोहित के जीजा लगेंगे।



आरेखानुसार स्पष्ट है कि दिलीप, रोहित से जीजा के रूप में सम्बंधित है।

उदाहरण-एक व्यक्ति ने एक महिला से कहा तुम्हारी माँ के पति की बहिन मेरी माँ है? व्यक्ति का महिला से क्या सम्बन्ध है?

(अ) भाई (ब) भतीजा
(स) चचेरा (द) चाचा

हल:- विधि- माना महिला आप स्वयं है, आपकी माँ का पति आपका पिता हुआ जिनकी बहिन आपकी बुआ होगी । आपकी बुआ उस व्यक्ति की माँ है अर्थात व्यक्ति आपकी बुआ का लड़का आपका फुफेरा भाई होगा।


इस प्रकार महिला व्यक्ति के मामा की लड़की है। परन्तु मैं यह पुनः बताना चाहता हू। कि पेपर सेट करते है फिर हिन्दी में और ट्रांस्लेशन भाव की बजाय शब्दों का करते है इसलिये यहाँ चचेरा शब्द लिखा मिलेगा क्योंकि कजिन का अर्थ लिया गया है भाव (ममेरा) नहीं लिया गया, अतः सन्देह होने पर प्रश्न या विकल्प को अंग्रेजी में भी पढ़े।

अभ्यास प्रश्न

1. यदि P, Q का भाई है, R, P का पिता है, S, T का भाई तथा T, Q की पुत्री है, तो S का चाचा कौन है?

(a) Q (b)R
(c)P (d)T

व्याख्या




S का चाचा P है।

2. अरुण, आनन्द का भाई है, सुषमा, आनन्द की माँ है, प्रकाश, सुषमा का पिताजी है। मधु, प्रकाश की माँ है तो अरुण, मधु से किस प्रकार से संबंधित है?

(a) पुत्र (b) पौत्र
(c) पड़नवासा (d) none

व्याख्या




आरेखनुसार अरुण मधु का पड़नवासा होगा

3. A, B का भाई है, C, A की माँ है, D, C का पिता है, E, B का पुत्र है, तो यह बताइए, कि A से D का क्या संबंध है?

(a) पुत्र (b) पौत्र
(c) नाना (d) पितामह

व्याख्या




तब D, A का नाना है।

4. A, B का भाई है C, D का पिता है। E, B की माता है। A और Dभाई है तो E, C से किस प्रकार सम्बंधित है?

(a) बहिन (b)साली
(c) भतीजी (d) पत्नी

व्याख्या




A, B और D भाई-बहिन हैं और E उनकी माता और C उनका पिता है। अतः E, C की पत्नी है।

5. प्रीती का अरुण नामक पुत्र है, राम, प्रीती का भाई है। नीता की भी रीमा पुत्री है। नीता, राम की बहन है। अरुण का रीमा के साथ क्या संबंध है?

(a) भाई (b) भतीजा
(c) चचेरा भाई (d) मामा


व्याख्या



6. A, B का पति है। C, B की पुत्री है। D, B की बहिन है। E, D का पुत्र है तो C, E से किस प्रकार संबंधित है?

(a) चाची (b) भतीजी
(c) मौसेरी बहिन (d) साली

Ans:(c)



7. A तथा B दोनों C के बच्चे हैं यदि C, A का पिता है परन्तु B, C का बेटा नहीं है तो B का C से क्या सम्बन्ध है?

(a) बहिन (b)भाई
(c) बेटा (d) बेटी

व्याख्या

एक ही पिता के बच्चें हैं, यदि बेटा नहीं है तो बेटी है।

8. A, B का बेटा है। B, C की बेटी है। C, D का पति है। D, E की मां है। E, A का क्या लगता है?

(a) मामा या मौसी (b) नानी
(c) चाचा या बुआ (d) बहन

व्याख्या

माना मैं A हूँ मेरी माँ B मेरे नाना C की बेटी है तथा D मेरी नानी है जो E की माँ भी हैं। अतः E मेरा मामा या मौसी में से कोई भी हो सकता है।

9. R, B का भाई है R, I का पति है I, D की मां है D, Y का भाई है B, Y का क्या लगता है?

(a) पिता (b)चाचा

(c) भाई (d) मामा

व्याख्या

माना मैं E हूँ तथा B का भाई हूँ अतः B मेरा भाई या बहिन होगी। मैं A का पति तथा D और Y का पिता है। इस प्रकार B,Y का चाचा या बुआ हो सकते है। परंतु बुआ विकल्पों में नहीं है अतः चाचा उत्तर हुआ।

10. Y एक पुरुष है तथा X, Y का भाई है। M, X की बहन है। N, R का भाई है और R, Y की पुत्री है। तब बतायें कि N का X क्या लगता है।

(a) चाचा (b) पिता
(c) दादा (d) मौसी

व्याख्या

माना मैं Y हूँ तथा X मेरा भाई व M मेरी बहिन है तथा R मेरी पुत्री है तथा N मेरा पुत्र है। अतः मेरा भाई मेरे बेटे N का चाचा है।

11. A व B भाई-भाई है, तथा C व D परस्पर बहनें हैं। यदि A का लड़का D का भाई है तो B और C में क्या सम्बन्ध है?

(a) पिता (b) भाई
(c) दादा (d) चाचा

व्याख्या

माना मैं हूँ A,B मेरा भाई है,D व C मेरी पुत्रियाँ है तो B, मेरी पुत्री C का चाचा लगेगा।

12. यदि A, C का पुत्र है, C तथा Q आपस में बहनें है, Z, Q की मां है, P, Z का पुत्र है तो निम्न कथनों में कौन सही है?

(a) Q, A की दादी है (b) P, A का मामा है
(c) C और P बहिने है (d) P व A भाई है


व्याख्या

माना कि A मैं हूँ तो C मेरी माँ है तथा Q मौसी है। इसी प्रकार Z मेरी नानी है। P मेरी नानी का बेटा अर्थात मेरा मामा हुआ।

13. सुरेश एक आदमी का परिचय इस रूप में देता है, 'वह उस स्त्री का पुत्र है जो मेरी माता के पति की माता है।' सुरेश का उस आदमी से क्या सम्बन्ध है?

(a) चाचा (b) पुत्र
(c) चचेरा भाई (d) पौत्र

व्याख्या




सुरेश की माँ का पति उसका पिता हुआ और पिता की माँ उसकी दादी हुई जो उस व्यक्ति की माँ है। अतः वह आदमी सुरेश का चाचा/पिता हो सकता है। विकल्प में भतीजा नहीं है अतः वह उसका पुत्र होगा।

14. मोहन सुमन का भाई है। चंदर सुमन का पिता है। सुशील चंदर का पिता है। प्रवीण, सुशील का पिता है। प्रवीण का मोहन से क्या संबंध है?

(a) पोता (b) पड़पोता
(c) पुत्र (d) पड़दादा

व्याख्या



प्रवीण, मोहन का पड़दादा हुआ।

15. A, B का पिता है। C, B की माँ है। B और D भाई बहन हैं। बताइये D और A में क्या रिश्ता है।
(a) पिता-पुत्र (b) पिता-पुत्री
(c) मामा-भाँजी (d) बता नहीं सकते
व्याख्या
आँकड़े अधूरे हैं क्योंकि यहाँ D का लिंग नहीं दर्शाया गया।

16. दीपक ने नितिन को कहा 'वह लड़का जो फुटबॉल खेल रहा है' मेरे पिता की पत्नी की पुत्री का छोटा बेटा है तो वह लड़का दीपक का क्या लगता है।
(a) भाई (b) भांजा
(c) भतीजा (d) बेटा
व्याख्या
दीपक के पिता कि पत्नी उनकी माँ हुई, जिसकी पुत्री दीपक की बहिन हुई तथा बहिन का छोटा बेटा दीपक का भांजा होगा।


17. एक स्त्री तथा एक पुरुष एक बस में यात्रा कर रहे थे। एक यात्री ने उनका रिश्ता पूछा तो स्त्री ने बताया कि इनकी (पुरुष) सास तथा मेरी सास आपस में मां और बेटी हैं, तो उनका रिश्ता क्या बना
(a) पति-पत्नी (b) पुत्रवधु व ससुर
(c) भाई-बहन (d) पिता व पुत्री
व्याख्या
माना कि पुरुष आप स्वयं है तथा उस स्त्री कि सास आपकी सास की बेटी है अर्थात उस स्त्री कि सास आपकी पत्नी हुई। अतः वह स्त्री आपके पुत्र की पत्नी है।

18. किसी पुरुष की मूर्ति देखकर संजय ने कहा- "इसकी माँ, मेरे पिता के पुत्र की पत्नी है, मेरे कोई भाई-बहिन नहीं है" संजय किसकी मूर्ति देख रहा था?
(a) अपने पुत्र की (b) अपने भतीजे की
(c) अपने चचेरे भाई की (d) अपने चाचा की
व्याख्या
क्योंकि देखने वाले के कोई भाई-बहन नहीं है। अतः उसके पिता के वही अकेला पुत्र है और मूर्ति की माँ उसकी पत्नी हुई। अतः वह अपने पुत्र की मूर्ति देख रहा है।

निर्देश :-(प्रश्न 19-20) निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए और फिर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए
1. A और B भाई हैं। 2. C, A की बहिन है।
3. D, E का भाई है। 4. E, B की पुत्री है।

19. D का चाचा कौन होगा?
(a) C (b) A
(c) E (d) B

20. D की बुआ कौन है?
(a) A (b) C
(c) B (d) E
व्याख्या
(19-20) के उत्तर निम्न चित्रानुसार है-



INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

अध्याय-9

Rank system [क्रम व्यवस्था]

जब एक या दो व्यक्तियों का स्थान पंक्ति में दाएँ या बाएँ से लेकर या कुल संख्या अथवा दाएँ बाएँ का प्रश्न पूछा जाता है तो यह परीक्षण क्रम व्यवस्था कहलाता है

प्रकार (Type) – 1 एक व्यक्ति के विपरीत मान

Note:- यदि एक व्यक्ति का दाएँ से स्थान और R तथा बाएँ से स्थान L हो तो कुल व्यक्तियों की संख्या ज्ञात करने के लिए निम्न सूत्र का प्रयोग किया जाता है-

$$T = R + L - 1$$

∴ T = कुल व्यक्तियों की संख्या

R = दाएँ / आगे / ऊपर / शिखर

L = बायें/ पीछे / नीचे तल

उदाहरण - विद्यार्थियों की कतार में राहुल बाएँ से 15वें स्थान पर तथा दाएँ से 11वें स्थान पर है, कतार में बैठे कुल विद्यार्थियों की संख्या ज्ञात करो।

हल – $T = R + L - 1$

$T = 15 + 11 - 1$

$T = 25$

Note:-यदि एक व्यक्ति का दाएँ से स्थान R तथा कुल व्यक्तियों की संख्या T हो तो बायें से स्थान ज्ञात करने के लिए निम्न सूत्र का प्रयोग किया जाता है।

$$L = T - R + 1$$

उदाहरण -50 छात्रों की कतार में मोहन दाएँ से 15वें स्थान पर है तो बाएँ से उसका स्थान क्या होगा?

हल – $L = T - L + 1$

$L = 50 - 15 + 1$

$35 + 1 = 36$

Note:-यदि एक व्यक्ति का बाएँ से स्थान L तथा कुल व्यक्तियों की संख्या T हो तो दाएँ से स्थान ज्ञात करने के लिए निम्न सूत्र का प्रयोग किया जाता है।

$$R = T - L + 1$$

उदाहरण -60 छात्रों की कतार में मिलन बायें से तीसरे स्थान पर है, दाएँ से उसका स्थान क्या होगा?

हल –$R = T - L + 1$

$R = 60 - 35 + 1$

$R = 25 + 1$

$R = 26$

प्रकार (Type) - 2 दो व्यक्तियों का आपस में स्थान बदलना

Note:-जब दो व्यक्ति आपस में स्थान बदल ले तो कतार में बैठे कुल व्यक्तियों की संख्या ज्ञात करना।

एक की नई स्थिति + दूसरे की पुरानी स्थिति -1

उदाहरण- छात्रों की कतार में रोहित दाएँ से 11वें स्थान पर है तथा मोहित बायें से 15वें स्थान पर है, यदि यह दोनों आपस में स्थान बदल ले तो रोहित दाएँ से 17वें स्थान पर आ जाता है तो बताइए कतार में कुल कितने छात्र है?

हल-एक की नई स्थिति + दूसरे की पुरानी स्थिति - 1

$= 17 + 15 - 1$

$= 32 - 1 = 31$

प्रकार (Type) - 3 दो व्यक्तियों के साथ मध्य की संख्या

कतार में अधिकतर संख्या = एक का बायाँ + दूसरे का बायाँ+ मध्य

उदाहरण - एक कतार में राम का स्थान बाएँ से 20वाँ श्याम का बाएँ से 15वाँ है। इन दोनों के बीच 2 छात्र हैं तो कतार में कुल कितने छात्र हैं?

हल-20 + 15 + 2 = 37

कतार में न्यूनतम संख्या ⇒

एक का दायाँ+ दूसरे का बायाँ - मध्य -2

उदाहरण - एक कतार में राम का स्थान दाएँ से 20वाँ व श्याम का बाएँ से 15वाँ है। इन दोनों के बीच 2 छात्र हैं तो कतार में कुल छात्रों की संख्या बताओ।

हल- 20 + 15 - 2 - 2 = 31

प्रश्न अभ्यास

1. एक पंक्ति में मोहन दोनों सिरो से छठा है तो पंक्ति में कुल कितने लड़के हैं ?

(a) 13 (b) 11

(c) 12 (d) 10

हल:

T = R + L - 1

6 + 6 - 1 = 12 - 1 = 11

2. किसी भी छोर से शुरू करने पर यदि किसी पंक्ति में आपका नंबर 11वां है तो यह बताइये की पंक्ति में कितने व्यक्ति हैं ?

(a) 11 (b) 20

(c) 21 (d) 22

हल:

T = R + L - 1

11 + 11 - = 22 - 1 =21

3. एक पंक्ति में अजय का स्थान दोनों छोर से 16वां है। उस पंक्ति में कितने लोग हैं ?

(a) 29 (b) 30

(c) 31 (d) 32

हल:

T = R + L - 1

16 + 16 - 1 = 32 - 1 = 31

4. अंकित का अपनी कक्षा में ऊपर से 9वां तथा नीचे से 38वां स्थान है तो कक्षा में कुल कितने छात्र हैं ?

(a) 45 (b) 46

(c) 47 (d) 48

हल:

T = R + L - 1

= 9 + 38 - 1

= 47 - 1 = 46

5. राशन की दुकान में बहुत बड़ी लाइन है, तो उस लाइन में रमेश का स्थान आगे से 16वां व पीछे से 15वां है, तो बताइये लाइन में कुल कितने लोग खड़े हैं?

(a) 30 (b) 31

(c) 32 (d) 33

हल:

T = R + L - 1 = 16 + 15 - 1 = 31 - 1 = 30

6. छात्रों की कतार में सुमन दाएँ से 27 वें स्थान पर तथा बाएँ से 38वें स्थान पर है तो कुल छात्रों की संख्या ज्ञात करें।

(a) 60 (b) 62

(c) 64 (d) 68

हल:

T = R + L – 1

= 27 + 38 – 1

T = 65 – 1 = 64

7. 31 विद्यार्थियों में राघव का स्थान 17वां है। बताएं कि अंतिम से उसका स्थान कौनसा होगा?

(a) 15 (b) 16

(c) 14 (d) 13

हल:

L = T - R + 1

= 31 – 17 + 1

= 31 – 17

= 14 + 1 = 15

8. 49 की एक पंक्ति में रमेश का रैंक शुरू से 18वां है, तो अंत से उसका रैंक क्या होगा?

(a) 18 (b) 19

(c) 31 (d) 32

हल:

L = T – R + 1

= 49 – 18 + 1

= 31 + 1 = 32

9. 37 विद्यार्थियों की कतार में राधा और सरोज का स्थान क्रमशः 10वां और 16वां है तो अंतिम छोर में उनका स्थान कौनसा होगा।

(a) 28, 22 (b) 27, 21

(c) 28, 20 (d) 27, 22

हल:

राधा का स्थान = T – R + 1

= 37 – 10 + 1

= 27 + 1 = 28

सरोज का स्थान = T – R + 1

= 37 – 16 + 1

= 21 + 1 = 22

10. मिलन एक लड़को कि लाइन में दाहिनी ओर से 12वां है, और बायीं ओर से चौथा है तो लाइन में कितने लड़के शामिल किए जाए कि 28 लड़के हो जाएँ?

(a) 12 (b) 14

(c) 20 (d) 13

हल:

T = R + L – 1 = 12 + 4 – 1

= 16 – 1 = 15

अतिरिक्त लड़के = 28 – 15

= 13 लड़के

11. एक कक्षा में रहमान का स्थान ऊपर से 14वां तथा अनीता का स्थान नीचे से 18वां है। यदि रहमान का स्थान नीचे से 26वां है, तो ऊपर से अनीता का स्थान क्या होगा?

(a) 22 (b) 20

(c) 23 (d) 25

हल:

T = R + L – 1

= 14 + 26 – 1 = 40 – 1 = 39

अतः अनीता का स्थान (ऊपर से)

= 39 – 18 + 1

= 39 – 17 = 22

12. लड़के कि एक पंक्ति में यदि A जो बायीं ओर से 11वाँ है और B जो दाहिने ओर से 10वाँ है। अतः ये अपने स्थान बदल लेते हैं, तो A बायीं ओर से 18वाँ हो जाता है। उस पंक्ति में लड़कों कि संख्या बताइये।

(a) 29 (b) 27

(c) 28 (d) 31

हल:

कुल = एक कि नयी स्थिति + दूसरे की पुरानी स्थिति - 1

= 18 + 10 - 1

= 28 - 1 = 27

13. लड़कियों कि एक पंक्ति में राधा बाएँ से 17 वें स्थान पर तथा प्रेमा दाएँ से 15वें स्थान पर है। जब ये दोनों अपना स्थान बदलती है तो प्रेमा बाएँ से 18वें स्थान पर आ जाती है। तो इस पंक्ति में कुल कितनी लड़कियां है?

(a) 22 (b) 35

(c) 34 (d) 40

हल:

कुल = एक की नयी स्थिति + दूसरे की पुरानी स्थिति - 1

= 18 +17 - 1 = 34

14. लड़कों की पंक्ति में गणेश बाएँ से 12 है और राजन दाएँ से 15 है। जब आनंद एवं दीपक अपनी स्थितियाँ बदल लेते हैं तो राजन दाएँ से 20वाँ होगा, तो ज्ञात करें पंक्ति में कुल कितने लड़के है?

(a) 29 (b) 30

(c) 31 (d) 32

हल:

कुल =एक की नयी स्थिति+पुरानी की स्थिति -1

= 20 + 12 - 1

= 32 - 1 = 31

15. लड़कों के एक पंक्ति में मनीष का स्थान बाएँ से 9वां और सुरेश का स्थान दाएँ से 9वां है। उनके द्वारा स्थानों को बदल लेने से सुरेश दायीं ओर से 18वाँ हो जाता है, मनीष का नया स्थान क्या होगा?

(a) 9 (b) 16

(c) 18 (d) 20

हल: - दोनों का आपस में स्थान बदल लेने पर एक के स्थान में जितनी कमी अथवा वृद्धि होती है, दूसरे के स्थान में उतनी ही कमी अथवा वृद्धि होती है।

प्रश्नानुसार सुरेश 9वें स्थान से 18वें स्थान पर आ गया अर्थात उसके स्थान में 9 की वृद्धि हुई। अतः मनीष की स्थान में भी 9 की वृद्धि होगी।

अतः मनीष का नया स्थान = 9 + 9 = 18

16. लड़कों की पंक्ति में जसवंत बाएँ से ग्यारहवाँ है और दीपक दाएँ से पन्द्रहवाँ है। तो जब जसवान और दीपक अपनी स्थितियाँ बदल लेते है, तो जसवंत बाएँ से पाँचवाँ होगा। निम्न में से दायीं ओर से दीपक की स्थिति कौन सी होगी।

(a) 7 (b) 17

(c) 27 (d) 9

हल: - प्रश्नानुसार जसवंत 11वें स्थान से 5वें स्थान पर आ गया अर्थात उसके स्थान में 6 स्थान की कमी हुई। अतः दीपक के स्थान में भी 6 की कमी होगी।

अतः दीपक का नया स्थान = 15 - 6 = 9

17. कुछ लड़के एक पंक्ति में बैठे हैं। P बाएँ से 14वें स्थान पर और Q दाएँ से 7वें स्थान पर बैठा है। यदि 4 लड़के इन दोनों के मध्य बैठे है, तो पंक्ति में कुल कितने लड़के बैठे है?

(a) 23 (b) 21

(c) 25 (d) 19

हल:

कुल संख्या = दायाँ + बायाँ + मध्य के व्यक्ति

= 14 + 7 + 4 = 21 + 4 = 25

18. अंकित ऊपर से 10वें स्थान पर तथा रवि नीचे से 21वें स्थान पर है। इनके बीच 3 लड़के हैं, तो पंक्ति में कुल कितने लड़के हैं?

(a) 34 (b) 33

(c) 31 (d) 32

हल:

कुल संख्या = दायाँ + बायाँ + मध्य के व्यक्ति

= 10 + 21 + 3 = 31 + 3 = 34

19. एक कक्षा में राजीव का स्थान ऊपर से 12वां है जबकि कृष्णा का स्थान नीचे से 26वां है। यदि इन दोनों के बीच में 5 विद्यार्थी हो तो कक्षा में कम से कम कितने विद्यार्थी हैं?

(a) 31 (b) 42

(c) 43 (d) 46

हल:

कुल संख्या (न्यूनतम/कम से कम) =

दायाँ + बायाँ – मध्य – 2

= 38 – 7 = 31

अध्याय-10

पहेली (puzzle)

विश्लेषणात्मक पहेली :-

इस प्रकार के प्रश्नों में दी गयी जानकारी के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर ज्ञात करने होते हैं इसके अंतर्गत आने वाले प्रश्नों को सारणी बनाकर हल किया जाता है।

1. सारणी बनाने के लिए सबसे पहले प्रश्न के निर्देश में दी गई जानकारियों को वर्गीकृत करते हैं अंत में सारणी का मिलान दी गई सभी जानकारियों से करना चाहिए जैसे :-

Ex- K , P , M , T , R , Q और D सात मित्र हैं , जो तीन कारों – X , Y ,Z में यात्रा कर रहे हैं। प्रत्येक कार में उनमें से कम से कम दो हैं उनमे से प्रत्येक को एक अलग रंग पसंद है – नीला, काला, सफेद, पीला, हरा, भूरा और लाल, लेकिन यह जरुरी नहीं की इस क्रम में हो जिस व्यक्ति को भूरा रंग पसंद है वह **Y** कार में यात्रा नहीं कर रहा है **Y** कार में **T** केवल **K** के साथ यात्रा कर रहा है **Q** को पीला रंग पसंद है और वह **X** कार में यात्रा कर रहा है **D** को नीला रंग पसंद है तथा **M** को सफेद रंग पसंद है और दोनों **X** कार में यात्रा नहीं कर रहे हैं **R** को काला रंग पसंद है और वह **X** कार में यात्रा कर रहा है **K** को हरा रंग पसंद नहीं है।

Q.1 – T को कौनसा रंग पसंद है ?

(a) लाल (b) हरा (c) लाल या हरा

(d) आंकड़े अपर्याप्त है।

(e) इनमें से कोई नहीं।

Q2 – उनमें से कौन किस कार से यात्रा कर रहे हैं ?

(a)X (b)Z (c) X या Z

(d)आंकड़े अपर्याप्त है।

(e) इनमें से कोई नहीं।

Q3 – P किस कार से यात्रा कर रहा है ?

(a) Y

(b) Z
(c) X
(d) आंकड़े अपर्याप्त हैं।
(e) इनमे से कोई नहीं।

Q4- निम्नलिखित में से व्यक्तियों का कौन-सा समूह Z कार में यात्रा कर रहा है ?

(a) DMP
(b) QRP
(c) DMK
(d) आंकड़े अपर्याप्त हैं।
(e) इनमे से कोई नहीं।

Q5- निम्नलिखित में से कार-व्यक्ति-रंग का कौन-सा सयोजन सही है ?

(a) X-Q-पीला
(b) Y-T-हरा
(c) Z-D-नीला
(d) X-R-काला
(e) ये सभी

Ans: प्रश्नानुसार ,

मित्र	रंग	कार
K	लाल	Y
P	भूरा	X या Z
M	सफेद	Z
T	हरा	Y
R	काला	X
Q	पीला	X

1. (b) T को हरा रंग पसंद है।

2. (c) कार X या Z में तीन मित्र यात्रा कर रहे हैं।

3. (d) P ,X या Z कार में यात्रा कर रहा है ,परन्तु निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता है की P किस कार में यात्रा कर रहा है अतः आंकड़े अपर्याप्त है।

4. (d) Z कार में M तथा D तो यात्रा कर रहे है परन्तु P के विषय में निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता है अत आंकड़े अपर्याप्त है।

5. (e) दिए गए सभी सयोजन X-Q-पीला ,Y-T-हरा ,Z-D-नीला ,X-R-काला सही है।

अध्याय-II

बैठक व्यवस्था

(Sitting arrangement)

बैठक व्यवस्था के प्रकार –

i) रेखीय व्यवस्था (linear arrangement)
ii) दो पंक्ति बैठक व्यवस्था(double row arrangement)
iii) वृत्तीय व्यवस्था (circle arrangement)
iv) आयताकार बैठक व्यवस्था (rectangular arrangement)
v) षटकोण बैठक व्यवस्था (hexagonal arrangement)

प्रकार I (रेखीय व्यवस्था)

- अतः इस प्रकार रेखीय बैठक व्यवस्था के प्रश्नों को हल करते समय हम अपने बाहिने तरफ को बायाँ और दाहिने तरफ को दायाँ मानते हैं।

  बाएँ left ⟷ right दाएँ
- इस विषय पर एक सीधी रेखा या पंक्ति में दिए हुए संख्याओं या व्यक्तियों को व्यवस्थित करना होता है।
- सामान्यतः इसमें बाएँ तथा दाएँ जैसे प्रश्न पूछे जाते हैं।


Example

Q.A, B, C, D, E तथा F एक सीधी लाइन में बैठे हुए हैं। जिसमें केवल E और F ही बीच में बैठे हैं। तथा A और B अंतिम छोर पर बैठे हुए हैं। इस स्थिति में यदि C, A के बाई ओर व्यवस्थित है, तो B के दाई ओर कौन बैठा होगा।

A) A B) D

C) E D) F

हल:



प्रकार 2(दो पंक्ति बैठक व्यवस्था)

इस प्रकार के प्रश्नों में व्यक्तियों की दो पंक्ति अथवा पंक्तियों का समूह रहता है, जो एक दूसरे के आमने - सामने या एक दूसरे के विपरीत हो सकते हैं।

Example

Q. एक पंक्ति में 5 पुरुष A, B, C, D, E दक्षिण की ओर मुंह करके बैठे हुए हैं तथा पांच महिलाएं M, N, O, P, Q उत्तर की ओर मुंह करके बैठी हैं

- जिसमें B D के ठीक बाएँ बैठा है तथा Q के विपरीत है।
- C व N एक दूसरे से ठीक तिरछे बैठे हुए हैं एवं E, O की विपरीत तथा के ठीक दाहिने स्थान पर है जो के ठीक बाएँ स्थान पर है और D के ठीक विपरीत है

1. महिलाओं की पंक्ति में अंतिम स्थान पर कौन है?

a. B b. O
c. P d. N

2. O के दाई ओर तीसरे स्थान पर कौन है?

a. Q b. N
c. M d.आंकड़ा अपर्याप्त

3. N के विपरीत कौन है?

a. B b. A
c. C d. D

हल:

पुरुष-	C	E	D	B	A
	↓	↓	↓	↓	
महिला -	M	O	P	Q	N

Ans.- 1. N 2. N 3. A


प्रकार 3 (वृत्तीय व्यवस्था)

इस प्रकार के प्रश्नों में एक वृत्त के चारों ओर बैठे होते हैं। जिसमें दिए हुए तर्क को ध्यान में रखते हुए व्यक्तियों के स्थान का पता लगाना होता है। इस प्रकार के प्रश्नों में सामान्यतः तीन प्रकार से लोगों को बिठाया जा सकता है।

1. सभी केंद्र की ओर मुंह करके बैठ सकते हैं


L- left side बाई तरफ

R-right side दाएँ तरफ



Example

Q. दोस्त केंद्र की ओर मुख करके एक वृत्त के इर्द-गिर्द बैठे हैं, जिसमें सीता, मोहन और रमेश के बीच बैठी हैं, तथा प्रीति, राहुल और सूरज के मध्य बैठी है। अब यदि मोहन और राहुल एक दूसरे के ठीक विपरीत बैठे हुए है। तब



1. मोहन के ठीक दाहिने कौन बैठा / बैठी है?

A) राहुल B) सीता

C) रमेश D) सूरज

हल: D) सूरज

2. सीता के ठीक बाएँ कौन है


A) रमेश B) प्रीति

C) मोहन D) राहुल

हल:

या तो सभी केंद्र की ओर पीठ करके अर्थात वृत्त के बाहर विपरीत दिशा में मुख करके बैठ सकते हैं।

Q. 8 लोग A, B, C, D, E, F, G और H एक वृत्त के इर्द-गिर्द में केंद्र की विपरीत दिशा में मुंह करके बैठे हुए है। जिसमें C, E के बाई ओर तथा A के दाई ओर बैठा है, एवं G के विपरीत दिशा में बैठा है। C के दाई ओर तीसरे स्थान पर F बैठा है, जो कि B का विपरीत है। H, D का विपरीत है, जो कि Gके बाएँ है।



1. C के दाहिने स्थान पर कौन बैठा है?

A). D B). B

C). G D). A

हल: D


2. F के बाएँ स्थान पर कौन बैठा है?


A). E B). A

C). D D). H

हल: E

2. वृत्तीय व्यवस्था में दूसरी तरह के प्रश्नों में कुछ केंद्र की ओर मुख करके बैठ सकते हैं तथा कुछ केंद्र के बाहर की ओर मुख करके बैठ सकते है।





Q. 8 छात्र A, B, C, D, E, F, G और H एक व्यक्ति के इर्द-गिर्द (जरूरी नहीं क्रमवार हो) बैठे हुए है। जिसमें से कुछ केंद्र की ओर तथा कुछ केंद्र के विपरीत दिशा की ओर मुंह करके बैठे हुए है। जिसमें A, C के दाएँ और दूसरे स्थान पर स्थित है, लेकिन H के ठीक बाएँ स्थान पर बैठा है। यदि H, E के दाएँ चौथे स्थान पर है, जबकि H व E के मुंह के दिशा एक ही दिशा की ओर है। D, E के दो स्थान बाएँ स्थित है, लेकिन F के ठीक विपरीत है। F के ठीक बाएँ B बैठा है तथा B के बाएँ दूसरे स्थान पर G बैठा है, जो C के ठीक विपरीत है।

1. निम्नलिखित में से किसका एक ही दिशा की ओर मुंह है?

A). G और C B). A और B

C). F और D D). इनमें से कोई नहीं

2. निम्नलिखित में से किसके मुंह की दिशा एक दूसरे की दिशा के ठीक विपरीत है?

A). D, F B). A, B


C). E, H D). कोई नहीं

3. E के दाहिने ओर चौथे स्थान पर कौन है?

A). H B). A

C). G D). D

प्रकार 4(आयताकार बैठक व्यवस्था)




इस प्रकार की बैठक व्यवस्था में anticlockwise (वामावर्त) मतलब दाएँ तथा दक्षिणावर्त मतलब बाएँ ।

Q. चार मित्र ताश के पत्ते खेलते है। मिलन, माधुर्य्य के दाएँ और अमिताभ, देवप्रितम के बाएँ में बैठा है। कौन-कौन सी जोड़ी आपस में मित्र है।(आमने सामने)

A).माधुर्य्य व देवप्रीतम B). माधुर्य्य व मिलन


C).अमिताभ व मिलन D).अमिताभ व माधुर्य्य

हल:



अतः अमिताभ का माधुर्य्य आमने-सामने मित्र है।

प्रकार 5(षटकोणीय बैठक व्यवस्था)




वृत्तीय बैठक व्यवस्था की तरह षटकोणों के आधार पर बाएँ और दाएँ प्रवृत्ति में प्रश्नानुसार बैठक व्यवस्था व्यवस्थित करनी होती है।

इसलिए A, B के बाएँ और है और B, A दाई और है।

Q. 6 दोस्त A, B, C, D, E तथा F खेल खेलने के लिए षटकोणीय व्यवस्था में टेबल के किनारे बैठे है।

- **F के विपरीत A बैठा है। जिसके बाएँ में B बैठा है।**
- **D, A और B के बीच व्यवस्थित है, जो कि C का विपरीत है।**



1. A किन दोनों के बीच बैठा है?

A). D और E B). B और E

C). B और C D). C और E

2. C के विपरीत कौन बैठा है?

A). C B). A

C). E D),.इनमें से कोई नहीं

उत्तर – 1. A, D और E के बीच बैठा है।

2. B के विपरीत में E व्यवस्थित है

अभ्यास प्रश्न


Q. 1. फोटो खिंचवाने के लिए A, B, C, D व E एक टेबल पर बैठे हैं(जरूरी नहीं क्रमवार हो)

- जिसमें A, B के दाईं ओर बैठा है व C के दाहिने स्थान पर D बैठा है। जबकि D, E के साथ नहीं बैठा है। जो कि बाएँ स्थान पर अंतिम छोर पर बैठा है तथा C दाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है।
- जबकि A, B व E के दाहिने ओर बैठा है व A और C एक साथ बैठे हैं। तब A किन दो के मध्य है ज्ञात करें।

A) B व D के मध्य में (B) B व C के मध्य में

C) E व C के मध्य में (D) C व E के मध्य में

हल:




उत्तर -B व C के मध्य में A बैठा हुआ है।

Q. 2. 6 व्यक्ति एक पंक्ति में बैठे हुए हैं। O, Y और G के मध्य बैठा हुआ है। Y, K के पास बैठा है। K, M के पास बैठा है, जो बाएँ तरफ का अंतिम बिंदु है और I के पास G बैठा है।


- **Y के पास कौन बैठा है**

हल: सर्वप्रथम दिए गए प्रश्न अनुसार सूचना को व्यवस्थित करना।


(i) O, Y और G के मध्य बैठा है।




(ii) Y, K के पास



(iii) K M के पास बैठा है जो बाई तरफ से अंतिम बिंदु है। बाई तरफ



(iv) I के पास G बैठा है।



इसलिए,K और O के पास Y बैठा है

Q. 3. निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।

- 6 व्यक्ति A, B, C, D, E और F एक दूसरे के सामने दो समूहों में अपना नाश्ता कर रहे हैं।
- D और A एक ही पंक्ति में नहीं हैं,
- E, F के बाएँ ओर है और C की तरफ मुंह है।
- B एक समूह के मध्य में है।
- D, B के बाएँ है।

1. निम्नलिखित में से कौन सी जोड़ी आमने-सामने है?

A). CA B). BA

C). DA D). DE

2. निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प एक साथ एक पंक्ति में बैठी हुई है?

A). A, E, B B). E, F, B

C). D, E, F D). A, E, F


3. B के सामने कौन है?

A). C B) A


C). E D). F

हल:


1. B एक समूह के मध्य में है।




2.D, B के बाएँ है।




3. E, F के बाएँ है और C की तरफ मुंह है।

[1st पंक्ति] 

[2nd पंक्ति] 

4. D और A एक पंक्ति में नहीं है।

[1st पंक्ति] 

[2nd पंक्ति] 

उत्तर-1. D, A एक दूसरे के आमने-सामने है।

2. D, E, F एक ही पंक्ति में व्यवस्थित है।

3. F, B के सामने है।

Q. 4. 8 लोग A, B, C, D, E, F, G, H केंद्र की ओर मुंह करके एक टेबल के गिर्द बैठे हुए है। जिसमें 2 लोग प्रत्येक साइड / दिशा में बैठे हुए है।

- जिसमें A, D के विपरीत बैठा है तथा D, B व E के मध्य बैठा है। जबकि B जो F के विपरीत बैठा है तथा उसके बाएँ दूसरे स्थान पर G बैठा है, जो C के विपरीत है।

1. D के दाहिने तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

A. A B. C

C. G D. F

2. G व B के ठीक मध्य कौन बैठा है?

A. H B. F


C. D D. A

3. B के विपरीत कौन है?

A. H B. F

C. D D. A

हल:



उत्तर –1. D के दाहिने तीसरे स्थान पर A है

2. G व B के मध्य H बैठा है

3. B, F का विपरीत है

बैठक व्यवस्था (अभ्यास प्रश्न)

(1.) सात व्यक्ति A,B,C,D,E,F और G एक सीधी पंक्ति में खड़े हैं। D,G के दाई ओर है। C,A और B के बीच में है। E,F और D के बीच में है। G और B के बीच में तीन व्यक्ति है। बिल्कुल बाई ओर कौन खड़ा है?

(i) A (ii)B

(iii)D (iv)G(✓)


⇒ G D E F B C A

(2.) 6 लड़कियां एक वृत्त में केंद्र की ओर मुंह करके खड़ी हैं। B,V के बाई ओर है। R,B और M के बीच में है। J,V और N के बीच में है, M के बाई ओर कौन है?

(i) R (ii) N(✓)

(iii) V (iv) B

⇒



(3.) सड़क के एक ओर सम संख्याएँ हैं दूसरी ओर विषम संख्याएँ हैं। संख्या 1 ठीक संख्या 2 के सामने है। मेरे मकान संख्या 9 है। मेरे मकान में एक आदमी मकान संख्या 2 से आता है और दरवाजा खटखटाता है जो मेरे मकान के सामने के मकान से पाँच दरवाजे दूर है। उस मकान की संख्या क्या होगी?

(i) 18 (ii) 20(✓)

(iii) 22 (iv) 26

⇒ 1 3 5 7 9

2 4 6 8 10


12 14 16 18 20

(4.) छह व्यक्ति R,X,L,M,A,T वृत्त के केंद्र की ओर मुंह करके खड़े हैं। X और M के बीच L खड़ा है। M और T के बीच A खड़ा है। R और L के बीच X खड़ा है। A अब M के बाई ओर T के दाएँ ओर खड़ा है। R के बाद कौन खड़ा है ?

(i) X(✓) (ii) L

(iii) A (iv) M

⇒ X




(5.) 8 मित्रों S,P,L,E,N,D,O,R का समूह एक वृत्त में समान दूरी पर बैठे हैं। S और P उत्तर-दक्षिण में और L तथा E पूर्व-पश्चिम दिशा में बैठे हैं। N,S और L के बीच में बैठा है और O के सामने तिरछा बैठा है। R यदि E के बाद बैठा है तो D कहां बैठा है?

(i) O और T के बीच (ii) E और T के बीच


(iii) P और L के बीच(✓) (iv) E और S के बीच

⇒



(6.) छह व्यक्ति एक वृत्त में बैठे हैं। A के सामने B है। B,E के दाई ओर और C के बाई ओर है। C,D के बाई ओर है। F,A के दाई ओर है। अब D,F के साथ और E,B के साथ अपनी सीट अदला-बदली कर लेते हैं। D के बाएँ ओर कौन बैठा होगा ?

⇒




ANS- D के बाएँ ओर A बैठा है

(7.) 6 लड़कियां इस प्रकार खड़ी हुई हैं कि वे अंदर केंद्र की ओर देखते हुए घेरा बनाती हैं। सुब्बू, पप्पू के बाई ओर है, रेवती, सुब्बू और निशा के बीच में है। अरुण, पप्पू और कीर्तन के बीच में है पप्पू के बाई ओर कौन है?

(i)सब्बू(✓) (ii)कीर्तन

(iii)निशा (iv)अरुण

⇒




सुब्बू, पप्पू के बाई ओर है ।

(8.) एक सड़क पर एक पंक्ति में 5 बसें M,N,O,P,Q हैं। बस M के सामने और Q पिछले छोर पर खड़ी है। N बस M और O के बीच में खड़ी है। P बस O और Q के बीच में खड़ी है कौन सी बस पांचों के बीच में खड़ी है?

(i) M (ii) P

(iii) N (iv) O(✓)



(9.) A,B,C,D और E पांच स्कूल है जिनका मुँह उत्तर की ओर है। A,E और B के बीच में है। E,D के दाई ओर है। यदि C और D दो छोरों पर हो तो C के बाई ओर कौन सा स्कूल है ?

(i) E (ii) A

(iii) D (iv) B(✓)


⇒ D E A B C

B,C के बाई ओर है।

(10.) 6 लड़के A,B,C,D,E,F एक पंक्ति में पश्चिम दिशा में मुंह करके बैठे हैं। D,A और C के बीच में बैठा है। B,C के ठीक दाएँ ओर और F के बाई ओर है। E दाएँ छोर पर नहीं है। तो दाएँ छोर पर कौन है?

(i) C (ii) F (✓)

(iii) D (iv) B




⇒

दाएँ छोर पर F होगा।

(11.) पांच व्यक्ति (R,S,T,U तथा V)आरक्षण काउंटर की ओर मुंह करके एक पंक्ति में हैं। S के ठीक पीछे U है। T,R और V के बीच खड़ा है। R और U के बीच कोई नहीं है। तो व्यक्ति S कहां खड़ा है?

(i)अंत में एक पहले (ii)पहला(✓)
(iii)दूसरा (iv)अंत में

⇒S पहले स्थान पर खड़ा है।



(12.) एक पंक्ति में बैठे एक पैनल के छह सदस्यों में से X,Q के बाई ओर है किंतु P के दाई ओर है। Y,Q के दाई ओर है किन्तु Z के बाई ओर है Z,R के बाई ओर है। छोरो पर कौन से सदस्य है?

(i) QZ (ii) XZ

(iii) PR(✓) (iv) QY

⇒P X Q Y Z R

(13) 6 व्यक्ति A,B,C,D,E,F दो पंक्तियों में बैठे हैं, प्रत्येक में 3 है। यदि E किसी सिरे पर नहीं है। D,F के बाएँ में दूसरा है। C,E का पड़ोसी है और D के विकर्णत: सामने बैठा है और B,F का पड़ोसी है तो B के सामने कौन होगा?

(i)A (ii) E (✓)

(iii) C (iv) D

⇒A E C

D B F


E,B के सामने होगा।

(14.) कुछ मित्र अष्टभुज स्थान पर एक - एक कोने में बैठे हैं। सब का मुख बीच की ओर है। महिमा तिरछे रूप में राम के सामने बैठी है। राम, सुषमा के दाहिने तरफ बैठा है। रवि, सुषमा के बगल में और गिरधर के सामने बैठा है। गिरधर चंद्रा के बाएँ तरफ बैठा है। सावित्री महिमा के दाहिने तरफ नहीं है लेकिन शालिनी के सामने है। शालिनी के दाहिने तरफ कौन बैठा है?

(i)रवि(✓) (ii)महिमा

(iii)गिरधर (iv)राम

⇒




रवि, शालिनी के दाहिने तरफ बैठा है।


(15.) एक सीढ़ी पर सात व्यक्ति खड़े हैं। A,B,C,D,E,F और G परंतु उसी क्रम में नहीं है। A,E से ऊपर है परंतु C से नीचे है। B मध्य में है। G,A तथा B के बीच में है। E,B तथा F के बीच में है। अगर F,E तथा D के बीच में है, तो सीढ़ी के सबसे नीचे कौन खड़ा है ?

(i) B (ii) F

(iii) D(✓) (iv) E

⇒






D, सीढ़ी के सबसे नीचे है।

(16.) किसी गोलाकार व्यवस्था में 3 लड़के (B_1, B_2, B_3) और 3 लड़कियां (G_1, G_2, G_3) किसी रात्रि भोज के लिए क्रमानुसार बैठे हैं तो लड़का B_3 और लड़की G_3 की क्या स्थिति होगी , यदि दो लड़कियां एक साथ न बैठें।

(i) 4^{th} और 5^{th} (ii) 5^{th} और 6^{th}(✓)

(iii) 3^{rd} और 4^{th} (iv) 3^{rd} और 6^{th}

⇒



निर्देश (17-21) दिए गए कथनों को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दें।


(i) L,M,N,P,Q,R और S एक वृत्त बनाकर बैठे हैं और ताश खेल रहे हैं।

(ii) N जो P का पड़ोसी है वह R का पड़ोसी नहीं है।

(iii) Q,R के बाई ओर दूसरे स्थान पर है।

(iv) N,S के बाएँ ओर दूसरे स्थान पर है, जो कि M का पड़ोसी है।

⇒



(17.) निम्न में से कौन सा कथन सत्य है?

(i) Q,S और L का पड़ोसी है।(✓)

(ii) M,S और L का पड़ोसी है।

(iii) R,P और M का पड़ोसी है।

(iv) L,P और Q का पड़ोसी है।

विकल्प (i)सत्य है।

(18.) निम्न युग्मों में से किस युग्म में दूसरा व्यक्ति पहले के दाहिने ओर बैठा है।

(i) RM (ii) NQ

(iii) QS (iv)None of these(✓)

(19.) निम्न युग्मों में से किस युग्म में से पहला व्यक्ति दूसरे व्यक्ति के बाई ओर तीसरे स्थान पर है।

(i) RM (ii) SL

(iii) SR(✓) (iv) NL

(20.) S के ठीक दाहिने ओर कौन बैठा है?

(i) M (ii) R

(iii) Q(✓) (iv) L

(21.) L का स्थान क्या है?

(i) R के ठीक दाहिने ओर

(ii) M के बाई ओर दूसरे स्थान पर

(iii) Q के ठीक दाहिनी ओर (✓)


(iv) M और R के बीच में

(22.) चार लड़कियां तथा चार लड़के एक वर्ग में केंद्र की ओर मुंह करके बैठे हुए हैं। प्रत्येक , वर्ग के कोनों पर तथा उसकी भुजा के मध्य बिंदुओं पर बैठे हैं। मधु की स्थिति उषा के ठीक सामने विकर्ण रूप में है, जो गीता के दाहिने ओर बैठी है। गीता से अगला टॉम, गोपी के सामने है जो बोस के बाई ओ बैठा है। सीमा की स्थिति मधु के दाहिने ना होकर प्रेमा के सामने है। बोस के सामने कौन बैठा है?

(i)गीता(✓) (ii)प्रेमा

(iii)सीमा (iv)मधु

⇒



अध्याय-12

घड़ी (clock)

घड़ी की सुइयों के द्वारा बनाए गए कोण

सेकंड की सुई

60 Sec में एक चक्र पूरा करती है।

60 Sec में बना कोण = 360^o

1 Sec में बना कोण = 360/60 = 6^o

मिनट की सुईः-

मिनट की सुई एक चक्र 60 मिनट में पूरा करती है।

डिग्री =

1 घंटे/60 मिनट में बनाया गया कोण = 360^o

1 मिनट में बनाया गया कोण = 360/60 = 6^o

60 Sec में मिनट की सुई द्वारा बनाया गया कोण = 6^o

5 मिनट में मिनट की सुई द्वारा बनाया गया कोण = 6 X 5 = 30^o

घंटे की सुईः-

घंटे की सुई 1 चक्र पूरा करती है = 12 घंटे में

12 घंटे में घंटे की सुई द्वारा बना कोण = 360^o

1 घंटे में घंटे की सुई द्वारा बना कोण =360/12 = 30^o

60 मिनट में घंटे की सुई द्वारा बना कोण = 30^o

1 मिनट में घंटे की सुई द्वारा बना कोण = 30/60 = $1/2^o$

60 सेकंड में घंटे की सुई द्वारा बना कोण = $1/2^o$

1 सेकंड में घंटे की सुई द्वारा बना कोण = $\frac{1}{2X60}$ = $1/120^o$

Q. एक घड़ी में 3 बजकर 40 मिनट का समय हो रहा है तो उस घड़ी की दोनों सुइयों में मध्य बना कोण ज्ञात करो?

हल:

समय = 3:40

Type i) A)120⁰	✓B) 130⁰	C) 180⁰	D) 150⁰
Type ii)A)120⁰	B) 180⁰✓	C) 230⁰	D) 150⁰
Type iii)A)120⁰	✓B) 130⁰	C) 230⁰	D) इनमे से कोई नहीं
Type iv)A)120⁰	✓B) 130⁰	C) 230⁰	D) B या C मे से कोई एक
Type v)A)120⁰	✓B) 130⁰	C) 230⁰	D) B तथा C दोनों
	90%		10%

कोण = (11 x मिनट – 60 x बजे)/2

(11x40 – 60 x 3)/ 2 = (440–180)/2

= 260/2 = 130⁰

= 360 – 130 = 230⁰

Q. एक घड़ी में 2:50 का समय हो रहा है तो उस घड़ी की दोनों सुइयों के मध्य कोण ज्ञात करो?

A) 215⁰ B) 145⁰

C) A तथा B दोनों D) इनमें से कोई नहीं

हल:

= (11 x 50 – 60 x 2)/2

= (550 – 120)/2

= 430/2 =215

= 360-215 = 145

Q. एक घड़ी में 2:50 का समय हो रहा है तो

i) घड़ी की घंटे तथा मिनट वाली सुइयों के मध्य कोण

ii) घड़ी की मिनट तथा घंटे वाली सुइयों के मध्य कोण ज्ञात करो?

हल:

(11 x 50 – 60 x 2)/2

430/2 = 215⁰

i) 215⁰ नाम के अनुसार clock wise चलने पर
ii) 145⁰ नाम के अनुसार clock wise चलने पर

Q. एक घड़ी में 10:5 का समय हो रहा है तो उस घड़ी की दोनों सुइयों के मध्य कोण ज्ञात करो?

हल:

(11 x 5 – 60 x 10)/2

= (55 – 600)/2 = 272.5

= 360 – 272.5 = 87.5

Q. एक घड़ी में 4:45 का समय हो रहा है यदि इस घड़ी के घंटे की सुई को 70⁰आगे की तरफ घुमा दिया जाए तो इस घड़ी में क्या समय होगा?

हल:

घंटे की सुई 1/2⁰विस्थापन होने में 1 मिनट का समय लेती है।

घंटे की सुई 1⁰ विस्थापन होने में 2 मिनट का समय लेती है।

घंटे की सुई 70⁰ विस्थापन होने में 140 मिनट का समय लेगी।

140 मिनट यानि 2:20 घंटे

4:45+2:20

6:65 मिनट यानि 7:05

Note:

i) घड़ी की दोनों सुइयों (मिनट तथा घंटे की सुई) के मध्य हमेशा दो कोण बनते हैं। उन दोनों कोणों का योग हमेशा 360⁰ होता है।
ii) यदि घड़ी की दोनों सुइयों के मध्य एक कोण ज्ञात हो तथा दूसरा कोण ज्ञात करना है तो उस कोण को 360⁰ में से घाट दिया जाता है।
iii) घड़ी की दोनों सुइयों के मध्य कोण का मतलब हमेशा उन दोनों कोणों में से छोटे वाला कोण आपका उत्तर होगा। यदि प्रश्न में सुइयों का नाम

नहीं दे रखा हो तथा यदि दिए गए विकल्पों में छोटे वाला कोण उपस्थित नहीं हो जबकि बड़े वाला कोण उपस्थित हो तो बड़े वाला कोण आपका उत्तर होगा।

iv) यदि प्रश्न में घड़ी की सुइयों के नाम दे रखे हो तो प्रश्न में उनके नाम के क्रम के अनुसार दक्षिणावर्त चलने पर जो कोण बनता है वही उस प्रश्न का उत्तर है।

v) अपवाद स्वरूप क्रमानुसार दक्षिणावर्त चलने पर जो कोण बन रहा है यदि वह विकल्प में उपस्थित नहीं हो तथा दूसरा कोण विकल्प में उपस्थित हो तो दूसरा वाला कोण उत्तर होगा।

अभ्यास प्रश्न

Q. एक घड़ी में 2:25 बजे का समय हो रहा है यदि इस घड़ी के घंटे वाली सुई को 105° आगे की तरफ घुमा दिया जाए तो इस घड़ी में क्या समय होगा?

हल:

घंटे की सुई

1/2° विस्थापन में = 1 मिनट

1° विस्थापन में = 2 मिनट

105° विस्थापन में = 210 मिनट

यानि 3 घंटे 30 मिनट

$$\begin{array}{r} 2 : 25 \\ + \quad 3 : 30 \\ \hline 5 : 55 \end{array}$$

Q. एक घड़ी में 1:12 बजे का समय हो रहा है इस घड़ी के घंटे की सुई को 75° पीछे की ओर घुमा दिया जाए तो यह घड़ी क्या समय दिखाएगी?

हल:- 75° विस्थापन = 75 x 2 = 150 मिनट

यानि 2:30

$$\begin{array}{r} 1 \quad : 12 \\ - \quad 2 \quad : 30 \\ \hline 10 : 42 \end{array}$$

अथवा

$$\begin{array}{r} 13 \quad : 12 \\ - \quad 2 \quad : 30 \\ \hline 10 : 42 \end{array}$$

Q. एक घड़ी में 9:40 मिनट का समय हो रहा है यदि इस घड़ी के घंटे की सुई को दक्षिणावर्त 135° घूमा दिया जाए तो यह घड़ी क्या समय दिखाएगी।

हल:

135° में विस्थापन = 270 मिनट

= 4:30 बजे

$$\begin{array}{r} 9 : 40 \\ \underline{4 : 30} \\ 14 : 10 \end{array}$$

यानि 2 : 10 बजे

Q. एक घड़ी में 5:18 मिनट का समय हो रहा है। यदि इस घड़ी के मिनट की सुई को 312 ° घुमा दिया जाए तो यह घड़ी क्या समय दिखाएगी?

हल:

मिनट की सुई

6° विस्थापन में समय = 1 मिनट

1° विस्थापन में समय = 1/6 मिनट

312° विस्थापन में = 1/6 x 312 = 52 मिनट

$$\begin{array}{r} 5 : 18 \\ \underline{\quad : 52} \\ 6 : 10 \end{array}$$

बजे

दोनों सुइयों की स्थितियाँ

i) अतिव्यापन/आच्छादित/संपाती (0° या 360°) ⇒

⇒ जब घड़ी की दोनों सुइया (मिनट तथा घंटे) एक दूसरे के ऊपर आ जाए तो इस स्थिति को अतिव्यापन/आच्छादित कहते हैं।

⇒ घड़ी की दोनों सुइयां हर घंटे में एक बार आच्छादित होती है तथा 12 घंटे में 11 बार आच्छादित होती है। इन दो घंटों में (11-12-1) केवल 1 बार 12 बजे आच्छादित होती हैं।

11-12-1 तथा 12-1 इन दो घंटों में केवल 1 बार

1 घंटे में = 1 बार

12 घंटे में = 11 बार

24 घंटे में = 22 बार

Q. घड़ी की दोनों सुइयां 1 दिन में कुल कितनी बार संपाती होती हैं

A) 11 बार **B)22 बार**

C) 44 बार **D) इनमें से कोई नहीं**

अतिव्यापन में मिनट बजे =

$\frac{60}{x}$ **बजे**

Q. 1:00 तथा 2:00 के मध्य घड़ी की दोनों सुइयां किस समय अतिव्यापन होंगी?

हल:

मिनट = $\frac{60}{11}X$ बजे

$\frac{60}{11}$ X 1

$5\frac{5}{11}$

समय = 1 बजकर $5\frac{5}{11}$ मिनट

Q. 2:00 तथा 3:00 के मध्य घड़ी की दोनों सुइयां किस समय अतिव्यापन होंगी

हल:

मिनट = $\frac{60}{11}$ बजे

$\frac{60}{11}X$ 2 = 120/11 = 10 $\frac{10}{11}$

समय = 2 बजकर $10\frac{10}{11}$ मिनट

Q. 10 तथा 11:00 के बीच घड़ी की दोनों सुइयां किस समय अतिव्यापन होंगी?

हल:

मिनट = $\frac{60}{11}$ बजे

= $\frac{60}{11}X$ 10 = 900/11 = 54 $\frac{6}{11}$

समय = 10 बजकर 54 $\frac{6}{11}$ मिनट

Q. 11 तथा 12:00 के मध्य घड़ी की दोनों सुइयां किस समय अतिव्यापन होंगी?

हल:

मिनट = $\frac{60}{11}X$ 11

मिनट = 11 बजकर 60 मिनट यानि 12 बजे

11 व 12 के मध्य अतिव्यापन नहीं होगी

Q. 11 तथा 12:00 के मध्य घड़ी की दोनों सुइयां किस समय अतिव्यापन होंगी?

हल:

मिनट = $\frac{60}{11}X$ 11

मिनट = 11 बजकर 60 मिनट

= 12 बजे

Q. 11:00 से 1:00 के मध्य दोनों सुइयां कितनी बार अतिव्यापन होंगी?

हल: एक बार

Q. 12:00 से 1:00 के मध्य घड़ी की दोनों सुइयां किस समय अतिव्यापन होंगी?

हल:

12:00 बजे

मिनट = $\frac{60}{11}$ X12 या 0

$\frac{60}{11}X$ 0 = 0 मिनट 12 बजकर 0 मिनट यानी = 12:00

Note:-

11 बार आच्छादित / संपाती होने में लगा समय = 12 घंटे

एक बार आच्छादित / संपाती होने में लगा समय = 12/11 घंटे

मिनट = (12/11)X 60 = 720/11

$= 65\frac{5}{11}$ मिनट

विपरीत दिशा⇒

घड़ी के दोनों सुइयों के मध्य जब 180^0 का कोण बने तो वे दोनों सुइयां एक दूसरे के विपरीत दिशा में होती है।

⇒घड़ी की दोनों सुइयां हर घंटे में एक बार विपरीत होती है तथा 12 घंटे में कुल 11 बार विपरीत दिशा में आती है क्योंकि 5-6 तथा 6-7 के मध्य केवल एक ही बार 6:00 बजे एक दूसरे के विपरीत दिशा में होती है।

⇒5-6 व 6-7 इन दो घंटों में केवल एक ही बार 6:00 बजे एक दूसरे के विपरीत दिशा में होती हैं। दिन (24 घंटे) में घड़ी की दोनों सुइयां कुल 22 बार एक दूसरे के विपरीत दिशा में आती हैं।

अभ्यास प्रश्न

Q.घड़ी की दोनों सुइयां 12 घंटे में कुल कितनी बार एक ही सीध में आती हैं?

A) 11 बार B) 22 बार

C) 44 बार D) इनमें से कोई नहीं

11 बार ⇒ विपरीत

11 बार ⇒ आच्छांदित ⇒ 11 + 11 = 22

Q. घड़ी की दोनों सुइयां एक दिन में कुल कितनी बार एक ही सीध में आती हैं ?

हल:

22 + 22 = 44 बार

विपरीत आच्छांदित

Q. 1 दिन में कुल कितनी बार एक ही सीध / सरल रेखा तथा एक ही दिशा में आती हैं?

हल: 22 बार

Q. 1 दिन में कुल कितनी बार एक ही सीध तथा विपरीत दिशा में आती हैं?

हल:22 बार

विपरीत दिशा में मिनट = $\frac{60}{11}$x (बजे ± 6)

(+) ⇒जब घड़ी में समय 6:00 से कम हो तो - जुड़ेगा

(-) ⇒जब घड़ी में समय 6:00 से अधिक हो तो – घटेगा

⇒ 6 + 6 = 12/0 या 6-6 = 0/12

Q. घड़ी की दोनों सुइयां 2 तथा 3 के मध्य के समय एक दूसरे के विपरीत दिशा में होंगी-

हल:

मिनट = $\frac{60}{11}$X (2+6)

480 / 11 = $43\frac{7}{11}$

2 बजकर $43\frac{7}{11}$ मिनट

Q. घड़ी की दोनों सुइयां 9 तथा 10 के मध्य किस समय एक दूसरे के विपरीत दिशा में होंगी?

हल:

मिनट = $\frac{60}{11}$X (9-6)

= $\frac{60}{11}$x 3 = 180 / 11 = $16\frac{4}{11}$

= 9 बजकर 16 $\frac{4}{11}$मिनट

Q. घड़ी की दोनों सुइयां 5 तथा 6 के मध्य किस समय एक दूसरे के विपरीत दिशा में होंगी?

हल:

मिनट = $\frac{60}{11}$X (5+6)

= $\frac{60}{11}$x 11 = 60

= 5:60 या 6 बजे

5 तथा 6 के मध्य एक दूसरे के विपरीत दिशा में नहीं होती है परंतु 6:00 बजे एक दूसरे के विपरीत दिशा में होती है।

Q. घड़ी की दोनों सुइयां हर बार विपरीत दिशा में आने में कुल कितना समय लेती है?

हल:

i) A) 12/13 B) 11/12

✓C) 12/11 D) इनमें से कोई नहीं।

<u>लंबवत या समकोणीय या 90° कोण पर</u>⇒

⇒घड़ी की दोनों सुइयां हर घंटे 2 बार एक दूसरे के लंबवत होती है।

⇒घड़ी की दोनों सुइयां 12 घंटे में 22 बार एक दूसरे के लंबवत होती है क्योंकि 2 से 4 तथा 8 से 10 इन 2 -2 घंटे के अंतराल में 4 - 4 बार की वजह 3 - 3 बार ही एक दूसरे के लंबवत होती है।

⇒एक दिन अर्थात 24 घंटे में कुल 44 बार एक दूसरे के लंबवत होती है।

$$\text{मिनट} = \frac{60}{11}(\text{समय} \pm 3)$$

Q. 1:00 से 2:00 के मध्य घड़ी की दोनों सुइयां किस समय एक दूसरे के लंबवत होती हैं?

हल:

$\frac{60}{11}$ (13 -3)

$\frac{60}{11}$ (10) = 600/11 = 54$\frac{6}{11}$

दूसरी बार ⇒ 1 बजकर 54 $\frac{6}{11}$मिनट

तथा

$\frac{60}{11}$ (1+3)

$\frac{60}{11}$ (4) = 240/11 = 21 $\frac{9}{11}$

पहली बार ⇒ 1 बजकर 21$\frac{9}{11}$मिनट

Q. घड़ी की दोनों सुइयां 2:00 से 3:00 के मध्य किस समय एक दूसरे के लंबवत होती हैं?

हल:

$\frac{60}{11}$ (2+3)

300/11 = 27 $\frac{3}{11}$

पहली बार लंबवत ⇒ 2 बजकर 27 $\frac{3}{11}$मिनट

तथा

$\frac{60}{11}$ (2 - 3)

$\frac{60}{11}$ (11) = 60

2:60 यानि 3 बजे

Q. घड़ी की दोनों सुइयां 11:00 से 12:00 के मध्य किस-किस समय एक दूसरे के लंबवत होंगी?

हल:

$\frac{60}{11}$ (11+ 3) = $\frac{60}{11}$ (2) = 120/11 = 10$\frac{10}{11}$मिनट

पहली बार लंबवत = 11 बजकर 10 $\frac{10}{11}$

$\frac{60}{11}$ (11- 3)=$\frac{60}{11}$ (8)

480/11 = 43$\frac{7}{11}$

दूसरी बार लंबवत = 11 बजकर 43 $\frac{7}{11}$ मिनट

Q. घड़ी की दोनों सुइयां हर बार लंबवत होने में कितना समय लेती है?

हल:

22बार लंबवत होने में लगा समय = 12 घंटे

1 बार लंबवत होने में लगा समय = 6/11 घंटे

मिनट में $= \frac{6}{11} \times 60$

$= 360/11 = 32 \frac{8}{11}$ मिनट

Q. एक आदमी 8:00 से 9:00 के बीच ऑफिस तथा 4:00 से 5:00 के मध्य घर लौट आया तो उसने देखा कि घड़ी की दोनों सुइयों की स्थिति वैसी ही है जैसी जाते समय थी, तो

i) ऑफिस जाने का समय

ii) घर लौट आने का समय ज्ञात करो

$$\text{जाने का समय} = \frac{60}{13} \times \text{आने के बाद का समय}$$

$$\text{आने का समय} = \frac{60}{13} \times \text{जाने के बाद का समय}$$

हल:

जाने का समय $= \frac{60}{13} \times 5 = 300/13 = 23 \frac{1}{13}$ मिनट

$= 8$ बजकर $23 \frac{1}{13}$ मिनट

आने का समय $= \frac{60}{13} \times 9 = 540/13 = 41 \frac{7}{13}$ मिनट

$= 4$ बजकर $41 \frac{7}{13}$ मिनट

Q. एक आदमी 9:00 से 10:00 के बीच घर से बाजार गया तथा 1:00 से 2:00 के मध्य बाजार से घर लौट आया तो उसने देखा कि घड़ी की सुइयों की स्थिति वही है जो जाते समय थी तो उसके बाजार से आने व जाने का समय ज्ञात करो

हल:

आने का समय $= \frac{60}{13} \times 10 = 600/13 = 46 \frac{2}{13}$ मिनट

$= 1$ बजकर $46 \frac{2}{13}$ मिनट

जाने का समय $= \frac{60}{13} \times 2 = 120/13 = 9 \frac{3}{13}$ मिनट

$= 9$ बजकर $9 \frac{3}{13}$ मिनट

Q. एक घड़ी 13 बार बजने में कुल 36 सेकंड का समय लेती है तो 26 बार बजने में कुल कितने सेकेंड का समय लेगी?

हल:

13 बार बजने में समय = 36 sec.

यानी 12 अंतराल = 36 sec.

एक अंतराल = 36/12 = 3 sec.

26 बार बजने यानी 25 अंतराल का समय = 25 X 3 = 75 sec.

Q. एक घड़ी 8 बार बजने में 15 सेकंड का समय लेती है तो 20 बार बजने में कितना समय लेती है? हल:

8 बार बजने यानी साथ अंतराल = 15 sec.

एक अंतराल = 15/7 sec.

20 बार बजने यानी 19 अंतराल= (15/7)X19

$= 285/7 = 40 \frac{5}{7}$ मिनट

Q. एक घड़ी 1:00 बजे एक बार बजती है, 2:00 दो बार बजाती है, 3:00 बजे तीन बार बजती है। यही क्रम आगे भी चलता रहे, तो यह घड़ी 12 घंटे में कितनी बार बजेगी?

हल:

$1 + 2 + 3 + 4 \ldots\ldots\ldots\ldots 12$

$= \frac{\text{प्रथम पद} + \text{अंतिम पद}}{2} \times \text{कुल पदों की संख्या}$

$= \frac{1+12}{2} \times 12 \quad = 13 \times 6 = 78$

ii) 24 घंटे में यही घड़ी कितनी बार बजेगी?

हल:- 12 घंटे में = 78

24 घंटों में = 78 x 2

= 156 बार

Q. एक घड़ी 1:00 बजे दो बार बजती है। 2:00 बजे चार बार बजती है। 3:00 बजे छह बार बजती है।

और आगे भी यही क्रम चलता रहे, तो यह घड़ी । दिन में कुल कितनी बार बजेगी?

हल:

2 + 4 + 6 + ... + 24

$= \frac{2+24}{2}$ X 12 = 26 X 6 = 156

12 घंटे में = 156 बार

1 दिन (24 घंटे में) = 156x 2 = 312 बार

Q. एक घड़ी 1:00 बजे तीन बार बजती है 2:00 बजे 6 बार बजती है 3:00 बजे 9 बार बजती है आगे भी यह क्रम चलता रहे तो, यह घड़ी । सप्ताह में कितनी बार बजेगी?

हल:

3 + 6 + 9 ..... + 36

$= \frac{3+36}{2}$ X 12 = 39 X 6 = 234

12 घंटे में = 234 बार

1 दिन (2 घंटे में) = 234 x 2 = 468 बार

एक सप्ताह में = 468 x 7 = 3276 बार

Q. एक घड़ी 1:00 बजे दो बार बजती है, 2:00 पांच बार बजती है, 3:00 बजे आठ बार बजती है, और यही क्रम आगे भी चलता रहे, तो यह घड़ी । दिन में कितनी बार बजेगी?

हल:

2 + 5 + 8 ..... 12 वाँ पद

$a_{12} = a + 11d$

$= 2 + 11 \times 3$

$= 35$

$= \frac{2+35}{2} \times 12 = 37 \times 6$

$= 222$

12 घंटे = 222

1 दिन = 222 x 2 = 444

Q. एक घड़ी 1:00 बजे एक बार बजती है, 2:00 बजे सात बार बजती है, 3:00 बजे 13 बार बजती है और आगे भी यही क्रम चलता रहे, तो यह घड़ी 12 घंटे में कितनी बार बजेगी

हल:

1 + 7 + 13 ..... 12 वाँ पद

6 6

D = 6

$a_{12} = a + 11d$

$= 1 + 11 \times 6$

$= 67$

$= \frac{1+67}{2} x\ 12 = 68 \times 6 = 408$ बार बजेगी

Q.एक घड़ी हर घंटे सामान्य घड़ी से 5 मिनट तेज हो जाती है। यदि आज सुबह 9:00 बजे इस घड़ी को ठीक किया गया है, तो कल सुबह 9:00 बजे यह घड़ी क्या समय दिखाएगी?

हल:

आज	कल
9:00	9:00

24 घंटे

1 घंटे में तेज होती है = 5 मिनट

24 घंटे में तेज होगी = 5 x 24

= 120 मिनट यानि 2 घंटे

9:00 + 2 घंटे = 11:00 बजे

Q.एक घड़ी हर 5 घंटे में 15 मिनट तेज हो जाती है। यदि इस घड़ी को आज सुबह 10:00 बजे ठीक किया गया है, तो यह घड़ी परसों दोपहर को 2:00 बजे क्या समय दिखाएगी?

हल:

आज कल परसों दोपहर

10:00 10:00 10:00 2:00

24 24 4 52 घंटे

5 घंटे में तेज होती है = 15 मिनट

1 घंटे में तेज होती है = 15/5 = 3 मिनट

52 घंटे में तेज होगी = 3 x 52 = 156 मिनट

156 मिनट यानी 2 घंटे 36 मिनट

इस घड़ी का समय = 2 + 2 घंटे 36 मिनट

अध्याय-13

कैलेंडर Calendar

इस अध्याय/ परीक्षण से संबंधित समस्याओं को हल करने के लिए निम्नलिखित बिन्दुओं का ज्ञान अत्यावश्यक है-

⇒वर्ष दो प्रकार के होते हैं-

(i) सामान्य वर्ष,
(ii) लीप वर्ष।

(i) सामान्य वर्ष में 365 दिन अर्थात 52 सप्ताह और एक दिन होता है।
(ii) लीप वर्ष में 366 दिन होते हैं तथा लीप वर्ष की गणना के लिए वर्ष को 4 से भाग देते हैं, वह वर्ष लीप वर्ष की श्रेणी में आता है।
- लीप वर्ष में 52 सप्ताह और 2 दिन होते हैं, क्योंकि लीप वर्ष में फरवरी 29 दिन की होती है।

(i) सामान्य वर्ष- वह वर्ष जिसमें 4 का पूरा-पूरा भाग नहीं जाए अर्थात अगर किसी वर्ष को हम 4 का भाग देने पर शेषफल शून्य नहीं आए।
जैसे – 1991, 1997, 2007, 2009, 2013 इत्यादि।
(ii) Leapyear (लीप वर्ष) – वह वर्ष जिसमें 4 का पूरा-पूरा भाग चल जाए अर्थात अगर किसी वर्ष में हम 4 का भाग देने पर शेषफ़ल शून्य आए।

जैसे- 1998, 2000, 2004, 2008, 2014, इत्यादि।

नोटः- जिस संख्या में भाग दिया जाता है, वह संख्या ***भाज्य*** कहलाती है। जिस संख्या से भाग दिया जाता है, वह संख्या ***भाजक*** कहलाती है, किसी संख्या को भाग देने पर जो परिणाम प्राप्त होता है, वह ***भागफल*** कहलाता है। भाग की प्रक्रिया पूरी होने पर नीचे जो संख्या बच जाती है वही बची हुई संख्या ***शेषफ़ल*** कहलाती है।

4)1991(497

16

39

36

31

28

3

भाज्य = 4

भाजक = 1991

भागफल = 497

शेषफ़ल = 3

⇒एक वर्ष में 12 महीने होते हैं। वर्ष में जनवरी, मार्च, मई, जुलाई, अगस्त, अक्टूबर और दिसंबर 31 दिन के होते हैं।

⇒अप्रैल, जून, सितंबर और नवंबर 30 दिन के होते हैं।

⇒लीप वर्ष में फरवरी 29 दिन की होती है तथा सामान्य वर्ष में फरवरी 28 दिन की होती है।

⇒कैलेंडर में सत्र जनवरी से शुरू व दिसंबर पर खत्म होता है। तथा हिन्दी महीनों व भारतीय परंपरा के अनुसार, वर्ष अप्रैल से शुरू और मार्च पर खत्म होता है।

⇒एक सप्ताह में सात 7 दिन होते हैं, प्रत्येक 7 दिन के बाद वही दिन आ जाता है अर्थात सामान्य रूप से रविवार को सप्ताह का पहला दिन माना जाता है।

⇒दिनों की संख्या 7 होती है, जिन्हे हम सात नामों से जानते हैं – जैसे रविवार, सोमवार, मंगलवार, बुधवार, बृहस्पतिवार (गुरुवार), शुक्रवार और शनिवार।

⇒ 7, 14, 21, 28, 35, 42, 56, 63, 70

Trick-ट्रिक

कैलेंडर संबंधित प्रश्नों को हल करने के लिए कुछ ट्रिक और कोड-

माह/महिना का कोड

जन.	फ.	मार्च	अप्रैल	मई	जू.	जुलाई	अगस्त	सित.	अक्टू.	नव.	दिस.
1	4	4	0	2	5	0	3	6	1	4	6
0	3		लीप वर्ष में जनवरी और फरवरी के माह कोड में अंतर आता है, बाकी समान होते								

			हैं।

शताब्दी कोड

1600	1700	1800	1900	2000
6	4	2	0	6

∴ शताब्दी कोड में मुख्यतः 6, 4, 2, 0 ही कोड आते हैं।

शताब्दी कोड निकालने की ट्रिक –

वार/दिन	कोड
रविवार	1
सोमवार	2
मंगलवार	3
बुधवार	4
गुरुवार	5
शुक्रवार	6
शनिवार	0

$\frac{\text{शताब्दी}}{400}$ =

Ex - $\frac{900}{400} \Rightarrow 100 - 4$

(ii) $\frac{2300}{400} \Rightarrow 300 - 0$

सूत्र-

$$\frac{\text{तारीख} + \text{माहकोड} + \text{वर्ष} + \text{लीप वर्ष} + \text{शताब्दी}}{7}$$

प्रश्नों के प्रकार

1. 26 जनवरी 1950 को क्या दिन था?

हल:

सूत्र = $\frac{\text{तारीख} + \text{माह कोड} + \text{वर्ष} + \text{लीप वर्ष} + \text{शताब्दी}}{7}$

लीपवर्ष = 4)50(12

48

2

$= \frac{26+1+50+12+0}{7}$

$= \frac{89}{7}$ = 5 (गुरुवार)

7)89(12

84

5 (वार/दिन)

2. 18 मार्च 2002 को सोमवार हो, तो 15 सितंबर 2007 को क्या वार होगा?

हल:

[∴ शताब्दी समान होने पर शताब्दी कोड नहीं लिखे हैं।]

18 मार्च 2002

सूत्र = $\frac{\text{तारीख+माहकोड+वर्ष+लीप वर्ष+शताब्दी}}{7}$

$= \frac{18+4+2+0}{7} = \frac{24}{7}$ = 3 (सोमवार)

∴ हमारे हल करने पर 18 मार्च को मंगलवार पड़ता है, तो हम सोमवार (प्रश्नानुसार) के लिए-1 करेंगे।

15 सितंबर 2007

$= \frac{15+6+7+1}{7} = \frac{29}{7}$ = 1 (रविवार)

∴ रविवार – 1 = शनिवार

अतः 15 सितंबर 2007 को शनिवार होगा।

3. यदि 15 दिसंबर को सोमवार हो तो इसी वर्ष के किस माह की 15 तारीख को सोमवार होगा?

(a) अगस्त (b) अप्रैल

(c) अक्टूबर (d) सितंबर

हल:

सितंबर

नोट:- जिस माह के कोड समान होते हैं, उन माह के महीनों के दिन/बार समान एक ही दिन के होते हैं।

Jan	Feb	Mar	Apr	May	June	July	Aug	Sep	Oct	Nov	Dec
1	4	4	0	2	5	0	3	6	1	4	6

January

M	T	W	T	F	S	S
				1	2	3
4	5	6	7	8	9	10
11	12	13	14	15	16	17
18	19	20	21	22	23	24
25	26	27	28	29	30	31

Febraury

M	T	W	T	F	S	S
1	2	3	4	5	6	7
8	9	10	11	12	13	14
15	16	17	18	19	20	21
22	23	24	25	26	27	28

March

M	T	W	T	F	S	S
1	2	3	4	5	6	7
8	9	10	11	12	13	14
15	16	17	18	19	20	21
22	23	24	25	26	27	28
29	30	31				

April

M	T	W	T	F	S	S
			1	2	3	4
5	6	7	8	9	10	11
12	13	14	15	16	17	18
19	20	21	22	23	24	25
26	27	28	29	30		

May

M	T	W	T	F	S	S
					1	2
3	4	5	6	7	8	9
10	11	12	13	14	15	16
17	18	19	20	21	22	23
24	25	26	27	28	29	30
31						

June

M	T	W	T	F	S	S
	1	2	3	4	5	6
7	8	9	10	11	12	13
14	15	16	17	18	19	20
21	22	23	24	25	26	27
28	29	30				

July

M	T	W	T	F	S	S
			1	2	3	4
5	6	7	8	9	10	11
12	13	14	15	16	17	18
19	20	21	22	23	24	25
26	27	28	29	30	31	

August

M	T	W	T	F	S	S
						1
2	3	4	5	6	7	8
9	10	11	12	13	14	15
16	17	18	19	20	21	22
23	24	25	26	27	28	29
30	31					

September

M	T	W	T	F	S	S
		1	2	3	4	5
6	7	8	9	10	11	12
13	14	15	16	17	18	19
20	21	22	23	24	25	26
27	28	29	30			

October

M	T	W	T	F	S	S
				1	2	3
4	5	6	7	8	9	10
11	12	13	14	15	16	17
18	19	20	21	22	23	24
25	26	27	28	29	30	31

November

M	T	W	T	F	S	S
1	2	3	4	5	6	7
8	9	10	11	12	13	14
15	16	17	18	19	20	21
22	23	24	25	26	27	28
29	30					

December

M	T	W	T	F	S	S
		1	2	3	4	5
6	7	8	9	10	11	12
13	14	15	16	17	18	19
20	21	22	23	24	25	26
27	28	29	30	31		

कैलंडर – 2021

4. आज शनिवार है, तो 23 दिन बाद कौन-सा दिन होगा?

हल:

23/7 = 2

7)23(3

(सोमवार) 21

2

0 = 6
100 = 4
200 = 2
300 = 1

अभ्यास प्रश्न

1. 7 जुलाई 1978 को कौन-सा बार था?

(A) सोमवार (B) शुक्रवार

(C) बुधवार (D) रविवार

हल: $\frac{7+0+78+19+0}{7} = \frac{104}{7} = 6$

शुक्रवार

2. 26 जनवरी 2012 को कौन-सा दिन था?

(A) मंगलवार (B) गुरुवार

(C) शुक्रवार (D) रविवार

हल : $\frac{\text{तारीख+माहकोड+वर्ष+लीप वर्ष+शताब्दी}}{7}$

$= \frac{47}{7} = 5$ (गुरुवार)

∴ 2012 एक लीप वर्ष है। अतः लीप वर्ष में जनवरी का माह कोड 0/शून्य होगा।

∴ लीप वर्ष निकालने के लिए वर्ष में लिए गए 2 अंकों का भाग जो भागफल आए वह अंक दर्ज करे।

Ex-

लीप वर्ष के लिए 4 से भाग दे। $4\overline{)12}(3$ $\frac{12}{x}$

शताब्दी निकालने के लिए 400 से भाग दे।

अतः जो शेषफ़ल आए, तो कोड के अनुसार अंक लिखे।

कैलेंडर

एक चक्र = 365 दिन 5 घंटे 48 मिनट 47.5 सेकंड

सौर वर्ष = 365.2422

English calendar (ग्रेगोरियन कैलेंडर)

शुरुआत⇒1 जनवरी सन 1 को (ग्रीगोरी ने) ⇒ सोमवार

⇒ सप्ताह हमेशा सोमवार से शुरू होता है तथा रविवार को समाप्त होता है।

वर्ष

↓

साधारण वर्ष — लीपवर्ष

365 दिन — 366 दिन

52 सप्ताह 1 दिन — 52 सप्ताह 2 दिन

i. लीप वर्ष ⇒ शताब्दी वर्ष के अलावा किसी अन्य वर्ष में 4 का भाग पूरी - पूरी बार चला जाए तो वह वर्ष लीप (अधिवर्ष) वर्ष होता है। अन्यथा वह वर्ष साधारण वर्ष होगा।

यदि किसी शताब्दी वर्ष में 400 का भाग पूरा - पूरा चला जाए तो वह वर्ष लीप वर्ष होता है। अन्यथा साधारण वर्ष होगा।

उदाहरण

1. सन् 1608 ⇒ लीप वर्ष
2. सन् 1700 ⇒ साधारण वर्ष
3. सन् 1785 ⇒ साधारण वर्ष
4. सन् 1084 ⇒ लीप वर्ष
5. सन् 1972 ⇒ लीप वर्ष
6. सन् 1500 ⇒ साधारण वर्ष
7. सन् 400 ⇒ लीप वर्ष
8. सन् 108 ⇒ लीप वर्ष
9. सन् 612 ⇒ लीप वर्ष
10. सन् 1600 ⇒ लीप वर्ष
11. सन् 2022 ⇒ साधारण वर्ष

Q. 1. प्रथम 50 वर्षों में लीप वर्षों की संख्या होगी?

हल:

$\frac{50}{4} = 12\ \frac{2}{4}$

= संख्या = 12

Q.2. प्रथम 100 वर्षों में लीप वर्षों की संख्या होगी?

हल:

संख्या = 24

$\frac{100}{4} = 25 - 1 = 24$

Note:-100 लीप नहीं साधारण वर्ष हैं।

Q.3. प्रथम 300 वर्षों में लीप वर्ष की संख्या होगी?

हल:

$\frac{300}{4} = 75$

75 – 3 = 72

[100, 200, 300 लीप नहीं साधारण वर्ष हैं.]

Q.4. प्रथम 400 वर्षों में लीप वर्षों की संख्या होगी?

हल:

97 [24x4=96+1=97]

400 लीप वर्ष होता हैं।

विषम दिन- दिनों की संख्या में 7 का भाग देने पर शेषफल प्राप्त होता हैं वह विषम दिनों का मान होता हैं।

Q.5. 60 दिनों की अवधि में विषम दिन ज्ञात करो?

हल:

शेषफल = 4 विषम दिन = 4

Q.6. 1 महीने की अवधि में विषम दिन ज्ञात करो?

A. 0 B. 1

C. 2 D. 0 या 1 या 2 या 3

हल:

1 महीना = 30 दिन

$\frac{30}{7}$= शेषफल = 2

विषम दिन = 2

Q.7. 1 वर्ष में विषम दिनों की संख्या ज्ञात करो?

हल:

$\frac{365}{7}$ = शेषफल = 1 (52 सप्ताह 1 दिन)

विषम दिन = 1

एक लीप वर्ष में विषम दिन = $\frac{366}{7}$= शेषफल = 2

विषम दिन = 2

Q.8. प्रथम 100 वर्षों में विषम दिनों की संख्या ज्ञात करो?

हल:

24 लीप वर्ष + 76 साधारण वर्ष

24 x 2 + 76 x 1

48 + 76 = 124

विषम दिन = $\frac{124}{7}$ = 5 दिन

· ये कथन का मात्र तात्पर्य दर्शाते हैं।

· ये प्रश्न के विपरीत होते हैं जिनमें वजन का अभाव होता है।

· इनमें प्राय; एकमात्र, केवल, सिर्फ आदि शब्दों का प्रयोग होता है। · ये महज धारणाओं या कल्पनाओं एवं पूर्वानुमान पर आधारित होते हैं।

· ये सामाजिक मान्यताओं एवं सुस्थापित तथ्यों व धारणाओं के विपरीत होते हैं।

· ये व्यक्तिगत राय पर आधारित होते हैं। ऐसे तर्क जो किसी व्यक्ति का मन्तव्य मात्र हो, चाहे वह व्यक्ति कितना ही महान या श्रेष्ठ क्यों न हो, निर्बल तर्क कहलाते हैं।

· ऐसे तर्क कथन के समर्थन में किसी घटना या उदाहरण पर आधारित होते हैं, जिसे सामान्यीकृत generalised) नहीं किया जा सकता।

· ये सूचनाओं पर गहराई से प्रकाश डाले बिना केवल विषयवस्तु पर नजर डालते हैं, जो कथन के गैर महत्त्वपूर्ण पहलुओं से संबंधित होते हैं।

इसे और अच्छी तरह से समझने के लिए उदाहरण दिए हैं निम्न उदाहरण को ध्यानपूर्वक पढ़ें -

निर्देश (प्रश्न 1 - 5) -महत्त्वपूर्ण प्रश्नों के बारे में निर्णय लेते समय, यह वांछित है कि हमें सशक्त और कमजोर तर्कों के बीच अन्तर कर पाने में, जहाँ तक कि वे प्रश्न से संबंधित हैं, सक्षम होना चाहिए। सशक्त तर्क

महत्त्वपूर्ण होने के साथ-ही-साथ प्रश्न से सीधे संबंधित नहीं होंगे और हो सकता है कि वे प्रश्न के गैर जरूरी पक्षों से जुड़े हों या कम महत्त्व के हों। नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में दो तर्क दिए गए हैं जिन्हें I और II क्रमांक दिया गया है। आपको यह तय करना है कि कौनसा तर्क 'सशक्त तर्क' है और कौनसा 'कमजोर'।

उत्तर (a) दीजिए, केवल तर्क सशक्त हो

उत्तर (b) दीजिए, केवल तर्क II सशक्त हो।

उत्तर (c) दीजिए, अगर या तो या II सशक्त हो।

उत्तर (d) दीजिए, अगर न तो ही और न ही II सशक्त हो।

उत्तर (e) दीजिए, यदि और II दोनों ही सशक्त हों।

.I कथन- वर्तमान शिक्षा प्रणाली में बदलाव किया जाना चाहिए ?

तर्क :I. हाँ, ऐसा करने से ही देश की प्रगति सम्भव है।

II. हाँ, अत्यंत विकसित देश यही नीति अपनाते हैं

2. कथन- प्रत्येक माता-पिता को अपने बच्चों के दिलों में कर्त्तव्यनिष्ठ बनने के गुणों को संचरित किया जाना चाहिए?

तर्क :I. हाँ, समय से आबद्ध रहने वाले व्यक्ति सदा सुखकारी होते हैं।

II. हाँ, बच्चों के इस गुण के कारण देश की प्रगति में चार चाँद लगना लाजिमी है।

3कथन- प्रत्येक उपभोक्ता को बिजली के उपभोग पर ध्यान देना चाहिए .

तर्क : I. हाँ, बिजली के दुरुपयोग के लिए यह अत्यन्त जरूरी हो गया है।

II. हाँ, इसके लिए विद्युत कानून में संशोधन जरूरी हो गया है।

.4 कथन- भ्रष्टाचार से सम्बन्ध रखने वाले की नागरिकता समाप्त कर देनी चाहिए ?

तर्क :I. हाँ, कुछ प्रबुद्धजनों की यही राय है।

II. नहीं, यह समान नागरिक कानून संहिता का उल्लंघन होगा।

.5कथन- डेयरी मालिकों को दुग्ध के उत्पादन पर ध्यान देना चाहिए ?

तर्क :I. हाँ, इसके दुग्ध अत्यन्त लाभकारी होते हैं।

II. नहीं, सामान्य तरीकों से प्राप्त दुग्ध इसकी तुलना में उच्च कोटि के हुआ करते हैं।

व्याख्या सहित उत्तर

.1 (d) तर्क I को ठोस नहीं कहा जा सकता है, क्योंकि यह जरूरी नहीं है कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली में बदलाव कर देने से ही देश की प्रगति हो सकती है। साथ-ही-साथ तर्क II भी ठोस नहीं है, क्योंकि इसके अन्तर्गत किसी दूसरे के द्वारा किए गए कार्य की ही नकल करने की बात कही गई है।

2(b) तर्क I को ठोस कहा जाना उचित नहीं है, क्योंकि उनका प्रश्न से पूर्णतः सम्बन्ध नहीं दिख रहा है। परन्तु तर्क II ठोस है, क्योंकि अगर देश के सभी बच्चे कर्तव्यनिष्ठ हो जाएं, तो अन्ततः उस देश की विकास की गति का प्रसार होना स्वाभाविक ही है।

.3(a) तर्क ठोस है, क्योंकि प्रश्न की अवधारणाओं से उसकी सम्पुष्टि हो जाती है, परन्तु तर्क II को ठोस कहा जाना उचित नहीं है, क्योंकि इसका प्रश्न से अस्पष्ट सम्बन्ध झलक रहा है।

4(b) तर्क I को ठोस नहीं कहा जा सकता है, क्योंकि कुछ लोगों की राय के आधार पर कानूनी फैसला लेना न्यायोचित नहीं है, परन्तु तर्क II ठोस है कारण कि ऐसा करने से नागरिक आचार संहिता दुष्परिणाम देखने को मिलेगा जो देश की जनसंख्या पर स्पष्ट रूप से प्रभाव डालेगा।

.5(d) तर्क I ठोस नहीं है, क्योंकि प्रश्न से यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है डेरी के दूध लाभकारी होते है या नही ,साथ ही साथ तर्क II भी ठोस नहीं है, क्योकि यह भी प्रश्न से पूर्णतः सम्बंधित नही है।

निर्देश – (प्रश्न 1-5) जहाँ तक प्रश्नों का सम्बन्ध है महत्त्वपूर्ण प्रश्नों पर निर्णय करने के लिए यह आवश्यक

हैं कि आप 'मजबूत तर्क' और 'कमजोर तर्क' के मध्य फर्क करने में सक्षम हैं। 'मजबूत तर्क' प्रश्न से सीधा संबंधित और महत्त्वपूर्ण दोनों ही होने चाहिए। 'कमजोर तर्क' प्रश्न से सीधे संबंधित नहीं हो सकते और कम महत्वपूर्ण हैं या प्रश्न के नगण्य पक्ष से संबंधित हो सकते हैं। नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न के साथ दो तर्क (I) और (II) दिए गए हैं। आपको यह निश्चित करना है कि कौनसा 'मजबूत तर्क' है और कौनसा 'कमजोर तर्क' है।

उत्तर (a) दीजिए, केवल तर्क मजबूत हो ।

उत्तर (b) दीजिए, केवल तर्क II मजबूत हो।

उत्तर (c) दीजिए, यदि या तर्क I या II मजबूत तर्क हो।

उत्तर (d) दीजिए, न तो I ही और न ही II मजबूत तर्क हो ।

उत्तर (e) दीजिए, यदि I और II दोनों ही मजबूत तर्क हों।

1. *कथन- सनसनी खेज समाचार पत्रों को प्रतिबन्धित होना चाहिए?*
   तर्क :I नहीं, इस तरह की बेवकूफी के कार्य आखिर सोचे भी कैसे जा सकते हैं?
   II हाँ, कोई परेशानी नहीं, हमारे पास कई अच्छे समाचार पत्र हैं।

2. *कथन- सभी प्रकार के पाठ्यक्रम पत्रचार द्वारा प्रदत्त होने चाहिए?*
   तर्क :I हाँ, नियमित पाठ्यक्रम में सीमित सीट हैं और जो पाठ्यक्रम में रुचि रखते हैं उन्हें आगे पढ़ने का अवसर दिया जाना चाहिए।
   II. नहीं, शिक्षक और शिष्य के बीच की अन्तक्रिया विकास के लिए समान रूप से महत्त्वपूर्ण है।

3. *कथन -सार्वजनिक अवकाशों की संख्या कम करनी चाहिए?*
   तर्क :I नहीं, इससे गुहार और शोर गुल होने लगेगा।
   II. हाँ, जितनी जल्दी हो सके उतनी जल्दी करनी चाहिए।

4. *कथन- सभी शालाएँ सहशिक्षा वाली बनाई जानी चाहिए ?*
   तर्क :I हाँ, अन्यथा हम लड़कियों की शिक्षा प्रोत्साहित कैसे करेंगें और अधिक लड़कियों को सहशिक्षा शालाओं में पंजीयन कराना चाहिए।
   II. नहीं, हमारे जैसे रूढ़िवादी समाज में अभिभावकों में सहशिक्षा के विरुद्ध कई प्रतिबन्ध होते हैं और यह लड़कियों की शिक्षा में बाधक हो सकते हैं।

5. *कथन- विद्यार्थियों पर शैक्षणिक संस्थाओं में यूनियन के क्रियाकलापों में भाग लेने को प्रतिबन्धित करना चाहिए?*
   तर्क :I. हाँ, विद्यार्थी पढ़ने के लिए प्रवेश लेते हैं। यूनियन के क्रियाकलाप में लिप्त होने के लिए नहीं।
   II. नहीं, वे विद्यार्थी जिनको पढ़ाई में रुचि नहीं है उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए कुछ अवसर मिलने चाहिए।

1. *कथन- भारत में मतदान के लिए आयु बढ़ाकर 21 वर्ष कर देनी चाहिए।*

तर्क :I नहीं, किसी प्रचलन को बदलना मुश्किल है।

II. हाँ, उस उम्र तक लोगों में जिम्मेदारी की भावना और उच्चस्तरीय परिपक्वता विकसित हो जाती है।

2. *कथन -भारत में व्यावसायिक पाठयक्रमों में खुली किताब परीक्षा प्रणाली आरम्भ होनी चाहिए।*

तर्क:I नहीं, इससे वर्तमान परीक्षा प्रणाली के महत्त्व और मूल्यों में कोई गम्भीर उन्नति नहीं होगी।

II. हाँ सभी विद्यार्थी आसानी से पास हो जायेंगे और अपना व्यावसायिक जीवन प्रारम्भ कर सकेंगे।

3. *कथन- सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े समूहों जातियों के लिए प्राइवेट सेक्टर में भी आरक्षण व्यवस्था शुरु करनी चाहिए।*

तर्क I :. नहीं, विश्व में कहीं भी यह प्रचलन लागू नहीं है।

II . हाँ यह इस जाति को विकास की ओर अधिक अवसर प्रदान करेगा ।

4. कथन- स्कूल के अध्यापकों द्वारा प्राइवेट ट्यूशन करने पर प्रतिबंध लगाना चाहिए?
तर्क :I हाँ, केवल तभी स्कूल में पढ़ाई की गुणवत्ता में उन्नति होगी।
II. हाँ, आजकल अध्यापकों का वेतन युक्ति संगत है।

5. कथन- बच्चों को न्यायिक रूप से यह जिम्मेदारी सौंपनी चाहिए कि वे अपने माँ बाप की बुढ़ापे में देखभाल करें?
तर्क :I हाँ, इस तरह के मसले केवल कानूनी रूप से हल किये जा सकते हैं।
II. नहीं, केवल यही गरीब माँ-बाप को थोड़ी राहत दे सकता है।

6. कथन- खिलाड़ियों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना चाहिए।
तर्क I :नहीं, ऐसा करना नागरिक कानून संहिता के प्रति अपमान जनक कार्य होगा।
II. हाँ, खिलाड़ियों की स्वास्थ्यता के कारण ही खेल क्षेत्र में देश की प्रगति सम्भव हो सकती है।

7. कथन -गर्मी के दिनों में तरलीय भोजन पर ध्यान दिया जाना चाहिए।
तर्क :I हाँ, सभी कलाकारों का ध्यान इस समय इस ओर अत्यधिक होता है।

II. हाँ, इस प्रकार के भोजन शरीर में पानी की कमी की पूर्ति करते हैं। जो कि मनुष्य के लिए लाभकारी होता है।

8. कथन -केबल नेटवर्क धारकों को केबल के माध्यम से ब्लू फिल्में नहीं दिखानी चाहिए ?
तर्क I :हाँ, ऐसा करने से विशेषकर बच्चों के क्रियाकलापों में सुधार आ सकता है।
II. हाँ कुछ देश ऐसा करने में अपनी रुची जाहिर कर चुके हैं।

9. कथन -पेड़ों को काटने पर प्रतिबन्ध लगा देना चाहिए।
तर्क :I नहीं, ऐसा करने में फर्नीचर व्यवसाय को बड़ा धक्का लगेगा।
II. हाँ, इससे हमें सुन्दरतम् वातावरण का अवलोकन करने को मिलेगा।

10. कथन- प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को यौन सम्बन्धी शिक्षा दी जानी चाहिए।
तर्क I:नहीं, यह बच्चों की प्रगति में बाधक हो सकता है।
II. हाँ, बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें हर तरह की शिक्षा दी जानी चाहिए।

11. कथन- महिलाओं को चुनावों में 33% आरक्षण मिलना चाहिए।
तर्क :I. नहीं, इससे उनके बच्चे और परिवार पर खराब असर पड़ता है क्योंकि इनकी जिम्मेदारी मुख्य रूप से महिलाओं पर है।
II. हाँ, इससे महिलाओं के स्तर में सुधार होगा।

12. कथन -बच्चों को स्कूलों में दाखिले की न्यूनतम आयु सीमा पाँच वर्ष कर देनी चाहिए।
तर्क :I हाँ, बच्चे पांच वर्ष की उम्र में ही पढ़ने के लायक हो पाते हैं।
II. हाँ, मनोवैज्ञानिकों के अनुसार पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए पढ़ाई एक बोझ बन सकती है।

13. कथन- मंत्रियों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निर्धारित की जानी चाहिए ?
तर्क :I. क्यों नहीं? क्योंकि जब दूसरे पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता अनिवार्य है।
II. हाँ, आज विज्ञान और तकनीकी क्षेत्र में इतनी वृद्धि हो जाने से महत्त्वपूर्ण पदों पर बैठे लोगों का पढ़ा लिखा होना जरुरी हो गया है।

14. कथन- महिलाओं को घर के कामों के बदले वेतन मिलना चाहिए ?
तर्क:I :हाँ, इससे महिलाओं का शोषण बन्द होगा।
II. हाँ, जबकि बाकी सभी कामों के लिए पारिश्रमिक दिया जाता है तो इस काम के लिए भी मिलना चाहिए।

15. कथन- भारत में पटाखों में पूर्णतया प्रतिबन्ध होना चाहिए।

तर्क :I नहीं, यह हजारों श्रमिकों को बेरोजगार कर देगा।

।। नहीं, पटाखा निर्माता बड़े पैमाने पर बाल श्रमिकों का इस्तेमाल करते हैं।

कथन 2।.- सभी परास्नातक पाठयक्रम / कोर्स में शिक्षण शुल्क में कही बढ़ोतरी कर देनी चाहिए ?

तर्क । :हाँ, यह छात्रों में कुछ गम्भीरता का बोध पैदा करेगा और उनकी गुणवत्ता बढ़ेगी।

।।. नहीं, यह प्रतिभाशाली गरीब छात्रों को परास्नातक कोर्स से दूर रहने को बाध्य करेगा।

व्याख्या सहित उत्तर

।(a) तर्क ।मजबूत है क्योंकि सनसनी खेज समाचारों से कोई राष्ट्रीय क्षति नहीं होती है अतः इस सम्बन्ध में सोचना बेवकूफी है।

.2 d) दोनों तर्क कमजोर हैं क्योंकि कुछ पाठ्यक्रम में शिक्षक का रहना आवश्यक है और विकास का लिए शिक्षक और शिष्य सम्बंध ही आवश्यक नहीं है।

3. (d) तर्क ।-कमजोर है क्योंकि गुहार एंव शोरगुल से सरकार को डरना नहीं चाहिए तथा तर्क-।। भी कमजोर है क्योंकि इसमें भी तर्क नहीं दर्शाया गया है।

4 (d) तर्क ।-कमजोर है क्योंकि सह शिक्षा जरूरी भी नहीं है क्योंकि लड़कियों को अलग से भी पढ़ाया जा सकता है। तर्क-।। भी कमजोर है क्योंकि इस युग में लड़कियों की सह-शिक्षा के लिए अभिभावक रूढ़ीवादी नहीं बल्कि आधुनिक हैं।

5.(d) दोनों तर्क कमजोर हैं क्योंकि शैक्षणिक संस्थाओं में पढ़ाई रूचिकर एवं विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास के लिए करवाई जाती है।

6 (d) तर्क । -कमजोर है क्योंकि संविधान संशोधन कर जनोपयोगी । नियम बनाया जा सकता है तथा तर्क-।। भी कमजोर है क्योंकि केवल 2। वर्ष होने पर ही लोगों में जिम्मेदारी की भावना का उच्च स्तरीय परिपक्वता विकसित होना आवश्यक नहीं है। संविधान अनुसार ।8 वर्षलिग माना गया है।

7(d) तर्क ।-कमजोर है क्योंकि खुली किताब परीक्षा से परीक्षा प्रणाली का महत्व घटता है और तर्क -।। भी कमजोर है क्योंकि व्यावसायिक जीवन आरम्भ करने के लिए परीक्षा पास करना ही आवश्यक नहीं है।

8(b) तर्क ।- कमजोर है क्योंकि हमें अन्य देशों की नकल नहीं करनी चाहिए तथा तर्क ।। प्रबल है क्योंकि सरकार ने पहले ही इस समूह जाति के विकास के लिए आरक्षण दिया हुआ है। अतः निजी क्षेत्र में भी आरक्षण दिया जाए तो विकास के और अधिक अवसर मिलेंगे।

9. दोनों तर्क ठोस है क्योकि ट्यूशन का प्रलोभन हटने के बाद अध्यापक विद्यालय में ही अपनी पूर्ण क्षमता से तैयारी करवायेगा तथा अध्यापकों का वेतन भी युक्ति संगत है अर्थात अधिक रुपये कमाने की आशा से ट्यूशन करना गलत है।

10. (b) तर्क ।कमजोर है एंव -।। ठोस है क्योंकि नियम बनाकर ऐसे मामलों को पूर्ण हल नहीं किया जा सकता केवल थोड़ी राहत जरूर मिल सकती है।

।।. (b) तर्क । को ठोस कहा जाना उचित नहीं है क्योंकि इसका स्पष्ट सम्बन्ध प्रश्न से नहीं है परन्तु तर्क ।। को ठोस कहा जा सकता है क्योंकि प्रश्न के विशेष प्रभाव इसमें झलक रहे हैं।

12. (b) मात्र एक संवर्ग के लोगों की भावनाओं के आधार पर कार्य करना, नकल ही तो है। अतः इसी कारण तर्क । ठोस नहीं है परन्तु तर्क ।। को ठोस कहा जा सकता है क्योंकि इसमें प्रश्न के स्पष्ट परलिक्षित प्रभाव की झलक देखने को मिल रही है।

13. (d) तर्क ठोस नहीं है क्योंकि यह जरूरी नहीं है कि केवल धारकों द्वारा ब्लू फिल्मों को न दिखाए जाने के बाद बच्चों के क्रियाकलाप में बदलाव आ ही जाए साथ ही साथ तर्क ।। भी ठोस नहीं है क्योंकि इसके अन्तर्गत किसी दूसरे देश के समान कार्य करने की बात कही गयी है।

14. (d) दोनों तर्क कमजोर है क्योंकि फर्नीचर के लिए का काटा जाना आवश्यक भी है तथा सुन्दर वातावरण बनाने के लिए भी पेड़ों की कटाई रोकना आवयश्क नहीं है। सुन्दरता की बजाय अगर यहां जीवन के लिए आवश्यक शब्द होते तो यह तर्क मजबूत होता ।

15. (b)तर्क I का प्रभाव प्रश्न की अवधारणा हेतु निश्चित रूप से सत्य लगता है इसी कारण यह ठोस नहीं है परन्तु तर्क II ठोस है क्योंकि इसके स्पष्ट तथ्य प्रश्न से सीधे सम्बन्ध रखने वाले हैं।

16. (b) तर्क -I कमजोर है क्योंकि केवल महिलाओं का ही यह कार्य नहीं है कि वह परिवार एंव बच्चों की देखभाल करें। तर्क -II प्रबल है क्योंकि % 33आरक्षण महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार होगा।

17. (b) तर्क -I ठोस नहीं है क्योंकि यह जरूरी नहीं है कि बच्चे 5 वर्ष की उम्र में ही पढ़ने के लायक हों क्योंकि इससे कम या ज्यादा उम्र भी पढ़ने के लायक हो सकते हैं। तर्क- II ठोस है क्योंकि मनोवैज्ञानिक तौर पर बच्चे 5 वर्ष की कम आयु में परिपक्व नहीं हो पाते जिससे वे पढ़ाई को बोझ समझते हैं।

18. (d) चुने हुये पदों को शैक्षिक योग्यता से नहीं जोड़ा जाना चाहिए क्योंकि बचपन में समान शिक्षा के अवसर मिले हो यह आवश्यक नहीं है तथा मंत्री की सहायता के लिए उसके सचिव पढ़े लिखे होते हैं।

19. (d) दोनों तर्क कमजोर है क्योंकि महिलाओं का शोषण बन्द केवल वेतन मिलने से ही नहीं हो सकता तथा घर के काम निजी काम होते हैं। जिनका वेतन नहीं होता है।

20. (a) दोनों तर्क कमजोर हैं क्योंकि पटाखों के कारखानों के बन्द होने से हुए बेराजगारों को दूसरे कारखानों में समायोजित किया जा सकता है। तथा कोई ऐसा स्पष्ट संकेत नहीं है कि पटाखा उधोगों में ही बाल श्रमिक कार्यरत हैं।

21. (b) केवल फीस अधिक होने से ही गम्भीरता नहीं होती है, अमीर व्यक्ति का बेटा पैसे की उपयोगिता समझता है यह आवश्यक नहीं है तथा तर्क II अपने आप में सशक्त हो I

हम किसी तर्क को केवल इसी आधार पर अस्वीकार कर सकते हैं कि तर्क में जो बातें कही गई हैं, उसका कथन से कोई संबंध नहीं दिखाई देता। इसका अर्थ है, यदि कोई तर्क कथन से उपयुक्त संबंध नहीं रखता तो यह तर्क प्रबल नहीं होता। प्रबल तर्क का कथन के साथ प्रत्यक्ष संबंध होना चाहिए। यदि तर्क के फलितार्थ का संबंध मौजूद है तो यह प्रबल होने लायक तर्क नहीं है। इस प्रकार, प्रबल तर्क ये हैं जो महत्त्वपूर्ण तथा कथन के साथ प्रत्यक्ष संबंध रखते हैं। प्रबल तर्क से कथन में शामिल मुख्य विषय पर जोर पड़ना चाहिए। यह किसी अप्रासंगिक या नगण्य विषय पर प्रकाश डालने वाला नहीं होना चाहिए।

उदाहरण 22. कथन; क्या परीक्षाओं का उन्मूलन कर दिया जाना चाहिए?

तर्क:- नहीं, क्योंकि हर मौजूद वस्तु का उन्मूलन अनुचित है।

व्याख्या तर्क में कथन के साथ उपयुक्त संबंध का अभाव है इसलिए, यह लागू नहीं होता।

उदाहरण 23. कथन; क्या भारत में मतदान की आयु बढ़ाकर 21 वर्ष कर दी जाए?

तर्क: हां, क्योंकि आयु के साथ-साथ लोगों में जिम्मेदारी की भावना और परिपक्वता का उच्चतर स्तर विकसित होता है।

व्याख्या: यह तर्क कथन के साथ उपयुक्त संबंध दिखाता है तथा महत्त्वपूर्ण विषय का जिक्र भी करता है। इसलिए, यह तर्क प्रबल है। मतदान के माध्यम से हम जिम्मेदार सरकार का निर्वाचन करते हैं और इसलिए, लोगों को सही और गलत चयन के बारे में उपयुक्त समझ होनी चाहिए।

उदाहरण 24. कथन; क्या सभी के लिए सैन्य प्रशिक्षण अनिवार्य होना चाहिए?

तर्क : हां, यह लोगों के बीच अनुशासन की भावना लाएगा I

व्याख्या : यह तर्क तार्किक दृष्टि से संभावित है लेकिन तर्क में उल्लेखित परिणाम को हासिल करने के लिए सैन्य प्रशिक्षण को अनिवार्य बनाना उपयुक्त नहीं है । इसलिए यह तर्क प्रबल नहीं है।

इस उदाहरण का उद्देश्य इस तथ्य की जांच करना है कि परिणाम वांछनीय है या तर्क में दिए गए परिणाम उचित संदेह से आगे भी अनुकरण करेंगे या परिणाम वास्तव में नुकसानदायक हैं।

(नकारात्मक परिणामों के मामलों में)।

उदाहरण .25 कथन : क्या केंद्रीय सरकार को प्रत्येक जिले के प्रत्येक उप-मंडल में भली-भांति सुसज्जित अस्पताल खोलना चाहिए?

तर्क : हां, प्रत्येक नागरिक स्वास्थ्य और कल्याण सरकार का मूलभूत उत्तरदायित्व है।

व्याख्या : किसी देश के लिए जनशक्ति सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण संसाधन होता है। प्रत्येक नागरिक को स्वास्थ्य और कल्याण सुविधाएं उपलब्ध करवाना सरकार का मूलभूत कर्तव्य है। बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए सभी सुविधाओं वाली प्राथमिक स्वास्थ्य इकाइयों तथा अस्पतालों की पर्याप्त संख्या सुलभ होनी चाहिए। इसलिए, तर्कों में उल्लेखित तथ्य वांछनीय है।

उदाहरण 26. कथन; क्या कम्प्यूटर शिक्षा को स्कूलों में अनिवार्य बना दिया जाए?

तर्क : हां, इससे स्कूलों में शिक्षकों की संख्या बढ़ेगी।

व्याख्या : यह तर्क चरण I के अनुसार उपयुक्त है। यदि कोई नया विषय आरंभ किया जाता है और इसे अनिवार्य बना दिया जाता है तो स्कूलों में कुछ शिक्षकों की आवश्यकता होगी और इस प्रकार, शिक्षकों की संख्या में बढ़ोत्तरी होगी। इस प्रकार, तर्कसंगत दृष्टि से परिणाम संभावित है। लेकिन, तर्क जिस विषय पर आधारित है, जिस पर निर्भर है या जिसका प्रचार कर रहा है, वह वस्तुतः नहीं है। यदि विद्यार्थियों की संख्या बढ़ा दी जाती है तथा और अधिक कक्षाएं दी जाती है तो भी और अधिक शिक्षकों की आवश्यकता होगी। इस प्रकार चरण II के अनुसार उपयुक्तता के मापदंड पर खरा नहीं उतरता है।

अध्याय-20

कथन एवं कार्यवाही

STATEMENT AND COURSE OF ACTION

इस प्रकार के प्रश्नों का उद्देश्य अभ्यर्थी के प्रशासनिक कौशल तथा असाधारण परिस्थितियों में किसी समस्या का सही विश्लेषण करने की योग्यता की जाँच करना होता है। इस प्रकार के प्रश्नों में कोई स्थिति अथवा समस्या दी जाती है। आपको वह कार्यवाही इंगित करनी होती है जो आप इस स्थिति अथवा समस्या को संभालने के लिए अपनाएं ऐसी स्थिति में यह जानकारी आवश्यक है कि समस्या को किस प्रकार परिभाषित किया जा सकता है?

ऐसी कोई भी घटना या स्थिति (Situation) जो हमारे सामान्य जन-जीवन को अंशतः या पूर्णतः बाधित कर देती है या उसमें गतिरोध उत्पन्न करती हो, ऐसी घटना या स्थिति को समस्या कहते हैं।

उदाहरणार्थ : उग्रवाद, डकैती, ट्रेन दुर्घटना, कदाचार, शोषण, लूट-पाट, दहेज प्रथा, साम्प्रदायिक दंगा, छुआ-छूत, जाति प्रथा, ट्रेन सेवा में व्यवधान, विद्युत सेवा में व्यवधान, अशिक्षा बालश्रम, जनसंख्या वृद्धि, बाल अपराध, भूकम्प, प्रदूषण, बाढ़, बेरोजगारी, कुपोषण, राजनीतिक संकट, शोर, अनुशासनहीनता, युद्ध, महामारी, सूखा पड़ना, हड़ताल, अश्लील विज्ञापन, अश्लील साहित्य इत्यादि।

उपर्युक्त समस्याओं के दृष्टिकोण से समस्या को दो श्रेणियों में विभक्त किया जा सकता है:-

(i) जटिल समस्या:- ऐसी समस्या जिसके लिए योजनाबद्ध त्वरित एवं ठोस कार्यवाही करने की जरूरत होती है, ऐसी समस्या को जटिल समस्या कहते हैं। जैसे-उग्रवाद ट्रेन दुर्घटना, बाढ़, महामारी इत्यादि।

(ii) साधारण समस्या:- ऐसी समस्या जिसके समाधान के लिए कोई योजनाबद्ध त्वरित एवं ठोस कार्यवाही की नहीं बल्कि सिर्फ थोड़ी सुधार की आवश्यकता होती ऐसी समस्या को साधारण

समस्या कहते हैं, जैसे- बाल अपराध, शोर, अनुशासनहीनता इत्यादि।

कार्यवाही क्या है?

कार्यवाही एक उपाय अथवा प्रशासनिक निर्णय होता जो कथन (अर्थात् समस्या अथवा स्थिति) की सूचना के आधार पर समस्या, नीति आदि संबंध सुधार, अनुवर्तन अथवा आगे कार्यवाही लिए अपनाया जाता हैं।

कार्यवाही के कुछ विशिष्ट नियमः-

*सर्वप्रथम समस्या विश्लेषण इस दृष्टिकोण करें जिससे यह पता लग सके कि समस्या जटिल है या साधारण।

* यदि समस्या जटिल हो तो ऐसी कार्यवाही का चयन करें जो कि त्वरित एवं कार्यवाही प्रदर्शित करती हो।

*यदि समस्या साधारण हो तो ऐसी कार्यवाही का चयन करें जो कि सुधार प्रदर्शित करती है

*यदि समस्या सर्वमान्य तथ्यों पर आधारित हो तो ऐसी कार्यवाही का चयन करे जो सर्वमान्य हो।

*यदि समस्या पूर्व किसी अन्य समस्या से मिलती-जुलती प्रतीत हो तो ऐसी समस्या को पूर्व के अनुभव के आधार पर हल करें। यानी कि ऐसी कार्यवाही चयन करें जो पूर्व के अनुभव पर आधारित हो

●यदि समस्या सामान्य ज्ञान पर आधारित हो, तो ऐसी ही कार्यवाही का चयन करें जो कि सामान्य ज्ञान के आधार पर समस्या के समाधान को प्रदर्शित करती हो।

· यदि समस्या का समाधान तार्किक दृष्टिकोण से कल्पना के आधार पर संभव हो. तो ऐसी कार्यवाही का चयन करें जो कि यथार्थ कल्पना पर आधारित हो।

●ऐसी ही कार्यवाही का चयन करें जो कि समस्या को बिल्कुल हल करती प्रतीत हो या समस्या को कम करती हो या उसमें सुधार को प्रदर्शित करती हो।

अब निम्नलिखित उदाहरणों पर विचार करें :

उदाहरण I. कथन यह कहा जाता है कि ताजे फल तथा ताजी सब्जियों में मौजूद विटामिन E मनुष्यों के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक हैं। वियमिन E के कैप्सूल का मानव के शरीर पर समान प्रभाव नहीं पड़ता है।

कार्यवाहियां : I. विटामिन E के कैप्सूल की बिक्री पर रोक लगा देनी चाहिए।

II. विटामिन E की आवश्यकता को पूरा करने के लिए लोगों ताजे फल तथा ताजी सब्जियां खाने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

व्याख्या स्पष्टतः_ दिए गए उपयुक्त कथन के अनुसार कार्यवाही II पर होती है, क्योंकि कथन में कहा गया है कि ताजे फल तथा ताजी सब्जियों में मौजूद विटामिन मनुष्यों के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक हैं। इसलिए स्वभावतः इसे खाने के लिए लोगों को प्रेरित करना चाहिए। पुनः कथन में कहा गया है कि विटामिन के कैप्सूल का मानव के शरीर पर समान प्रभाव नहीं पड़ता है। यहां 'समान प्रभाव का अर्थ है 'फल तथा सब्जियां खाने के प्रभाव के बराबर'। इसका अर्थ यह नहीं हुआ कि बिल्कुल ही प्रभाव नहीं पड़ता हैं। इसलिए इसकी बिक्री पर रोक लगा देना उचित नहीं हैं। इस प्रकार केवल कार्यवाही II अनुकरणीय हैं।

उदाहरण 2: कथन - : बच्चे अक्सर अश्लील पोस्टरों को घूरते हुए पाए जाते हैं।

कार्यवाहियां :

I. ऐसे पोस्टर और सामग्री के प्रदर्शन पर रोक लगा देनी चाहिए।

II. यदि वे ऐसा करते हुए पाए जाएं तो ऐसे बच्चों को सजा और दंड दिया जाना चाहिए।

व्याख्या : बच्चे अश्लील पोस्टरों को जिज्ञासावश घूरते हैं और जिज्ञासा कोई बुरी आदत नहीं हैं। यह बच्चों के मस्तिष्क और रूझान / अभियोग्यता के विकास में सहायता करती हैं। इसलिए, अश्लील पोस्टरों को देखते पाए जाने पर बच्चों को सजा देने का सुझाव उपयुक्त नहीं हैं। लेकिन दूसरी ओर, यह भी सही है कि अश्लील पोस्टर नाबालिग बच्चों के अविकसित मस्तिष्क पर अनुचित प्रभाव डालते हैं। इसलिए, यह सुनिश्चित करना अनिवार्य है कि अश्लील पोस्टरों के प्रदर्शन पर रोक

लगाई जाए ताकि बच्चे बुराई से दूर रहें। इसलिए, कार्यवाही I अनुसरण के लिए सही है जबकि कार्यवाही II नहीं।

उपर्युक्त उदाहरणों से यह स्पष्ट है कि ऐसे प्रश्न दी गई परिस्थितियों में किसी समस्या का सही मूल्यांकन करने में अभ्यर्थी की योग्यता जांचने के लिए पूछे जाते हैं। न कि समस्या का मूल कारण ज्ञात करने तथा अंतत; उपयुक्त कार्यवाही निर्धारित करने के लिए जो समस्या को सुचारू तरीके से हल कर सकती है। एक जिम्मेदार अधिकारी के रूप में आपको अनेक प्रशासनिक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा और आपसे उपयुक्त कार्यवाही निर्धारित करने का उपयुक्त निर्णय लेने की अपेक्षा की जाएगी।

निर्णय लेने की क्षमता आधिकारिक अभियोग्यता परीक्षा का एक महत्वपूर्ण पहलू है। किसी दक्ष अधिकारी को शीघ्र और सही निर्णय लेने में समर्थ होना चाहिए। यदि निर्णय सुविचारित नहीं है तो इससे अनेक समस्याएं तथा भ्रम पैदा हो सकते हैं। और, यदि अधिकारी निर्णय लेने में विलंब करता है तो वह स्थिति को सही तरीके से संभालने में विफल हो सकता है। इस प्रकार, कोई निर्णय अनेक कारकों का कुल योग होता है। कोई भी निर्णय सही है यदि वह निम्नलिखित कारकों के अनुरूप

1. यह निर्णय देश तथा संबंधित संगठन के व्यापक हित में होना चाहिए।

2. यह देश के कानून के विरुद्ध नहीं होना चाहिए।

3. कोई भी निर्णय व्यक्तिगत पूर्वाग्रहों या बाहरी कारकों से प्रभावित नहीं होना चाहिए।

4. निर्णय लेते समय अन्य व्यक्तियों के सुझावों पर विचार करें लेकिन स्वयं अपना निर्णय लें।

5. किसी भी अधिकारी को निर्णय लेते समय वर्तमान का अतीत के साथ तथा भविष्य का वर्तमान के साथ पारस्परिक संबंधों पर गौर करना चाहिए। इससे समस्या को गहरायी से समझने में सहायता मिलती है।

निर्णय लेने की क्षमता आधिकारिक अभियोग्यता परीक्षा का एक महत्वपूर्ण पहलू है। किसी दक्ष अधिकारी को शीघ्र और सही निर्णय लेने में समर्थ होना चाहिए। यदि निर्णय सुविचारित नहीं है तो इससे अनेक समस्याएं तथा भ्रम पैदा हो सकते हैं। और, यदि अधिकारी निर्णय लेने में विलंब करता है तो वह स्थिति को सही तरीके से संभालने में विफल हो सकता है। इस प्रकार, कोई निर्णय अनेक कारकों का कुल योग होता है। कोई भी निर्णय सही है यदि वह निम्नलिखित कारकों के अनुरूप हो I

प्रश्नों का स्वरूप

आमतौर पर कार्यवाही की दिशा संबंधी प्रश्नों में दो पैटर्न अपनाए जाते हैं :

I. कोई समस्या जिसके बाद कार्यवाही का सुझाव दिया होता है और जो इस समस्या का हल निर्धारित करता है I
II. कोई तथ्य या स्थिति जिसके बाद कार्यवाही का सुझाव दिया होता है जो इस स्थिति में सुधार ला सकती है। इसलिए, सबसे पहले आपको यह तय करना है कि क्या दिया गया कथन किसी समस्या की बात करता है या किसी तथ्य / स्थिति का विवरण मात्र दे रहा है I

समस्या हल प्रकार के प्रश्न

समस्या हल प्रकार के प्रश्न के मामले में प्रदत्त कार्यवाहियाँ तब उपयुक्त होती है जब-:

(i) यह समस्या का हल बताए या समस्या को न्यूनतम करदे, और
(ii) यह एक व्यावहारिक हल हो I

दूसरे शब्दों में कहा जाए तो हमें उपर्युक्त तथ्यों के आलोक में कार्यवाही की उपयुक्तता की जांच करनी है।

यह तय करना अधिक कठिन नहीं होता है कि क्या कार्यवाही किसी समस्या को हल अथवा न्यूनतम कर देगी। आप अपने सामान्य विवेक तथा ज्ञान का इस्तेमाल कर और अपने प्रतिदिन के अनुभव के आधार पर यह तय कर सकते हैं। इसी प्रकार, यदि कोई हल प्रतिदिन के जीवन में लागू है तो इसे व्यावहारिक अनुवर्तन मानना चाहिए।

I.कार्यवाही वास्तव में समस्या को हल अथवा न्यूनतम करती है, यह तय करने के लिए कुछ महत्वपूर्ण संकेत निम्नलिखित हैं:

(A) यह भली-भाँति विदित है कि हर समस्या की अपनी कुछ विशेषता होती है। और इस प्रकार, किसी निश्चित तरीके / कार्यवाही का अनुसरण करके इसको हल किया जा सकता है। उदाहरणार्थ, सरलीकरण से संबंधित किसी प्रश्न को केवल BODMAS नियम लागू करके ही सही तरीके से हल किया जा सकता है।

यह एक सुस्थापित तथ्य है कि सरलीकरण पर आधारित प्रश्न BODMAS नियम इस्तेमाल करके हल किए जा सकते हैं। इस नियम से किसी भी प्रकार का विचलन गलत उत्तर की ओर ले जाता है। उसी प्रकार, किसी निश्चित प्रश्न में आप यह सही पाएँगे कि कोई विशेष समस्या किसी विशेष कार्यवाही से हल होती है। दूसरे उदाहरण पर विचार करें :

मान लिया, आप शरीर के दर्द से पीड़ित हैं। यह बीमारी केवल दर्दनाशक गोली या इसी प्रकार की कोई दूसरी दवा लेकर ही दूर की जा सकती है यह एक सुस्थापित तथ्य है। इस प्रकार, निश्चित समस्याओं का तयशुदा हल होता है। ऐसी समस्याओं को पहचानना अधिक कठिन नहीं होता है।

उदाहरण 1. कथन पिछले तीन हफ्तों के दौरान असम के कुछ आदिवासी गांवों में जानलेवा एंट्रिक बुखार अब तक 100 जान ले चुका है।

कार्यवाही : इस जानलेवा बीमारी का फैलाव रोकने के लिए सरकार को उस क्षेत्र में एक चिकित्सा दल तत्काल भेजना चाहिए।

व्याख्या : किसी जानलेवा बीमारी का फैलाव रोकने के लिए हमें चिकित्सीय राहत उपलब्ध करानी चाहिए, यह एक सर्वविदित तथ्य है।

2. उदाहरण. कथन : वर्षा के मौसम के दौरान उत्तरी बिहार के निचले इलाकों में स्थित गांव हर वर्ष नदियों के अधिक बहाव के कारण यह जाते हैं। कार्यवाही : सरकार को उत्तरी बिहार में नदियों के अधिक बहाव की रोकथाम करने के लिए उपाय करने चाहिए।

व्याख्या : इस समस्या के स्वरूप में गांवों को नदियों के प्रकोप से बचाने के लिए तत्काल उपाय की आवश्यकता शामिल है तथा यह केवल नदियों के को सीमित करने पर संभव हो सकता है,यह एक स्थापित तथ्य है।

(b) अपने अनुभवों तथा विवेचनात्मक सादृश्यता के आधार पर हम तय कर सकते हैं कि क्या दी गई समस्या किसी विशेष हल द्वारा हल की ज सकती है। ऐसे मामलों में हमें वर्तमान का अतीत से तथा भविष्य का वर्तमान से पारस्परिक संबंध स्थापित करना चाहिए। इससे समस्या की जड़ तक अध्ययन करने में मदद मिलती है तथा अंततः हम उपयुक्त हल तक पहुंच जाते हैं। कुछ मामलों में पूर्ववर्ती उदाहरण तथा पूर्ववर्ती कार्यवाहियां उपयुक्त समाधान के निर्धारण में सहायक सिद्ध होती हैं।

उदाहरण 1. कथन: कन्या भ्रूण हत्या का प्रचलन हमारे देश से अभी समाप्त नहीं हुआ है।

कार्यवाही; विशेषतौर पर महिलाओं के बीच निरक्षरता के उन्मूलन करने के प्रयास किए जाने चाहिए।

व्याख्या:- हमारे अतीत के अनुभव दर्शाते हैं कि लोगों को जागरूक और सचेत बनाकर अनेक सामाजिक समस्याओं को हल किया जा सकता है।

उदाहरण 2. कथन: राज्य 'X' में धन की उपलब्धता के बावजूद रेशम के कीड़े के पालन (Sericulture) विकास कार्यक्रम में कमी के कारण रेशम के उत्पादन में भारी गिरावट आई है।

कार्यवाही:- राज्य 'X' की सरकार को कमियों का तत्काल अध्ययन करना चाहिए तथा इन कमियों को दूर करने के लिए निवारक कार्यवाही करनी चाहिए।

व्याख्या: हम जानते हैं कि यदि कोई समस्या किसी निश्चित विकास कार्यक्रम को उपयुक्त तरीके से कार्यान्वित नहीं करने के कारण पैदा होती है तो हमें सर्वप्रथम कमियों का पता लगाना चाहिए और फिर तदनुसार निवारक कार्यवाही करनी चाहिए ।

(c)कभी-कभार लगभग बिल्कुल नई समस्या दे दी जाती है तथा ऐसी समस्याओं के हल के लिए आपकी ओर से तर्कसंगत चिंतन की आवश्यकता होती है। ऐसी समस्या का हल ज्ञात करने के लिए आपको सर्वप्रथम समस्या के मूल कारण का पता लगाना चाहिए और फिर निवारक कार्यवाही सुझाव देना चाहिए। समस्या का स्वरूप तथा इसके परिणाम हल निर्धारित करने के लिए महत्वपूर्ण संकेत उपलब्ध कराते हैं।

उदाहरण I. कथन: पुलिस- , समाज के वृद्ध सदस्यों की रक्षा करने में विफल रही है। पिछले दो दिनों के दौरान अलग-अलग इलाकों में चार वृद्ध व्यक्तियों की हत्या हुई है।

कार्यवाही-वृद्ध लोगों की विशेष देखभाल करने के लिए पुलिस तथा युवा लोगों से कहा जाना चाहिए।

व्याख्या:- कार्यवाही की सुझाई गई दिशा तर्कसंगत है। हमें उन व्यक्तियों की विशेष देखभाल करनी चाहिए जो इस नई पनपी बुराई से प्रभावित होने की संभावना रखते हैं।

उदाहरण 2. कथन : हाल ही में किया गया एक अध्ययन यह दर्शाता है कि स्कूल जाने वाले बच्चों की सभी माताओं में से 70 प्रतिशत माताएं इस वर्ष के अंत तक अपने घर से बाहर काम करने लगेंगी।

कार्यवाही :-अवसंरचना तथा सेवा की गुणवत्ता के मायनों में महिलाओं के लिए रोजगार की वर्तमान स्थिति में सुधार लाने की आवश्यकता है।

व्याख्या- समस्या के स्वरूप को देखते हुए कार्यवाही तर्कसंगत दृष्टि से उचित है।

II :-दी गयी कार्यवाही [हल] व्यावहारिक है या नहीं, यह तय करने के लिए कुछ महत्वपूर्ण संकेत :

कभी-कभार दी गयी कार्यवाही वास्तव में समस्या को हल कर सकती है, लेकिन कभी-कभी यह व्यावहारिक नहीं होती। अत:, ऐसी कार्यवाही का अनुसरण नहीं किया जा सकता। कोई हल व्यावहारिक है या नहीं, इसका निर्धारण करने के लिए निम्नलिखित मानदंडों का सहारा लीजिए :

(A) क्या समस्या तथा हल उपयुक्त तरीके से संतुलित है? दूसरे शब्दों में, अत्यधिक सरल समस्या को हल करने के लिए तीव्र और कठोर इस को नहीं अपनाया जा सकता। इसी प्रकार, किसी दुरुह समस्या को सरल हल की सहायता से दूर नहीं किया जा सकता। इसलिए, निर्धारित हल समस्या से के स्वरूप और तीव्रता के अनुरूप होना चाहिए। निम्नलिखित उदाहरणों पर विचार करें:

उदाहरण I. कथन: दिल्ली में जेबकतरों की -समस्या गंभीर रूप धारण कर रही है।

कार्यवाही: जेबकतरों को बिना मुकदमा चलाए -फांसी की सजा दी जानी चाहिए। व्याख्या दी गयी कार्यवाही इस समस्या के स्वरूप और तीव्रता के अनुरूप नहीं है। एक सरल समस्या के लिए यह हल अत्यधिक कठोर है।

उदाहरण 2. कथन : कंपनी 'X' ने कंपनी 'A' द्वारा आपूरित किए गए बल्बों की पहली खेप अस्वीकार कर दी तथा खराब गुणवत्ता की सामग्री के इस्तेमाल और घटिया दस्तकारी का कारण बताते हुए पूरे ऑर्डर को निरस्त कर दिया।

कार्यवाहियाँ :

I. कंपनी 'A' को अपनी खरीद, उत्पादन और गुणवत्ता नियंत्रण विभागों के कार्यप्रणाली की जांच करने की आवश्यकता है।

II. कंपनी 'A' को कंपनी 'X' द्वारा अस्वीकार किए गए सभी बाल्यों का निरीक्षण करना चाहिए।

व्याख्या :- समस्या के स्वरूप को देखते हुए कार्यवाही I उपयुक्त हल प्रतीत होता है जबकि कार्यवाही II व्यावहारिक नहीं है।

उदाहरण 3. कथन :- औद्योगिक निस्सारण तथा मोटरवाहनों के धुएं द्वारा शहर के प्रदूषण स्तर में किसी भी प्रकार की वृद्धि निवासियों के लिए गंभीर खतरे पैदा कर देगी।

कार्यवाही : शहर के सभी कारखानों को तत्काल बंद कर दिया जाना चाहिए।

व्याख्या -: हालांकि समस्या गंभीर है, लेकिन सुझाई गई कार्यवाही विसंगत है ।

(B) कुछ निश्चित मामलों में कोई कार्यवाही किसी समस्या का स्पष्ट हल प्रतीत हो सकती है तथा आप अनुसरण के लिए इसे अपना सकते हैं। लेकिन ध्यानपूर्वक विश्लेषण करने से पता चलता है कि वास्तव में इससे समस्या हल नहीं होगी तथा स्थिति और गंभीर बन जाएगी। निम्नलिखित उदाहरणों पर विचार करें :

उदाहरण I. कथन: महानगरों तलाक की संख्या में भारी वृद्धी हो रही है। कार्यवाही महानगरों में विवाह को निषिद्ध कर दिया जाना चाहिए।

व्याख्या: पहली नजर में सुझाई गयी कार्यवाही इस समस्या का हल प्रतीत होती है। यदि कोई विवाह नहीं होता तो तलाक की समस्या स्वतः हल हो जाएगी। लेकिन यह हल व्यावहारिक नहीं है। सुझाई गई कार्यवाही से अन्य समस्याएँ उत्पन्न हो जाएगी

उदाहरण 2. कथन: मालिक और मजूदरों के बीच सक्रिय सहयोग के बिना कोई कारखाना लम्बे समय तक लाभप्रद नहीं बन सकता कार्यवाही कारखाना को बंद कर दिया जाना चाहिए।

व्याख्या: यदि हम कारखाने के आर्थिक हितों पर विचार करते हैं तो सुझाई गई कार्यवाही इस समस्या का प्रतीत होती है। लेकिन यदि हम समस्या ध्यानपूर्वक विश्लेषण करते हैं तो सुझाई गई कार्यवाही सैंकड़ों मजूदरों को बेरोजगार बना देगी। इसलिए यह एक व्यावहारिक हल नहीं हो सकता।

<u>अभ्यास प्रश्न</u>

I-30 निम्न प्रश्नों में एक कथन दो कार्यवाहियाँ I व II दी गई हैं दिए गए निम्न विकल्पों में से एक उत्तर दें -

(1) यदि केवल कार्यवाही सही है।

यदि केवल कार्यवाही (2) II सही है।

या तो कार्यवाही I या (3) II सही है।

I. कथन राष्ट्रीय महिला आयोग की रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं पर दिन प्रतिदिन अपराधों में वृद्धि हो रही है। इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में 2I फीसदी वृद्धि हुई है।

कार्यवाही I : सरकार को इस तरह के अपराधों से बचने के लिये अलग प्रकोष्ठ बनाना चाहिए।

कार्यवाही II:महिलाओं को बाहरी काम धंधे में हिस्सा नहीं लेना चाहिए।

2. कथन: नगर में बड़े पैमाने पर आग्नेयास्त्रों के साथ तीन लोग पकड़े गए।

कार्यवाही I : पुलिस कर्मियों को नगर में रात्रि गश्त का निर्देश दिया जाना चाहिए।

कार्यवाही II : तीन व्यक्तियों को पूरी तरह से मुक्त कर दिया जाना चाहिए तथा अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु इनकी गतिविधियों का पर्यवेक्षण किया जाना चाहिए।

3. कथन : एयरपोर्ट के आस पास अधिक संख्या में वृद्ध लोग रहते हैं जिनके बारे में यह रिपोर्ट मिली है कि वे श्रवण संबंधित समस्या से पीड़ित हैं।

कार्यवाही I : जो लोग एयरपोर्ट के आस-पास रहते हैं, उन्हें तुरंत सुरक्षित स्थानों पर स्थानान्तरित करना चाहिए।

कार्यवाही II:- एयरपोर्ट प्राधिकारियों द्वारा एयरपोर्ट के आस-पास रहने वाले वृद्ध लोगों को ध्वनि प्रदूषण का सामना करने हेतु प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए।

4.कथन : पिछले कुछ दिनों के दौरान मूसलाधार वर्षा के कारण शहर का बहुत बड़ा क्षेत्र जलमग्न हुआ है और जो लोग उस क्षेत्र में रहते हैं, उन्हें अन्य स्थानों पर जाने के लिए बाध्य होना पड़ा।

कार्यवाही I: सरकार को विस्थापित लोगों के लिए अनाज और आश्रय की व्यवस्था करनी चाहिए।

कार्यवाही II : फायर ब्रिगेड को इस परिस्थिति से सामना करने के लिए उच्च सावधानी का आदेश देना चाहिए।

5. कथन: एक अस्पताल विशेष में दाखिल रोगियों में एक गंभीर संक्रामक रोग पाया गया है।

कार्यवाही I:-रोग के फैलने के खतरे को देखते हुए इन रोगियों को तत्काल अस्पताल से छुट्टी दे देनी चाहिए।

कार्यवाही II :-रोग को फैलने से रोकने के लिए अस्पताल को उचित संगरोध की व्यवस्था करनी चाहिए।

6. कथन- लोग कर को बोझ समझते हैं और इसलिए इसका कम भुगतान करने या इसे पूर्णतः टालने के तरीके सोच निकालते हैं।

कार्यवाही I: कर राष्ट्र के विकास में कैसे सहायक होते हैं इसके बारे में सरकार को नागरिकों को शिक्षित करना चाहिए और जानकारी देनी चाहिए।

कार्यवाही II: कर की दरें बढ़ायी जानी चाहिए ताकि वसूली में कमी की क्षतिपूर्ति की जा सके।

7. कथन : बहुत सी संस्थाएँ हैं जिनमें से किसी एक को भी I3 शहर के विकास के लिए जवाबदेह नहीं ठहराया जा सकता, यही इसकी उपेक्षापूर्ण स्थिति का कारण है।

कार्यवाही I : प्रत्येक संस्था को कुछेक कर्तव्य दिए जाने चाहिए और इस आवंटन का दोहराव नहीं होना चाहिए।
कार्यवाही II : अन्य सभी संस्थाओं की कार्रवाइयों को विनियमित करने की शक्तियों वाली एक समिति नियुक्त की जानी चाहिए।

8. कथन : भारत में प्रति I000 व्यक्ति अस्पताल में बिस्तरों की संख्या, जो स्वास्थ्य संबंधी मूल सुविधा का मुख्य संकेतक है, भारत से अधिक गरीब कई देशों से बहुत कम है।

कार्यवाही I : महँगी दवाइयों के आयात का व्यय सरकार द्वारा वहन किया जाना चाहिए।

कार्यवाही II : स्वास्थ्य कल्याण संबंधी मूल सुविधाओं के निर्माण हेतु निजी पक्षों के प्रवेश को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन दिए जाने चाहिए।

9. कथन : रानी गाँव में कोई विद्यालय नहीं है अतः वहाँ की लड़कियों को पढ़ने के लिए जोधपुर नगर में आना पड़ता है, जो कि बहुत दूर है

कार्यवाही I : रानी गाँव में लड़कियों के लिए विद्यालय खोलना चाहिए I

कार्यवाही II : वहाँ की लड़कियों को पढ़ाने के लिए शहर की कुछ अध्यापिकाओं को कभी-कभी वहाँ जाना चाहिए।

I0. कथन- : कई विद्यालयों में अधिकांश छात्र अंतिम परीक्षा पास नहीं करते हैं

कार्यवाही I: ऐसे विद्यालयों को बंद कर देना चाहिए क्योंकि ये लाभदायक नहीं है।

कार्यवाही II : ऐसे विद्यालयों में अच्छे व परिश्रमी शिक्षकों को नियुक्त किया जाना चाहिए।

II. कथन : शहर में सीनियर सैकण्डरी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए अनेक छात्र महाविद्यालय में सीटों की कम क्षमता के कारण प्रवेश प्राप्त नहीं कर सके।

कार्यवाही I: सरकार को महाविद्यालय में सीटें बढ़ा कर इन छात्रों के प्रवेश के लिए तुरंत व्यवस्था करनी चाहिए।

कार्यवाही II : जिन छात्रों को महाविद्यालय में प्रवेश नहीं मिल सका, उन्हें अन्य व्यावसायिक कोर्सों के लिए प्रयत्नशील रहने की सलाह देनी चाहिए।

I2.कथन- : पुस्तक लेखन में कला की सुग्राह्यता और रोचकता के साथ साथ ऐसा मानक मापदण्ड होना चाहिए, जो नई जागरूकता पैदा करें।

कार्यवाही I : लेखक को पुस्तक लिखते समय पाठकों की रुचि पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

कार्यवाही II : ऐसी मापदण्ड वाली पुस्तक, जो समाज को प्रदूषित करे, के लेखक को जान से मार देना चाहिए।

I3. कथनः- जिला कलेक्टर ने सर्दी के कहर को देखते हुए यह आदेश दिया कि सभी स्कूलों को तत्काल बंद कर दिया जाये।

कार्यवाही I : सभी स्कूल प्रभारियों को जिला कलेक्टर के इस निर्णय को मान लेना चाहिए।

कार्यवाही II : सभी स्कूल प्रभारियों को जिला कलेक्टर के इस निर्णय को नहीं मानना चाहिए।

.I4 कथन- : सरकार ने शिक्षकों की फर्जी बहाली की जाँच हेतु आखिरकार एक कमेंटी बना ही दी, जिसके लिए सदन में कई दिनों से हंगामा हो रहा था।

कार्यवाही I. : सरकार को उन पदाधिकारियों को हटा देना चाहिए, जिन्होंने फर्जी बहाली की।

कार्यवाही II. : सरकार को कमें टी में ईमानदार व योग्य लोगों को ही रखना चाहिए, जो पक्षपात व घूसखोरी को बढ़ावा न दें।

15.कथन- : स्कूल अवधि में स्कूल के छात्रों के एक समूह द्वारा पिकनिक मनाने का समाचार मिला।

कार्यवाही I. : प्रिन्सिपल को ऐसे छात्रों के अभिभावक से सम्पर्क करना चाहिए और उन्हें भविष्य में ऐसा नहीं करने की चेतावनी देनी चाहिए।

कार्यवाही II. : अन्य छात्रों को आगाह करने के लिए, उन बच्चों के विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही करनी चाहिए।

16.कथन- : चेयरमैन ने शिक्षा व्यवस्था को और अधिक लचीला बनाने पर जोर दिया और यह कहते हुए अफसोस जताया कि समय के साथ शिक्षा कार्यक्रम में बदलाव नहीं हो रहे हैं।

कार्यवाही I. : शिक्षा कार्यक्रम पर निश्चित अंतराल में पुनर्विचार एवं परिवर्तन किया जाना चाहिए।

कार्यवाही II. : शिक्षा व्यवस्था को और अधिक लचीला बनाना चाहिए।

17.कथन- : बहुत से में डिकल एवं इंजीनियरिंग स्नातक प्रशासनिक क्षेत्र व बैंकों में नौकरी कर रहे हैं ।

कार्यवाही I: सभी व्यावसायिक डिग्रीधारी स्नातकों को ऐसे क्षेत्रों में नौकरी से रोका जाना चाहिए।

कार्यवाही II. : सरकार को व्यावसायिक डिग्रीधारी स्नातकों द्वारा ऐसी नौकरियों में आने के कारण एवं इसके बचाव के तरीकों का पता करने के लिए समिति गठित करनी चाहिए।

18. कथन- : जिले में लगातार तीसरे वर्ष खरीफ की फसल गंभीर रूप से कीटों द्वारा प्रभावित हुई है और किसानों को इन वर्षों में 50 प्रतिशत से भी कम फसल प्राप्त हुई है।

कार्यवाही I. : अगले वर्ष किसानों को अपनी फसलों के बचाव के लिये कीट द्वारा हुए हमले पर नियंत्रण के लिए उपाय ढूँढने चाहिए।

कार्यवाही II. : सरकार को किसानों को आर्थिक कठिनाई से बचाने के लिए खरीफ के आधार प्राप्ति मूल्य में पर्याप्त वृद्धि करनी चाहिए।

19. कथन- : प्रत्येक राष्ट्र को प्रतिष्ठा से बने रहने के लिए निरन्तर आर्थिक वृद्धि और विकास करना आवश्यक है।

कार्यवाही I. : प्रत्येक राष्ट्र में बैंक और वित्तीय संस्थाओं को अपने ग्राहकों को आर्थिक वृद्धि और विकास के महत्व से अवगत कराना चाहिए।

कार्यवाही II. : जीवन के हर मोड़ पर प्रतिष्ठा से जीवनयापन करने के लिये उचित रूप से प्रयास करना चाहिए।

20. कथन : बैंकों को गैर-निष्पादित आस्तियों (NPA) की बढ़ोतरी के पिछले अनुभव से सीख लेकर ऐसे अशोध्य ऋण (Bad debts) की पुनरावृत्ति पर प्रतिबन्ध लगाने के लिये सार्थक उपाय अपनाने चाहिए।

कार्यवाही I. : ऋण की मंजूरी स्वीकृत करने से पहले ग्राहकों की उधार पात्रता का मूल्यांकन कड़ाई से करना आवश्यक है।

कार्यवाही II. : जिसके लिए ऋण दिया गया है उस व्यवसाय द्वारा उचित समय पर ऋण की किस्तों का भुगतान निश्चित करने हेतु उसकी नियमित अन्तराल में बारीकी से निगरानी करनी चाहिए।

<u>उत्तर व्याख्या सहीत</u>

(1)अपराधों पर तुरन्त कार्यवाही के लिये एक अलग प्रकोष्ठ बनाना उचित कदम है, परन्तु उन्हें बाहर के काम धंधों में जाने से रोकना समस्या का समाधान नहीं, घटनाएँ घर में रहते हुए भी हो सकती हैं, अतः दूसरी कार्यवाही उचित नहीं है।

(2) रात्रि गश्त अपराधियों को पकड़ने में सहायक हो सकती है, अतः यह कार्यवाही उचित है परन्तु अपराधियों को छोड़कर अन्य पर निगरानी रखना अव्यवहारिक एवं घातक कदम होने से अनुचित होगा, जरूरी नहीं यह उचित परिणाम दे।

(3) श्रवण संबंधी समस्या के लिये सभी लोगों को दूसरी जगह स्थानान्तरित करना अव्यवहारिक एवं अनुचित कार्यवाही होगी। वृद्ध लोगों को प्रशिक्षित करना, समस्या कम करने की उचित कार्यवाही कहलायेगी।

(4) बाढ़ के कारण विस्थापित को अनाज और आश्रय देना सरकार की जिम्मेदारी एवं बेहद आवश्यक कार्यवाही है। फायर ब्रिगेड का उपयोग बाढ़ की बजाय आग की घटना में उपयोगी होता है अतः दूसरी कार्यवाही उचित नहीं है।

(5) संक्रामक रोग ग्रसित रोगियों को अस्पताल से छुट्टी देने पर रोग शहर में फैल सकता है अतः कार्यवाही सर्वथा अनुचित होगी। रोग को फैलने से रोकने के लिये संगरोध की व्यवस्था सकारात्मक कार्यवाही है।

(6) कर की उपयोगिता के बारे में नागरिकों को शिक्षित करना उपयुक्त कार्यवाही है परन्तु कर की क्षतिपूर्ति के लिये कर की दरें बढ़ाने से बोझ और बढ़ जायेगा। यह नकारात्मक एवं अनुचित कार्यवाही होगी।

(7) दोनों कार्यवाहियाँ उचित हैं।

(8) स्वास्थ्य संबंधी संकेतक में सुधार का दवाईयों के आयात से कोई सम्बन्ध नहीं। निजी पक्षों को बढ़ावा देने से संकेतक में सुधार लाया जा सकता है। अतः कार्यवाही II उचित है।

(9) गाँव में विद्यालय खोलना समस्या का पक्का समाधान है। कभी-कभी अध्यापिकाओ को गाँव भेजने से न तो लड़कियों की नियमित पढ़ाई होगी और न ही वे जोधपुर के स्कूल में जायेंगी। अतः कार्यवाही II का कोई औचित्य नहीं है।

(10) विद्यार्थियों के पास नहीं होने से स्कूल बंद करना समस्या का कोई समाधान नहीं होगा। अच्छे व परिश्रमी अध्यापकों की नियुक्ति करने से परीक्षा परिणाम में सुधार अवश्य होगा।

(11) दोनों कार्यवाहियाँ उचित हैं परन्तु यदि कॉलेज की क्षमता बढ़ाते हैं तो छात्रों को व्यावसायिक कोर्स में जाने की कोई जरूरत नहीं होगी, और यदि छात्र अन्य व्यावसायिक कोर्स में प्रत्यनशील हो जायेंगे तो कॉलेज की क्षमता बढ़ाने की 'जरूरत नहीं अतः या तो कार्यवाही I या II सही है।

(12) पाठकों की रुचि उत्पन्न करना या उनकी रुचि का ध्यान रखना आवश्यक है परन्तु लेखक को जान से मार देना बिल्कुल अनुचित कार्यवाही होगी।

(13) सर्दी के कहर के कारण स्कूल बंद करने का निर्णय उचित है, अतः निर्णय को मानना सही कार्यवाही होगी।

(14) फर्जी बहाली के सही कारणों का पता लगाये बिना अधिकारियों को हटा देना न्यायोचित नहीं होगा। कमें टी में ईमानदार और योग्य लोगों को रखना उचित कदम है।

(15) दोनों कार्यवाहियाँ उचित हैं।

(16) दोनों कार्यवाहियाँ उचित हैं।

(17) स्नातक को अपनी इच्छा से नौकरी पाने का अधिकार है अतः उन्हें रोकना अनुचित होगा, जबकि इसके कारण का पता करने के लिए कमें टी गठित करना एक उचित कार्यवाही है।

(18) दोनों कार्यवाहियाँ उचित हैं ।

(19) राष्ट्र की प्रतिष्ठा बनाये रखने के लिए बैंक एवं वित्तीय संस्थाओं को अपने ग्राहकों को इसके महत्व बताना उचित कार्यवाही है। यह भी उचित होगा कि जीवन के हर मोड़ पर प्रतिष्ठा से जीवन बिताने के महत्व को बताया जाये ।

(20) दोनों कार्यवाहियाँ उचित हैं ।

अध्याय-2।

कथन एवं निष्कर्ष

(Statement & Conclusion)

किसी विषय के सन्दर्भ में दी गई अभिव्यक्ति को कथन कहते हैं। निष्कर्ष एक ऐसा तथ्य परख विवेचन है जो कि कथन के सम्पूर्ण अवयवों को ध्यान में रखते हुए उसकी विवेचना, कारण, प्रभाव, वैज्ञानिक परीक्षण एवं सर्वमान्य स्वीकार्यता पर निर्भर करता है।

इस प्रकार के प्रश्नों में एक कथन दिया गया होता है जिस पर आधारित दो या दो से अधिक निष्कर्ष दिए गए होते हैं। कथन के सारे तथ्यों को सही मानते हुए, चाहे वे सर्वमान्य मान्यताओं के विपरीत ही क्यों न हो, किसी भी तरह के पूर्वानुमान की मदद लिये बिना यह ज्ञात करना होता है कि दिए गए निष्कर्षों में से कौनसा निष्कर्ष तार्किक रूप से सही है। यदि प्रश्न में एक से अधिक कथन भी दिए हो, तो निष्कर्ष तक पहुंचने से पहले विभिन्न कथनों में उल्लेखित सूचनाओं के साथ पारस्परिक सम्बन्ध स्थापित करना चाहिए।

●मान्य निष्कर्ष की पहचान के लक्षण :

●कथन में दी गई सूचना के आधार पर निष्कर्षों की वैधता पर विचार करना चाहिए।

· यदि केवल एक कथन का एक से अधिक निष्कर्षों में अनुकरण किया जा रहा हो, तो ये वैध कहलायेंगे। ऐसे में असामान्य निष्कर्षों का पता लगाने के लिए प्रत्येक निष्कर्ष का अलग मूल्यांकन किया जाना चाहिए।

●निष्कर्ष कथन के किसी एक भाग या सभी में व्याप्त होगा।

· यह कथन में निहित विचारों का सामान्यीकृत रूप होता है।

· निष्कर्ष कथन के आधार पर ही निकलना चाहिए।

· कथन में जब कुछ विशेष शब्द जैसे हमेशा, सदैव, बावजूद, केवल, अधिकतर, अधिकांश आदि का उपयोग किया जाता है तो कथन का अर्थ बदल जाता है।

अमान्य निष्कर्षों की पहचान के लक्षण :

· कथन में किसी शब्द या वाक्यांश का दो अर्थों में इस्तेमाल नहीं होना चाहिए।

· कथन और उसके निष्कर्ष नीति एवं सत्य की प्रचलित धारणाओं केविपरीत नहीं होने चाहिए।

· निष्कर्ष उदाहरण नहीं होने चाहिए।

· सामान्यत:, आमतौर पर, साधारण तौर आदि शब्द निष्कर्ष को अमान्य या सन्देहास्पद बना देते हैं।

· यदि दो कथन दिए गए हों, तो वे परस्पर विरोधाभासी नहीं होने चाहिए।

· निष्कर्ष व्यक्तिगत, पूर्वाग्रह अथवा बाहरी कारकों से प्रभावित नहीं हो।

· निष्कर्ष निकालते समय अन्य व्यक्तियों के सुझावों पर विचार करना चाहिए परन्तु निष्कर्ष स्वयं का अपना होना चाहिए।

निष्कर्ष में निम्न तर्क दोष नहीं होने चाहिए।

· अक्षर संयोजन का तर्क दोष

·वर्गीकरण का तर्क दोष

·अविवेकी सादृश्यता का दोष

·अपर्याप्त आँकड़ों का तर्क दोष

निर्देश (1-25): निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में एक कथन दिया गया है तथा इस पर आधारित दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। दिए गए कथन सर्वमान्य मान्यताओं से सर्वथा विपरीत ही क्यों न हों फिर भी आपको उन्हें सत्य मानना है। इसके बाद आपको दिए गए कथन और निष्कर्षों पर विचार करते हुए यह निर्णय करना है कि दिए गए कथन के आधार पर कौन-सा/से निष्कर्ष आवश्यक रूप से अनुसरण करता है करते हैं ?

उत्तर (1) दीजिए यदि केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

उत्तर (2) दीजिए यदि केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

उत्तर (3) दीजिए यदि या तो निष्कर्ष I या II अनुसरण करता है।

उत्तर (4) दीजिए यदि न तो निष्कर्ष और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

उत्तर (5) दीजिए यदि निष्कर्ष I और II दोनों ही अनुसरण करते हैं।

I. कथन केन्द्र सरकार ने 142 कंपनियों, जिन्होंने कानूनी अपेक्षाओं को पूरा किए बिना अपना कारोबार बंद कर दिया है, के खिलाफ मुकदमा दायर किया है।

निष्कर्ष : I. भारत में लगभग सभी कंपनियां कारोबार शुरू करने और कारोबार समाप्त कर देने, दोनों ही समयों में कानूनी औपचारिकताओं का पालन नहीं करतीं।

II. संबंधित सरकारी विभाग 'निगरानी' संबंधी अपनी जिम्मेदारियां पूरी करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि अन्य कंपनियां, जो गलती कर रही हैं उन्हें संकेत मिल जाये।

2. कथन अखिल भारतीय पार्षद सम्मेलन में पार्षदों की बढ़ी हुई जिम्मेदारियों को पूरा करने में मदद के लिए उन्हें ज्यादा अधिकार दिए जाने की मांग हो रही है।

निष्कर्ष : I. लोग अधिकारी के पीछे पागल हैं, वे अधिकार और पैसा दोनों चाहते हैं।

II. पार्षद का पद केवल दिखावटी नहीं होना चाहिए।

3. कथन 'X' राज्य के मंत्रिमंडल ने राज्य में सहकारी संस्थाओं तथा सरकारी डेयरियों के अतिरिक्त उपलब्ध दूध के उपयोग में असफल होने पर अतिरिक्त दूध की समस्या से निपटने के लिए कतिपय उपाय किए हैं। एक समाचार रिपोर्ट।

निष्कर्ष : I 'X' राज्य में दूध का उत्पादन वहां की आवश्यकता कीअपेक्षा अधिक है।

II राज्य 'X' की सरकारी एवं सहकारी डेयरियां ऐसे अधिक दूध का प्रबंध करने के लिए संसाधनों एवं टेक्नोलॉजी से सुसज्जित नहीं हैं।

4. कथन : सरकार द्वारा यह निश्चित किया गया है कि अगले माह के प्रारंभ से भोजन बनाने वाली गैस पर अर्थ सहायता का 33% वापस ले लिया जाये।

निष्कर्ष : I. अब लोगों को सरकार से इस प्रकार की अर्थ सहायता की कोई इच्छा या आवश्यकता नहीं क्योंकि वे भोजन बनाने वाली गैस की बढ़ी हुई कीमत वहन करने में सक्षम हैं।

II. भोजन बनाने की गैस के मूल्य में अगले माह से कम-से-कम 33% वृद्धि हो जाएगी।

5. कथन : अंतर्राष्ट्रीय तेल की कीमतों में और उछाल को ध्यान में रखते हुए सरकार डीजल मूल्यों की वर्तमान नीति की समीक्षा करेगी।

निष्कर्ष : I. अंतर्राष्ट्रीय तेल की कीमतों में सन्निकट उछाल के पश्चात् सरकार डीजल की कीमतों में वृद्धि करेगी। II. अंतर्राष्ट्रीय तेल की कीमतों में सन्निकट उछाल के बाद भी सरकार डीजल की कीमतों में वृद्धि नहीं करेगी।

6. कथन : 'X' महाशय एक अधिकारी हैं तथा कार्यालय ABC में कई लोगों के समूह के साथ भ्रष्टाचार के मामलों में कथित रूप से फंसे हैं।

निष्कर्ष : I. ABC कार्यालय में 'X' महाशय भ्रष्ट अधिकारी हो सकते हैं।

II. ABC कार्यालय में 'X' महाशय भ्रष्टाचार के मामलों में लिप्त नहीं भी हो सकते हैं।

7. कथन : समाज का संगठन इसलिए होता है कि लोगों के व्यक्तित्व के विकास के अवसर की व्यवस्था करना तथा समाज अपने सदस्यों के व्यक्तित्व के विकास में सर्वोत्तम ढंग से कैसे अपनी भूमिका अदा करता है।

निष्कर्ष : I. व्यक्ति, यदि उसे मानव के सम्पर्क में न आने दिया जाए तथा पूर्ण एकांत में रखा जाए तो उसके व्यक्तित्व के विकास का अवसर नहीं मिल पाएगा।

II. व्यक्ति के विकास का किसी समाज से कोई लेना-देना नहीं है।

8. कथनः- अनुसंधान ने साबित कर दिया है कि कम व्यायाम करने के साथ उच्च वसायुक्त भोजन करने वाले लोग हृदय रोगों की संभाव्यता से ग्रस्त हैं।

निष्कर्ष : I. लोगों को रोकथाम के उपाय के रूप में अपने वसायुक्त आहार को कम कर देना चाहिए।

II. लोगों को हृदय रोगों की संभाव्यता कम करने के लिए पर्याप्त व्यायाम करना चाहिए।

9. कथन : अपना फ्लैट 15 जून से पहले बुक करें तथा निर्माणकर्ताओं से ब्याज मुक्त ऋण का लाभ उठाएं एक विज्ञापन।

निष्कर्ष : I. बाद में कोई फ्लैट बुक नहीं किया जाएगा।

II. 15 जून के बाद कोई ऋण उपलब्ध नहीं कराया जाएगा।

10. कथन विश्व न तो अच्छा है और न ही बुरा है; हर व्यक्ति अपने लिए एक विश्व की रचना करता है।

निष्कर्ष : I. कुछ लोग इस विश्व को काफी अच्छा पाते हैं।

II. कुछ लोग इस विश्व को काफी बुरा पाते हैं।

II. कथन : प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि उनकी सरकार निर्धन किसानोंतथा खेतों की बेहतरी के लिए हरसंभव प्रयास करेगी।

निष्कर्ष : I. निर्धन किसानों और खेतों को छोड़कर सभी अन्य को विकास के लाभ प्राप्त हो चुके हैं।

II. विगत में समाज के किसी भी वर्ग की उन्नति के लिए कोई गंभीर प्रयास नहीं किया गया है।

12. कथनः देश 'X' की सरकार ने हाल ही में अनेक रियायतों की घोषणा की हैं और विदेशी में हमानों के लिए आकर्षक पर्यटन पैकेजों की पेशकश की है।

निष्कर्ष : I. अब अधिक संख्या में विदेशी पर्यटक देश में आएंगे।

II. देश 'X' की सरकार विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए गंभीर दिखाई देती है।

13. कथन :- अनेक बच्चे अस्पताल में दाखिल किए गए हैं। इन मामलों के लक्षण भोजन-विषाक्तता की ओर संकेत देते हैं। यह शायद दूध के दूषित होने के कारण हुआ था।

निष्कर्ष : I. दूषित दूध के कारण भोजन-विषाक्तता हो सकती है।

II. भोजन विषाक्तता के परिणामस्वरूप गंभीर रुग्णता पैदा हो सकती है।

14. कथनः- स्वदेशी खनिज तेल के उत्पादन की तुलना में घरेलू मांग अधिक तेजी से बढ़ रही है।

निष्कर्ष : I. खनिज तेल का आयात अनिवार्य है।

II. घरेलू मांग में कटौती की जानी चाहिए।

15. कथनः- ऊर्जा के गैर-परंपरागत स्त्रोतों के इस्तेमाल से विश्व में ऊर्जा संकट : समाप्त हो जाएगा।

निष्कर्ष : I. आधुनिक प्रौद्योगिकी ऊर्जा के परपरागत स्रोतों को बदल रही है।

II. पर्यावरण का आवश्यकता से अधिक दोहन करने के कारण उर्जा के परंपरागत स्रोतों का हास् हुआ है।

16. कथनः सरकार इसे दावे के बावजूद कि आंतकवाद नियंत्रण में है ,हत्याएं जारी हैं।

निष्कर्ष I. आंतकवादी सरकार के साथ कोई समझौता नहीं कर पाए है।

II. सरकार निरंतर झूठ बोलती रही है।

17. कथनः भारत में शीर्षस्थ दस प्रतिशत घरानों का राष्ट्रीय आय में हिस्सा चालीस प्रतिशत है।

निष्कर्ष : I. जब अर्थव्यवस्था तेजी से विकास करती है तो जनसंख्या कुछ निश्चित वर्गों में धन इकट्ठा हो जाता है।

II. भारत में राष्ट्रीय आय का वितरण विषम है।

18. कथन: अच्छा, सबसे अच्छा का शत्रु है।

निष्कर्ष I. तुम्हें अपने सबसे अच्छे शत्रु के साथ अच्छा व्यवहार चाहिए।

II. सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति अच्छाई पसंद नहीं करते हैं।

19. कथन: कुरूपता का इतना असह्य फैशन रूप है कि हमें उसमें प्रत्येक छः महीने के बाद परिवर्तन करना होता है।

निष्कर्ष I : फैशन डिजाइनर जनता के मानसिकता को अच्छी तरह समझती ही नहीं हैं।

II: प्रायः जनता न्यूनाधिक रूप से नवीनता के प्रति ग्रहणशील होती है।

20. कथन: अध्ययन व्यक्ति को पूर्ण बनाता है, संवाद उसको विदग्ध है और लेखन उसे परम शुद्ध बना देता है।

निष्कर्ष : उद्देश्य गर्भित एवं सुनिश्चित अभिव्यक्ति केवल विस्तृत लेखन द्वारा प्राप्त होती है।

II. विस्तृत अध्ययन मनुष्य को पूर्ण बनाती है।

<u>उत्तर व्याख्या सहित</u>

(1) निष्कर्ष (1) वैध नहीं हो सकता है क्योंकि 142 कंपनियों के आधार पर भारत में लगभग सभी कंपनियों के विषय में कोई भी निष्कर्ष नहीं प्राप्त हो सकता है, जबकि किसी भी दोष के दंड स्वरूप जो भी सजा प्रदान की जाती है, उसका मुख्य उद्देश्य यह होता है कि अन्य व्यक्ति इस तरह की गलती करने को प्रेरित न हो। अतः इस प्रश्न का सही उत्तर विकल्प (2) होगा।

(2) कथन में पैसा के संबंध में कोई भी बात नहीं कहा गया है और इसे सार्वभौमिक सत्य बनाकर पेश करने की कोशिश की गई है जो उचित नहीं है। पार्षद सम्मेलन में ज्यादा अधिकार की मांग इसलिए हो रही है कि उनका पद केवल दिखावटी न होकर बदलते परिवेश में बढ़ी हुई जिम्मेदारियों का अच्छी तरह से निष्पादन करके जन-कल्याण कर सकें। अतः इस प्रश्न का सही उत्तर विकल्प (2) होगा।

(3) कथन से यह स्पष्ट है कि अतिरिक्त दूध की उपलब्धता एक समस्या बनी हुई है तथा सहकारी डेयरियां ऐसे अधिक दूध का प्रबंध करने के लिए संसाधनों एवं टेक्नोलॉजी से सुसज्जित नहीं हैं। अतः, निष्कर्ष (I) तथा (II) दोनों उत्तर वैध होंगे।

(4) सरकार द्वारा यह निश्चित किया गया है कि अगले माह के प्रारंभ से भोजन बनानेवाली गैस के मूल्य में 33% की वृद्धि हो जाएगी, जो कि निष्कर्ष (II) में स्पष्ट है अतः, सही उत्तर विकल्प (2) होगा।

(5) सरकार द्वारा डीजल मूल्यों की वर्तमान नीति की समीक्षा का यह मतलब नहीं होता है कि डीजल मूल्यों में वृद्धि की ही जाएगी। यह सब तो आगे आनेवाली परिस्थितियों पर निर्भर करता है कि सरकार द्वारा डीजल मूल्यों में वृद्धि की जाएगी या नहीं। अतः निष्कर्ष (I) या (II) सही है। इस प्रकार, सही उत्तर विकल्प (3) होगा।

(6) चूंकि कथन में कहा गया है कि 'X', ABC में कई लोगों के समूह के साथ भ्रष्टाचार के मामलों में कथित रूप से फंसे हैं। इससे स्पष्ट रूप से यह निष्कर्ष बनता है कि 'X', ABC कार्यालय में एक भ्रष्ट अधिकारी हो भी सकते हैं या नहीं भी हो सकते हैं।

(7) कथन के अनुसार चुनाव लड़ने की कला को शिक्षा की तुलना में अधिक महत्व दिया गया है। इसलिए निष्कर्ष II सही है।

(8) दोनों निष्कर्ष तर्कसंगत दृष्टि से कथन में उल्लेखित सूचना का अनुकरण करते हैं। निम्न वसायुक्त भोजन और पर्याप्त व्यायाम से हृदय रोगों की संभाव्यता कम होती है।

(9) दोनों ही कथन अमान्य हैं।

(10) कथन के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति अपनी धारणाओं के अनुसार विश्व को अच्छे या बुरे नज़रिये से देखता है। इसलिए, कुछ लोग इस विश्व को अच्छा पाते हैं और अन्य इसको बुरा पा सकते हैं। इसलिए, निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं।

(II) इस कथन का यह अर्थ नहीं है कि लोगों के अन्य वर्ग विकास का लाभ पहले ही प्राप्त कर चुके हैं। पुनः यदि किसी विशेष वर्ग के विकास पर उच्चतर जोर देने का निश्चय किया जाता है तो इसका यह अर्थ नहीं है कि यह वर्ग पहले अपेक्षित था।

(12) सरकार द्वारा विदेशी में हमानों के लिए अनेक रियायतों और आकर्षक पैकेज दरों की घोषणा के परिणामस्वरूप हम सुस्पष्ट तौर पर इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि सरकार विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के प्रति गंभीर है और ऐसे लुभाने वाले प्रोत्साहनों से इस देश में विदेशी पर्यटकों के आगमन में तेजी आएगी। इसलिए, दोनों निष्कर्षI और II अनुसरण करते हैं।

(13) यदि हम सभी कथनों का पारस्परिक संबंध कायम करते हैं तो निष्कर्ष I का सरलतापूर्वक अनुमान लगाया जा सकता है। निष्कर्ष II पहले दो वाक्यों में निहित है।

(14) कोई भी निष्कर्ष वैध नहीं है। यह हो सकता है कि मांग अधिक तेज गति से बढ़ रही हो लेकिन फिर भी वास्तविक मांग (मात्रा के हिसाब से) उत्पादन से कम है। इस प्रकार, वहां अधिशेष मौजूद होगा और इसलिए आयात की कोई आवश्यकता नहीं है। इसी प्रकार, मांग करने के बजाय हमें उत्पादन बढ़ाने के प्रयास करने चाहिए।

(15) केवल निष्कर्ष II वैध है यह उल्लेखित है कि ऊर्जा संकट मौजूद है। क्योंकि अत्यधिक दोहन हुआ है। जिसके परिणामस्वरूप ऊर्जा के परपरागत स्रोतों का ह्रास हुआ है। इस कथन में निष्कर्ष निहित नहीं है। केवल यह सुझाया गया है कि यदि इस्तेमाल की गई तो आधुनिक प्रौद्योगिकी ऊर्जा के परंपरागत स्रोतों के इस्तेमाल का स्थान लेगी। यह कार्रवाई अभी तक आरंभ नहीं हुई है।

(16) दोनों निष्कर्ष वैध हैं। यदि आंतकवादी गतिविधियां यूं ही जारी रहती है तो यह स्पष्ट है कि सरकार और आतंकवादियों के बीच कोई समझौता नहीं है। इस आधार पर हम कह सकते हैं कि निष्कर्ष II भी वैध है।

(17) निष्कर्ष I अप्रासंगिक है जबकि निष्कर्ष II कथन का प्रत्यक्ष रूप अनुसरण करता है। राष्ट्रीय आय का चालीस प्रतिशत केवल दस प्रतिशत लोगों के हाथों में केंद्रित है। यह सुझाता है कि भारत में राष्ट्रीय आय का वितरण एक समान नहीं है।

(18) अच्छा सबसे अच्छा का शत्रु है। यानी कि सबसे अच्छा शत्रु के साथ अच्छा व्यवहार करके उसकी शत्रुता पर विजय प्राप्त की जा सकती है। अतः केवल निष्कर्ष I तर्कसंगत है।

(19) प्रत्येक छः महीने के बाद परिवर्तन करना होता है। कथन के इस वाक्य से स्पष्ट है कि जनता प्रायः न्यूनाधिक रूप से नवीनता के प्रति ग्रहणशील होती है। जबकि फैशन डिजाइनर बनता के मानसिकता को अच्छी तरह समझते ही नहीं है यह तर्कसंगत नहीं है, क्योंकि यदि वे समझते नहीं, तो परिवर्तन का कोई सवाल ही पैदा नहीं होता। अतः केवल निष्कर्ष II तर्कसंगत है।

(20) उद्देश्यगर्भित एवं सुनिश्चित अभिव्यक्ति के लिए परम शुद्ध होना आवश्यक है। चूँकि लेखन व्यक्ति को परमशुद्ध बना देता है। अतः निष्कर्ष I सही है साथ ही साथ निष्कर्ष II भी सही है, क्योंकि अध्ययन व्यक्ति को पूर्ण बनाता है यानी अध्ययन मनुष्य को पूर्ण बनाता है।

INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

अध्याय-22

कथन एवं मान्यताएँ या पूर्वानुमान

(Statement & Assumptions)

पूर्वानुमान या मान्यता या पूर्वधारणा का अर्थ ऐसे तथ्यों से है, जो पूर्णतः स्पष्ट रूप में नहीं होते हैं, फिर भी इनका आशय समझा जा सकता है। अप्रत्यक्ष रूप से अनुमानित वह अवधारणा, जो किसी कथन में छुपे हुए यथार्थ को निरूपित करती है, पूर्वानुमान या मान्यता या पूर्वधारणा कहलाती है। प्रश्न में एक कथन दिया गया होता है तथा इसके बाद दो या तीन पूर्वधारणाएँ दी गई होती हैं। दिए गए कथन पर विचार करते हुए यह ज्ञात करना होता है कि दी गई मान्यताओं में से कौनसी मान्यता दिए गए कथन में छिपी हुई है। वक्तव्य, विज्ञापन, अधिकारिक सूचना, अपील, कथन के ही भिन्न रूप हैं।

· विज्ञापन ये आम जनता को आकर्षित करने के लिए, उत्पाद की विशेषताएँ एवं गुण बताने के लिए जारी किये जाते हैं। · सूचना : यह किसी कार्यालय में जारी की जाती है जिसमें संबंधित व्यक्तियों के लिए कुछ सूचनाओं का उल्लेख होता है।

· अपील: यह सरकार, स्वैच्छिक संगठन या एजेन्सियों द्वारा जारी की जाती है। यह सहायता अथवा सहानुभूति हेतु तत्काल अनुरोध करने के लिए होती है। यह कोई प्रत्यक्ष सुझाव भी हो सकता है।

· मान्य पूर्वानुमानों / पूर्वधारणाओं / मान्यताओं की पहचान के लक्षण

●किसी भी पूर्वधारणा में कथन का यथार्थ भाव छुपा होना चाहिए

●मान्यता एवं कथन एक-दूसरे के लिये सार्थक होने चाहिए।

●मान्यता एवं अन्तर्निहित बात सरल होनी चाहिए।

●कथन एव मान्यता के बीच कारण पूर्ण रूप से स्थापित होना चाहिए

●कुछ विशेष जोर देने वाले शब्द जैसे संभव,सकना,सामान्यत,केवल, सभी निश्चित तौर पर सर्वश्रेष्ठ और प्रबलतम आदि मान्यता में लगे होते हैं जिससे वाक्य का सामान्य अर्थ बदल जाता है। ये आमतौर पर मान्य होते हैं।

· यदि कोई मान्यता, विज्ञापन से संबंधित हो, जो सामान्यतः लोगों को आकर्षित करने के लिए, विशेषताएँ या गुण बताने के लिये जारी किये जाते है, तो वह मान्य होगी।

· सामान्यतः आम जनता द्वारा सरकारी निर्देशों को माने जाने की आशा की जाती है ऐसे वाक्य मान्यता के रूप में मान्य होते हैं।

· यदि कोई मान्यता जनहित के लिए किये गए अनुरोध पर आधारित हो, तो वह वैध मानी जायेगी।

· कोई भी मान्यता सुधार, परामर्श, सलाह, लाभदायक प्रभाव या परिणाम को प्रदर्शित करती है, तो मान्य होगी।

· एक कथन से एक से अधिक मान्यताएँ निकाली जा सकती हैं।

· यदि कोई मान्यता कथन के अंदर का ही कोई तथ्य हो और वह अनुमानित हो तो वह वैध मानी जायेगी।

अमान्य पूर्वानुमानों / पूर्वधारणाओं की पहचान के लक्षण:-

· मान्यता में कथन से बाहर की बात नहीं होनी चाहिए।

मान्यता में कथन की पुनरावृत्ति (repetation) नहीं होना चाहिए।

· कोई भी मान्यता कथन के आधार पर निकाला गया निष्कर्ष नहीं होना चाहिए।

· कोई भी मान्यता कथन से अधिक व्यापक नहीं होनी चाहिए।

· मान्यता कथन के बीच पूर्णरूपेण व्याप्त होनी चाहिए। प्रश्नवाचक उत्तर सूचक शब्द जैसे प्रत्येक सभी, क्या, क्यों, इसलिये आदि मान्यता वाले वाक्य से जुड़े हो तो वो मान्य नहीं होंगे।

•मान्यता में भूत या भविष्य की बात नहीं की जानी चाहिए।

• जो मान्यता कथन के बिल्कुल विपरीत हो, उन्हें पहली नजर में अस्वीकार किया जा सकता हैं

निर्देश (1-5): नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक कथन दिया गया हैं और फिर उसके नीचे दो पूर्वधारणाएं हैं जिन्हें I और II क्रमांक दिए गए हैं। कोई हुई या गृहीत बात पूर्वधारणा कहलाती हैं। आपको कचन में दी गई दोनों पूर्वरणाओं पर विचार करना हैं और फिर तय करना हैं कि कौन-सी पूर्वधारणा कपन में अन्तर्निहित हैं

उत्तर (1) दीजिए अगर केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित हैं।

उत्तर (2) दीजिए अगर केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित हैं।

उत्तर (3) दीजिए अगर या तो पूर्वधारणा I अथवा II अन्तर्निहित हैं।

उत्तर (4) दीजिए अगर न तो पूर्वधारणा I और न ही पूर्वधारणा II अन्तर्निहित हैं।

उत्तर (5) दीजिए अगर पूर्वधारणाएं I और II दोनों अन्तनिहित हैं।

1. कथन: एक विवाह के सत्कार समारोह में भोजन करने के बाद बहुत से लोग बीमार पड़ गए और उन्हें तत्काल पास के सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों में ले जाया गया।

पूर्वधारणाएं :

(I) प्रभावित लोगों के रिश्तेदार उन्हें सरकारी अस्पताल में ले जाने से इनकार करेंगे।

(II)निकटवर्ती अस्पताल सभी प्रभावित लोगों का उपचार कर सकेंगे

2. कथन: सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में नये कारोबारी उपक्रम स्थापित करने के लिए हाल ही में प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा की हैं और सभी यूनिटों को अवाधित पावर सप्लाई का वचन दिया हैं।

पूर्वधारणाएं :

I. सरकार ऐसे सभी यूनिटों को पर्याप्त पावर सप्लाई कर पायेगी।

II. ग्रामीण क्षेत्रों के निवासी सरकार के इस निर्णय का स्वागत करेंगे।

3. कथन : मुख्य त्यौहार के दिन नगरपालिका प्राधिकरण ने मंदिर के अंदर और इर्द-गिर्द यातायात का आवागमन रोक दिया।

पूर्वधारणाएं :

I. मुख्य त्यौहार के दिन बहुत बड़ी संख्या में भक्तगण मंदिर में आयेंगे।

2. मंदिर के आसपास के क्षेत्रों में यात्रा करने वाले लोग अत्यंत आवश्यक काम नहीं हो तो अपनी यात्रा एक दिन के लिए स्थगित कर देंगे।

3. कथन:- सरकार ने शहर के सभी प्राइवेट स्कूलों को कम से कम दो वर्ष के लिए फीस का वर्तमान स्तर बनाये रखने के अनुदेश दिए हैं।

पूर्वधारणाएं :

I. प्राइवेट स्कूलों के प्राधिकारी सरकार के अनुदेश का पालन नहीं करेंगे क्योंकि वे सरकारी निधियों पर निर्भर नहीं हैं।

II. शहर प्राइवेट स्कूलों के विद्यार्थियों के मातापिता फिर से अधिक फीस अदा करने के लिए उत्सुक होंगे।

5.कथन नगर पालिका प्राधिकरण ने एक व्यस्त रोड़ पर नये फ्लाइओवर के निर्माण के लिए पुराने पुल को गिरा देने का निर्णय लिया हैं।

पूर्वधारणाएं :

I. ट्रैफिक विभाग वैकल्पिक मार्गों से वाहनों के आवागमन का विपथन कर पायेगा।

II. निकटवर्ती क्षेत्रों में यात्रा करने वाले लोग प्राधिकरण के निर्णय के विरोध में प्रदर्शन करेंगे।

उत्तर व्याख्या सहित

1. (2)केवल पूर्वधारणा II कथन में अंतर्निहित है। बीमार लोगों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसका अर्थ यह हुआ कि निकटवर्ती अस्पताल सभी मरीजों का उपचार कर सकने में समर्थ है।

2. (5) दोनों पूर्वधारणाएँ कथन में अंतर्निहित है। यदि सरकार इन यूनिटों को पर्याप्त पावर आपूर्ति करने में सक्षम नहीं होती तो इस तरह के पैकेज की घोषणा नहीं की जाती। लाभकारी योजनाओं का स्वागत होता है।

3. (5) स्पष्टतः दोनों पूर्वधारणाएँ कथन में अंतर्निहित हैं।

4. (4) कोई भी पूर्वधारणा कथन में अंतनिर्हित नहीं है। सरकार ने दिशा-निर्देश यह मानकर जारी किया कि प्राइवेट स्कूल इसे मानेंगे।

5. (1) केवल पूर्वधारणा I कथन में अंतर्निहित है। किसी कारण से किसी मार्ग पर ट्रैफिक बाधित होने पर वैकल्पिक व्यवस्था की जाती है।

निर्देश (1-5): नीचे दिए गए हर प्रश्न में एक कथन और उसके नीचे दो पूर्वधारणाएं दी गयी हैं जिन्हें क्रमांक I और क्रमांक II से दिखाया गया है। कोई मानी हुई या गृहीत बात पूर्वधारणा कहलाती है। आपको दिए हुए कथन और दी हुई पूर्वधारणाओं को ध्यान में लेकर उन दो पूर्वधारणाओं में से कौनसे कथन में अन्तर्निहित है इसका निर्णय करना है।

उत्तर (1) दीजिए अगर केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है।

उत्तर (2) दीजिए अगर केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है।

उत्तर (3) दीजिए अगर या तो पूर्वधारणा I अथवा II अन्तर्निहित है।

उत्तर (4) दीजिए अगर न तो पूर्वधारणा I और न ही पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है।

उत्तर (5) दीजिए अगर पूर्वधारणाएं I और II दोनों अन्तनिहित है।

कथन:- संस्था के बहुत से कर्मचारियों ने उच्च शिक्षा लेने के लिए दो वर्ष के विशेष विराम अवकाश के लिए आवेदन किया।

पूर्वधारणाएं:

I. हो सकता है प्रबंधन इनमें से अधिकांश कर्मचारियों का अवकाश मंजूर न करे I

II. हो सकता है ये कर्मचारी विराम अवकाश के दौरान अपनी शिक्षा पूरी कर लेंगे

2. कथन : मौजूदा आर्थिक स्थितियों के कारण अधिकांश निजी कंपनियों ने अपने कर्मचारियों के वेतन में पिछले वर्ष के लिए वार्षिक वृद्धि करने के खिलाफ फैसला किया है।

पूर्वधारणाएं:

I. हो सकता है बहुसंख्यक कर्मचारी फैसले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के लिए अपनी नौकरी छोड़ दें।

II. हो सकता है ये कंपनियां अगले वर्ष वेतन में वृद्धि की घोषणा करें।

3. कथन : कॉलेज प्रशासन ने सभी छात्रों को कॉलेज परिसर के भीतर सेल फोनों का प्रयोग बंद करने के अनुदेश दिए हैं।

पूर्वधारणाएं:

I. हो सकता है छात्र कॉलेज परिसर में सेल फोनों का प्रयोग बंद कर दें।

II. हो सकता है छात्र कॉलेज परिसर में सेल फोनों का प्रयोग करते रहें।

4. कथन: में दो शहरों में हवाई जहाज से आने जाने वाले यात्रियों पर सरकार ने कन्वेशन कर लगाने का निर्णय किया है।

पूर्वधारणाएं :

I.हो सकता है कि इस तरह वसूल किया गया कर भारी ट्रैफिक को संभालने के लिए अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध

कराने के आंशिक खर्च को पूरा करने के लिए पर्याप्त होगा।

II. हो सकता है इन शहरों में हवाई जहाज़ से आने जाने वाले यात्री कन्जेशन कर के द्वारा अतिरिक्त राशि दे दें।

5. कथन : स्थानीय नागरिकों के समूह ने नगर प्राधिकरण को एक ज्ञापन दिया कि इलाके में खाली पड़े एक प्लॉट को उनके अपने खर्चे पर एक बगीचे में बदलने की अनुमति दी जाए।

पूर्वधारणाएं:

I. हो सकता है स्थानीय नागरिकों का समूह बगीचे को विकसित करने के लिए पर्याप्त निधि एकत्र कर ले

II.हो सकता है नगर प्राधिकरण स्थानीय नागरिको के समूह के अनुरोध को न माने

उत्तर

I. 2 2.2 3.5 4.5 5.1

निर्देश (1-20) : नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक कथन दिया गया है। और फिर उसके नीचे दो पूर्वधारणाएं हैं जिन्हें I और II क्रमांक दिए गए हैं। कोई मानी हुई या गृहीत बात पूर्वधारणा कहलाती है। आपको कथन में दी गई दोनों पूर्वधारणाओं पर विचार करना है और फिर तय करना है कि कौन-सी पूर्वधारणा कथन में अन्तर्निहित है?

उत्तर (1) दीजिए अगर केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है।

उत्तर (2) दीजिए अगर केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है।

उत्तर (3) दीजिए अगर या तो पूर्वधारणा I अथवा II अन्तर्निहित है।

उत्तर (4) दीजिए अगर न तो पूर्वधारणा I और न ही पूर्वधारणा IIअन्तर्निहित है।

उत्तर (5) दीजिए अगर पूर्वधारणाएं I और II दोनों अन्तर्निहित हैं।

I. कथन : कॉलेज प्राधिकारियों ने निश्चय किया है कि स्नातक उपाधि के अंतिम वर्ष के छात्रों को व्याख्यानों के लिए उपस्थिति अनिवार्य नहीं होगी

पूर्वधारणाएँ :

I. अंतिम वर्ष के छात्र जिम्मेदार हैं तथा उनसे उनके हितों की रक्षा करने की आशा की जाती है।

II. कॉलेज में व्याख्यानदाता अच्छे नहीं है तथा कॉलेज प्राधिकारियों के साथ सहयोग नहीं करते हैं।

2. कथन: यदि केन्द्र और राज्यों के बीच सर्वसामान्य कार्यसूची और समन्वर हो तो देश अपने निर्यात को बढ़ा सकता है।

पूर्वधारणाएँ :

I. इस समय, निर्यात की वस्तुओं के बारे में केन्द्र और विभिन्न राज्यों का अलग-अलग दृष्टिकोण है।

II. विगत में देश को इसके निर्यात से विदेशी मुद्रा की अत्यधिक आमदनी होती थी।

3. कथन : देश 'X' अपने पड़ोसी देशों के साथ दोस्ताना, सहयोगपूर्ण, पारस्परिक तौर पर लाभप्रद संबंध विकसित करने के लिए वार्तालाप की प्रक्रिया के प्रति वचनबद्ध रहेगा।

पूर्वधारणाएँ:

I. देश 'X' शत्रु देशों से घिरा हुआ है तथा वह अकेले अपनी रक्षा नहीं कर सकता।

II. देश 'X' के अधिकांश पड़ोसी देश 'X' के सद्भावना प्रदर्शन का आदान-प्रदान कर सकते हैं।

4. कथन : मेरा विश्वास करें, मैंनें इसे 'A' समाचार पत्र में पढ़ा है।

पूर्वधारणाएं :

I. 'A' समाचार पत्र विश्वसनीय सूचना देता है।

II. मैं बिल्कुल वहाँ सूचित कर रहा हूं जैसा समाचार पत्र 'A' में दिया गया

5. कथन :- चलो हम अपनी सेवाओं की में सुधार लाने के लिए गुणवत्ता सिद्धांत की शुरुआत करते हैं।'

पूर्वधारणाएँ :

I. गुणवत्ता सिद्धांत अपनाया जा सकता है।

II. सेवाओं में सुधार लाने की आवश्यकता है।

6. कथन:- यह पुस्तक उनके लिए है जो भारतीय इतिहास' में दिलचस्पी रखते हैं।

पूर्वधारणाएँ:-

I. जो लोग लेखक के बारे में जानने को दिलचस्पी रखते हैं, वे पुस्तक पढ़ सकते हैं।

II. प्रत्येक पुस्तक कुछ पाठकों को आकर्षित करती है।

7. कथन: निर्धनों की सहायता करना मानवता की सच्ची सेवा है।

I. निर्धन लोगों को दूसरों की सहायता की आवश्यकता होती है।

II. यदि हम निर्धनों की सहायता नहीं करेंगे तो हम मानव नहीं कहलाएंगे।

8. कथन : भारत में पुलिस को सुरक्षा और व्यवस्था कायम रखते हुए अत्यधिक दबावों और तनावों का सामना करना पड़ता है।

पूर्वधारणाएँ :

I. दूसरे देशों में पुलिस को अपनी ड्यूटी करते समय दबाव और तनाव नहीं झेलने पड़ते हैं।

II. पुलिस से उनकी ड्यूटी दबाव अथवा तनाव के बिना करने की आशा की जाती है।

9. कथन यदि बच्चों को भविष्य में हमारे विश्व का प्रबंधन करना है तो उन्हें इसके लिए सुसज्जित किए जाने की आवश्यकता है।

पूर्वधारणाएँ :

I. विश्व ने हमेशा बच्चों को शिक्षित किया है

II. बच्चों को शिक्षित करना संभव है।

10.कथन इस कालोनी के लिए कोई खरीददारी परिसर नहीं है, लोगों को मुख्य बाजार जाना पड़ता है।

पूर्वधारणाएँ :

I. कॉलोनी मुख्य बाजार से दूर हो सकती है।

II. लोग मुख्य बाजार नहीं जाना चाहते हैं ।

II.कथन में हमानों को दोपहर का भोजन मुहैया कराया जाना चाहिए – A से बताता है।

पूर्वधारणाएँ :

I . जब तक बताया नहीं जाएगा, हो सकता है कि दोपहर का भोजन मुहैया नहीं कराया जाए।

II. में हमान दोपहर के भोजन के समय तक रुके रहेंगे।

12. कथन : हमारी अनुमति के बिना हमारे साफ्टवेयर की प्रति एक सूचना तैयार करें ।

पूर्वधारणाएँ :

I. साफ्टवेयर की प्रतिलिपि तैयार करना संभव है।

II. ऐसी चेतावनी से कुछ प्रभाव पड़ेगा।

13. कथन : अनेक लोगों ने हैरानी व्यक्त की है क्योंकि राजकुमारी ने एक 'सामान्य व्यक्ति को अपने जीवन साथी के रूप में चुनकर विवाह को शाही परंपरा को तोड़ा है।

पूर्वधारणाएँ :

I. लोग शाही परिवारों से रीति-रिवाज और परंपराओं का पालन करने को आशा करते हैं।

II. जब शाही परिवार के सदस्यों के विवाह का मामला हो तो लोग अभी भी 'शाही खून की पवित्रता' और 'रुतबे' को महत्व देते हैं।

14. कथन : आवासीय सोसायटी के अध्यक्ष और सचिव ने सोसायटी के सदस्य से पानी के इस्तेमाल में किफायत बरतने का अनुरोध किया है ताकि कर में सोसायटी बचत कर सके।

पूर्वधारणाएँ:

I. सोसायटी के अधिकांश सदस्यों द्वारा इस अनुरोध का पालन किए की संभावना है।

II. जहां कहीं संभव हो, व्यय में कटौती करना वांछनीय है।

15. कथन : नागरिक परिषद द्वारा आरंभ किए गए अभियान 'अपने शहर को 'स्वच्छ रखो' के प्रति नागरिकों की प्रतिक्रिया उत्साहजनक नहीं थी।

पूर्वधारणाएँ :

I. लोग अपने शहर को साफ रखने की इच्छा नहीं रखते हैं।

II. नागरिक परिषद अपने अभियान में विफल रही।

16.कथन : किसी राष्ट्र की आर्थिक संपन्नता इसके मानव संसाधनों की गुणवत्ता पर निर्भर है।

पूर्वधारणाएँ :

I. किसी राष्ट्र के मानव संसाधनों की गुणवत्ता मापना संभव है।

II. आर्थिक संपन्नता हासिल करना किसी भी राष्ट्र के लिए एक प्रमुख लक्ष्य है।

17. कथन: शहर में निजी बस सेवा इसके कर्मचारियों की चालू हड़ताल कारण वस्तुतः छिन्न-भिन्न हो गई है।

पूर्वधारणाएँ :

I. हड़ताल करना हर कर्मचारी का अधिकार बन गया है।

II. लोगों की निजी बस परिचालकों की सेवाओं की और आवश्यकता नहीं है।

18.कथन : इस नई योजना से लोगों को अपनी अघोषित संपत्ति घोषित करने तथा अभी तक की निम्नतम कर दर का भुगतान करके इसे वैध बनाने का अवसर मिलेगा।

पूर्वधारणाएं :

I. यह नई योजना पूर्ववर्ती योजना की तुलना में अधिक बेहतर है

II. लोग कम कर का भुगतान करने और वैध तरीके से वस्तुओं का मालिक बनने की इच्छा कर सकते हैं।

19. कथन : यदि दिनेश ने अनुदेश पढ़ लिए हों तो उसे तदनुसार कार्यकलाप आरंभ करने दो ।

पूर्वधारणाएँ :

I. दिनेश अनुदेश समझ जाएगा।

II. दिनेश कार्यकलापों का निष्पादन करने में सक्षम है।

20. कथन: हमें गलतियों के बारे चिंता नहीं करनी चाहिए लेकिन हमें अपनी गलतियों से सीखने का प्रयास अवश्य करना चाहिए।

पूर्वधारणाएँ :

I. जब हम कतिपय कार्य कर रहे होते हैं तो गलतियां होती हैं।

II. हम अतीत से लाभ उठाने तथा गलती रहित कार्य की अपनी संभावना बेहतर बनाने में सक्षम हैं।

उत्तर व्याख्या सहित

(1)केवल पूर्वधारणा I वैध है। यह आशा की जाती है कि अंतिम वर्ष के छात्र जिम्मेदार होंगे। दूसरा पूर्वधारणा कोई और पहलू प्रस्तुत करता है।

(2) दिया गया कथन आयात-निर्यात नीति के बारे में हो सकता है। इसलिए, कोई भी पूर्वधारणा वैध नहीं है।

(3) केवल पूर्वधारणा II वैध है। यदि कोई बातचीत के लिए कोई विशेष तरीका अपनाने का निश्चय करता है तो वह इसको वापिस पाने की आशा भी करता है।

(4) कथन का भाव दर्शाता है कि पूर्वधारणा I कथन में वैध है। दूसरा पूर्वधारणा कोई पूर्वधारणा नहीं है बल्कि केवल पुनर्कथन है।

(5) दोनों पूर्वधारणा कथन में वैध हैं। यदि गुणवत्ता सिद्धांत को आरंभ नहीं किया जा सकता तो कथन अर्थहीन है। यदि वहां सेवाओं में सुधार लाने की कोई आवश्यकता नहीं थी तो गुणवत्ता सिद्धांत आरंभ करने की .आवश्यकता भला क्यों महसूस की गई।

(6) केवल दूसरा पूर्वधारणा कथन में वैध है। प्रश्नगत पुस्तक उन व्यक्तियों के लिए हैं जो भारतीय इतिहास' के बारे में जानने की दिलचस्पी रखते हैं तथा लेखक के बारे में नहीं। पाठक हर पुस्तक को पसंद नहीं करते हैं लेकिन यह कुछ पाठकों को आकर्षित कर सकती है।

(7) केवल पूर्वधारणा I कथन में अंतर्निहित है। निर्धन लोग वे होते हैं जो दूसरों की सहायता के बिना अपनी सभी आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर सकते। लेकिन, निर्धन लोगों की सेवा करना मानव कहलाने का एकमात्र मापदंड है।

(8) पूर्वधारणा I कथन में अंतर्निहित नहीं है क्योंकि यह कुछ अन्य तथ्यों पर आधारित है। पूर्वधारणा II अंतर्निहित है क्योंकि दिए गए कथन में तर्क दिया गया है कि पुलिस को दबाव और तनाव के आगे हार माने बिना ड्यूटी करनी चाहिए जिनसे उनका प्रभावित होना निश्चित है।

(9) न तो पूर्वधारणा I और न ही पूर्वधारणा II अंतर्निहित हैं। कथन स्पष्ट नहीं है कि विश्व में शिक्षित बच्चे थे/हैं।

(10) यह प्रतीत होता है कि मुख्य बाजार कॉलोनी से दूर है क्योंकि यह कथन इस कालोनी की एक विशिष्ट समस्या पर प्रकाश डालता है। इसलिए, पूर्वधारणा I अंतर्निहित है। पूर्वधारणा II कथन में अंतर्निहित नहीं है।

(11) दोनों पूर्वधारणाएँ अंतर्निहित हैं। यदि सुझाव दिए बिना दोपहर का भोजन उपलब्ध कराया जा सकता तो A ने B को दोपहर का भोजन उपलब्ध कराने के लिए क्यों कहा। दूसरा, यदि निश्चित नहीं था कि में हमान दोपहर के भोजन के समय तक नहीं रुकेंगे तो ऐसा कथन नहीं दिया जाता। यह लगभग बिल्कुल स्पष्ट है कि में हमान वहां दोपहर के भोजन के समय तक रुके होंगे।

(12) दोनों पूर्वधारणाएँ अंतर्निहित हैं। यदि सॉफ्टवेयर की प्रतिलिपि बनाना संभव नहीं होता तो ऐसी सूचना जारी नहीं की जाती। इस प्रकार पूर्वधारणा I अंतर्निहित है। यदि सूचना प्रभावहीन है तो ऐसी सूचना जारी करने की भला क्या आवश्यकता थी। यह मानते हुए सूचना जारी की गई थी कि इसका कुछ प्रभाव पड़ेगा। इसलिए पूर्वधारणा II भी अंतर्निहित है।

(13) चूंकि लोग इस तथ्य पर हैरान हैं कि राजकुमारी ने एक आम आदमी अर्थात् अपने रुतबे तथा 'शाही परिवार के व्यक्ति से शादी नहीं की, यह सुझाता है कि पूर्वधारणाएँ I और II अंतर्निहित हैं। इसलिए अपेक्षित उत्तर (5) है।

(14) जब कोई सूचना जारी की जाती है या कोई परिपत्र वितरित किया जाता है तो आशा की जाती है कि जिन व्यक्तियों के लिए इसे जारी किया जा रहा है, वे इसकी ओर ध्यान देंगे। साथ ही, कथन का 'विषय' वांछनीय है। यहां विषय कर की कटौती है जिसे खर्च में कटौती के रूप में देखा जा सकता है। इसलिए अपेक्षित उत्तर (5) है।

(15) चूंकि लोगों में अभियान से उत्साह पैदा नहीं हुआ, इसका यह अर्थ नहीं है कि लोग अपने शहर को साफ नहीं रखना चाहते। इसलिए, पूर्वधारणा I अंतर्निहित नहीं है। साथ ही अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर को साफ़ रखने में यथासंभव अधिक नागरिकों को शामिल करना है। लेकिन यह अपना निर्धारित लक्ष्य हासिल करने में विफल रहा। इस प्रकार, पूर्वधारणा II अंतर्निहित है। इसलिए, अपेक्षित उत्तर (2) है।

(16) चूंकि स्वयं कथन कहता है कि आर्थिक संपन्नता इसके मानव संसाधनों की गुणवण से होती है, इसलिए हम कह सकते हैं कि पूर्वधारणा I अंतर्निहित है। लेकिन, पूर्वधारणा II में काफी कुछ वांछनीय छोड़ दिया गया है। प्रत्येक राष्ट्र के लिए आर्थिक संपन्नता हासिल करना या नहीं करना लक्ष्य हो सकता है। इसलिए, II अंतर्निहित नहीं है। इसलिए, अपेक्षित उत्तर (1) है।

(17) पूर्वधारणा I का कथन से कोई संबंध नहीं है क्योंकि निजी बस परिचालकों के हड़ताल करने का अर्थ

यह नहीं है कि प्रत्येक कर्मचारी को हड़ताल करने का अधिकार है (यद्यपि यह कानूनी तौर पर सही हो सकता है लेकिन यह इस कथन में प्रासंगिक नहीं है)। पूर्वधारणा II बिल्कुल अप्रासंगिक है, इसलिए अंतर्निहित नहीं है।

(18) चूंकि पूर्ववर्ती योजना या कानून के बारे में कुछ नहीं कहा गया है, "इसलिए हम नई योजना की कारगरता के बारे में कुछ नहीं कह सकते। इस प्रकार, पूर्वधारणा I अंतर्निहित नहीं है। इस योजना की · विशेषता है कि लोग अभी तक की निम्नतम दर पर कर का भुगतान कर अपने संपत्ति को कायम रख सकते हैं। इस प्रकार, यह मानना उचित होगा कि लोग कम कर का भुगतान करना और कानूनी तौर पर वस्तुओं के मालिक बनना चाहते हैं। इस प्रकार, पूर्वधारणा I अंतनिहित है। इसलिए अपेक्षित उतर (2) हैं

(19) कथन का अर्थ है कि दिनेश को अनुदेश पढ़ने के बाद तदनुसार कार्यकलाप आरंभ कर देना चाहिए। यह स्पष्ट तौर पर दर्शाता है कि वह अनुदेश समझने तथा अनुदेशों के अनुसार कार्यकलाप करने में पर्याप्त सक्षम है। इसलिए दोनों पूर्वधारणा अंतर्निहित हैं।

(20) यह सुविदित है कि जब कभी कार्य किया जाता है तो गलतियां हो सकती हैं और कोई भी व्यक्ति अपनी गलतियों से सीख सकता है ताकि वह भविष्य में अपनी गलतियों की संभावनाओं को कम कर सके। इसलिए, दोनों पूर्वधारणाएँ कथन में अंतर्निहित हैं

अध्याय-23

कारण एवं प्रभाव CAUSE AND EFFECT

जब भी कोई घटना (event) होती है तो यह खोला जाता है कि यह क्यों घटित हुई। ऐसे में कारण (Cause) एवं परिणाम (effect) के बीच सम्बन्ध तलाशा जाता है। कारण एवं परिणाम दोनों घटनाएँ है परन्तु कारण पहले बनता है उसका परिणाम बाद में दिखाई देता है। ऐसे प्रश्नों में दो कथन दिए जाते हैं जिनमें कारण एवं परिणाम और उनके बीच सम्बन्ध का पता निम्न पाँच विकल्पों में से लगाया जाता है।

(1) यदि कथन I कारण है तथा कथन II उसका परिणाम है।

(2) यदि कथन II कारण है तथा कथन I उसका परिणाम है।

(3) यदि दोनों कथन I व II स्वतंत्र कारण है I

(4) यदि दोनों कथन I व II परिणाम है किन्हीं स्वतंत्र कारणों के I

(5) यदि दोनों कथन I व II परिणाम है किसी एक समान कारण के I

ऐसे प्रश्न निम्न चार विषयों पर आधारित हो सकते हैं।

(I) सामाजिक क्षेत्र

(II) शिक्षा क्षेत्र

(III) आर्थिक क्षेत्र

(IV) प्रशासनिक क्षेत्र

सामाजिक क्षेत्र (Social Sector)

उदाहरण:- कथन I: पिछले पखवाड़े सभी कुओं में पानी का स्तर बढ़ गया है।

कथन II :गत सप्ताह पटरियों पर पानी इकट्ठा होने से अधिकांश ट्रेनों को निरस्त कर दिया गया।

हलः- दोनों कथनों में जल स्तर बढ़ने का कारण उस क्षेत्र में भारी वर्षा होना है। अतः दोनों परिणामों का समान कारण होने से उत्तर (S) होगा।

उदाहरण2:- कथन I:- संस्था की यूनियन के कर्मचारियों ने आने वाले महीनों के दौरान उत्पादन बढ़ाने के लिए अपने सदस्यों से अपने श्रेष्ठ प्रयत्न करने का आग्रह किया।

कथन II :- संस्था के प्रबंधन ने अपने कर्मचारियों के लिए उत्पादकता से जुड़ी बोनस योजना की घोषणा की।

हल:- संस्था के प्रबन्धन ने अपने कर्मचारियों के लिए उत्पादकता से जुड़ी बोनस योजना की घोषणा की इस कारण यूनियन के कर्मचारियों ने अपने सदस्यों से श्रेष्ठ प्रयत्न करने के लिए आग्रह किया। यहाँ कथन II के कारण कथन I में परिणाम है। अतः उत्तर (2) होगा।

उदाहरण3: कथन I :- गर्मी के महीनों में बहुत से लोग अपने मूल निवास स्थान जाने के लिए शहर से गए।

कथन II :-गर्मी के महीनों में बहुत से पर्यटक शहर में एकत्रित हुए।

हलः- बहुत से लोगों का अपने मूल निवास स्थान जाने एवं बहुत से पर्यटकों के शहर में एकत्र होने का समान कारण बच्चों की गर्मियों की छुट्टियाँ हैं। अतः दोनों परिणामों के समान कारण होने से उत्तर (S) है।

++

2.शिक्षा क्षेत्र (Education Sector)

उदाहरण 4: कथन I:- कॉलेज प्रशासन द्वारा विश्वविद्यालय से अलग होकर स्वायतशासी संस्था बनने का विचार किया है।

कथन II :-विश्वविद्यालय प्रशासन ने उससे जुड़े कॉलेजों को आर्थिक अनुदान देने में असमर्थता जताई है।

हलः- विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा अनुदान देने में असमर्थता जाहिर करने पर कॉलेज प्रशासन ने स्वायतशासी होने का विचार किया।

अतः कथन II कारण एवं कथन I परिणाम है। उत्तर (2) होगा।

उदाहरण 5: कथन I : गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष बेरोजगार युवाओं की संख्या में बहुत वृद्धि हुई है।

कथन II:-बहुत अधिक संख्या में प्रार्थियों ने विज्ञापन के अनुसार बैंक मैनेजर के एक पद के लिये आवेदन किया है।

हलः- बेरोजगार युवाओं की संख्या में वृद्धि हुई है इस कारण बहुत अधिक प्रार्थियों ने बैंक मैनेजर के एक पद के लिए आवेदन किया है। अतः कथन I कारण एवं कथन II परिणाम है। उत्तर (1) होगा।

उदाहरण 6: कथन I:- सरकारी स्कूलों में दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में अधिकांश विद्यार्थियों की उपलब्धि शानदार रही है।

कथन II : सरकारी स्कूल के बहुत से अध्यापक स्कूल छोड़कर प्राइवेट स्कूलों में चले गए।

हलः- सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों का शानदार परिणाम एवं वहाँ के अध्यापकों का सरकारी स्कूल छोड़कर प्राइवेट स्कूलों में जाना दो स्वतंत्र कारणों के परिणाम है अतः उत्तर (4) होगा।

उदाहरण 7: कथन I:- प्राइवेट में डिकल कॉलेजों ने बढ़े हुए खर्चो की पूर्ति करने के लिए, गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष फीस में 200 प्रतिशत वृद्धि कर दी है।

कथन II: सरकारी में डिकल कॉलेजों ने महंगाई बढ़ने के बावजूद फीस में वृद्धि नहीं की है।

हलः-प्राइवेट में डिकल कॉलेजों में फीस में वृद्धि परन्तु सरकारी में डिकल कॉलेजों में फीस में कोई वृद्धि नहीं होना ,दोनों भिन्न स्वतंत्र कारणों के परिणाम है, अतः उत्तर (4) होगा।

3.आर्थिक क्षेत्र (Economic Sector)

उदाहरण 8:- कथन I:- हाल ही रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने देश में छोटे बैंकों पर कुछ प्रतिबंध लगाये हैं।

कथन ।।:- देश में प्राइवेट एवं सहकारी क्षेत्र में स्थित छोटे बैंक पब्लिक क्षेत्र में बड़ी बैंक से प्रतिस्पर्धा करने की स्थिति में नहीं हैं।

हल:- (2) छोटे बैंक, बड़े बैंक की तुलना में प्रतिस्पर्धा करने में अक्षम हैं अतः ग्राहकों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया ने छोटे बैंकों पर कुछ प्रतिबंध लगाये हैं। अतः कथन ।। कारण एवं । परिणाम हैं।

उदाहरण 9 : कथन ।: भारत ने इस वर्ष चाय के निर्यात में गत वर्षों के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं क्योंकि यूरोप के बाजार में अच्छी गुणवत्ता की चाय की माँग बढ़ी हैं।

कथन ।।:- गत दो वर्षों में भारत के घरेलू बाजार में कॉफी की मांग बढ़ी हैं क्योंकि भारतीय बाजार में कॉफी व्यवसाय में अच्छा मुनाफा हैं।

हल: (3)दोनों कथनों में दो स्वतंत्र कारण दिए हैं।

उदाहरण 10 : कथन ।:- सरकार ने अन्य देशों से व्यापारिक समझौतों के अनुरूप बहुत अधिक मात्रा में शक्कर आयात की हैं।

कथन ।।:-हाल के महीनों में घरेलू बाजार में शक्कर की कीमत बहुत तेजी से गिरी हैं।

हल: (1) शक्कर की सप्लाई में वृद्धि से कीमत तेजी से गिरी हैं। अतः कथन । कारण एवं कथन ।। परिणाम हैं।

4.प्रशासनिक क्षेत्र (Administrative Sector)

उदाहरण ।।:- कथन ।:- पुलिस प्रशासन ने घरों में चोरी करने वाले एक समूह को पकड़ा हैं।

कथन ।। :-कॉलोनी के नागरिकों ने रात में निगरानी रखना शुरू किया हैं।

हल:- (5) दोनों कथनों में चोरियों के कारण से परिणाम दर्शाया हैं।

उदाहरण 12: कथन । : शहर 'A' में वर्षाकाल के दौरान जलजनित रोगों से प्रभावित नागरिको की संख्या में काफी कमी आयी हैं।

कथन ।। सरकार ने शहर 'A' में इस वर्ष की शुरुआत में चार नये नागरिक अस्पताल खोले हैं।

हल:- (4) कथन । व ।। दोनों भिन्न परिणामों के स्वतंत्र कारण हैं।

उदाहरण 14 :- कथन । : सरकार ने गैर अनुदानित शिक्षण संस्थाओं में व्यावसायिक कोर्स की फीस निश्चित कर दी जाती हैं गत वर्ष से बहुत कम हैं।

कथन ।। :-प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों ने गत वर्ष गैर अनुदानित संस्थाओं द्वारा ज्यादा फीस लेने के विरोध में सघन आन्दोलन किया था।

हल:- गत वर्ष अभिभावकों के घोर विरोध के परिणामस्वरूप सरकार ने फीस कम कर दी। अतः कथन ।। कारण एवं कथन । परिणाम हैं। उत्तर (2) होगा।

उदाहरण 15 :- कथन । - पुलिस ने बड़ी संख्या में गैर कानूनी रूप से एकत्र लोगों को तितर-बितर करने के लिये लाठीचार्ज किया

कथन ।। :-नागरिक संघ ने पुलिस की ज्यादतियों के विरोध में सामान्य हड़ताल की।

हल :- पुलिस के द्वारा लाठीचार्ज के विरोध में नागरिक संघ ने हड़ताल की। अतः कथन । कारण एवं ।। उसका परिणाम हैं। उत्तर (1) होगा।

निर्देश (1-5): नीचे प्रत्येक प्रश्न में (A) और (B) दो कथन दिए गए हैं। ये कथन या तो स्वतंत्र कारण हो सकते हैं या स्वतंत्र कारणों या सामान्य कारण के परिणाम हो सकते हैं। इनमें से एक कथन दूसरे कथन का परिणाम हो सकता हैं। दोनों कथनों को पढ़िए और तय कीजिए कि निम्नलिखित में से किस उत्तर का चुनाव इन दोनों के बीच सही संबंध बताता हैं।

उत्तर (1) दीजिए यदि कथन (A) कारण और कथन (B) परिणाम हैं।

उत्तर (2) दीजिए यदि कथन (B) कारण और कथन (A) परिणाम हैं।

उत्तर (3) दीजिए यदि कथन (A) और (B) दोनों कथन स्वतंत्र कारण हैं।

उत्तर (4) दीजिए यदि कथन (A) और (B) दोनों कथन स्वतंत्र कारणों के परिणाम हैं।

उत्तर (5) दीजिए यदि कथन (A) और (B) दोनों कथन किसी सामान्य कारण के परिणाम हैं।

1. (A)अधिकांश छात्रों ने अगले महीने जाने वाले शैक्षणिक दौरे में शामिल होने के लिए अपना नाम लिखाया।

(B) स्कूल अधिकारियों ने अगले महीने जाने वाले शैक्षिणिक दौरे को रद्द कर दिया।

2. (A) पिछले कुछ दिनों के दौरान फलों की कीमतों में काफी ज्यादा कमी हुई है।

(B) पिछले कुछ दिनों के दौरान खाद्यानों की कीमतों में काफी ज्यादा वृद्धि हुई है।

3. (A) राज्य के दो नगरों के बीच सड़क यातायात पिछले सप्ताह से बाधित रहा है।

B) राज्य के दो नगरों के बीच रेल यातायात पिछले सप्ताह से बाधित रहा है।

4. (A) अगले अड़तालीस घंटों के दौरान शहरी इलाके में भारी बौछार की आशा है।

(B) सप्ताह में होने वाले इंटर-क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट रद्द कर दिया गया है।

5. (A) सरकार ने गरीबी रेखा से नीचे के लोगों को खाद्यान्न के कुछ भंडार का वितरण सार्वजनिक वितरण प्रणाली के जरिए करने का निर्णय लिया है।

(B) पिछले दो मौसमों में खरीफ बंपर फसल हुई है।

<u>उत्तर व्याख्या सहित</u>

1. (4) कथन (A) और (B) दोनों कथन स्वतंत्र कारणों के परिणाम हैं।

2. (4) कथन (A) और (B) दोनों कथन स्वतंत्र कारणों के परिणाम हैं। 3. (5) कथन (A) और (B) दोनों कथन किसी सामान्य कारण के परिणाम हैं।

4. (1) कथन (A) कारण और कथन (B) परिणाम है।

5. (4) कथन (A) और (B) दोनों कथन स्वतंत्र कारणों के परिणाम हैं।

निर्देश (1-5): नीचे प्रत्येक प्रश्न में (A) और (B) दो कथन दिए गए हैं। परिणाम हो सकते हैं। इनमें से कथन दूसरे कथन का परिणाम हो सकता है। दोनों कथनों को पढ़िए और तय कीजिए कि निम्नलिखित में से किस उत्तर का चुनाव इन दोनों के बीच सही संबंध बताता है।

उत्तर (1) दीजिए यदि कथन (A) कारण है और कथन (B) उसका परिणाम है।

उत्तर (2) दीजिए यदि कथन (B) कथन (A)

उत्तर (3) दीजिए यदि कथन (A) और (B) दोनों कथन स्वतंत्र कारण हैं।

उत्तर (4) दीजिए यदि कथन (A) और (B) दोनों कथन स्वतंत्र कारणों के परिणाम हैं।

उत्तर (5) दीजिए यदि कथन (A) और (B) दोनों कथन किसी सामान्य कारण के परिणाम हैं।

1. A : इलाके में माता-पिता ने अपने बच्चों को निजी वाहनों में स्कूल न भेजने का निर्णय लिया।

B: बच्चों को स्कूल ले जा रही एक प्राइवेट वैन की बड़ी दुर्घटना में बच्चों की मौत हो गई और बहुतों को चोटें आईं।

2. A : सप्ताह के दौरान शहर का तापमान पिछले दशक का सबसे कम तापमान था और साथ में भारी कोहरा था।

B: शहर से जाने वाली अधिकांश उड़ानों में अनिश्चित कालीन देरी हुई जिससे यात्रियों में घबराहट फैल गई।

3. A : पिछले कुछ वर्षों से व्यावसायिक रूप से अर्हता प्राप्त युवाओं के लिए नौकरी का बाजार बेहतर हो गया है।

B: बहुत से युवाओं को उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप नौकरियां नहीं मिल पा रही हैं।

4. A:पीक आवर में सड़कें वाहनों से ठसाठस भी रहती हैं जिससे शहर के अधिकांश हिस्सों में ट्रैफिक जाम हो जाता है।

B: बहुत सी कंपनियां कम कीमत वाले वाहन लाने की योजना बना रही हैं।

5. A: शाम के समय सड़कें वाहनों से ठसाठस भर जाती हैं जिससे वाहनों की गति बहुत कम हो जाती है।

B : पिछले कुछ समय से हवा में प्रदूषण के स्तर में बहुत ज्यादा वृद्धि हुई है।

<u>उत्तर व्याख्या सहित</u>

1. (2)कथन (B) कारण है और कथन (A) उसका परिणाम है।

2. (1) कथन (A) कारण है और कथन (B) उसका परिणाम है।

3. (4) कथन (A) और (B) दोनों कथन स्वतंत्र कारणों के परिणाम हैं।

4. (2) कथन (B) कारण है और कथन (A) उसका परिणाम है।

5. (1) कथन (A) कारण है और कथन (B) उसका परिणाम है।

निर्देश (1-5): नीचे प्रत्येक प्रश्न में (A) और (B) दो कथन दिए गए हैं। परिणाम हो सकते हैं। इनमें से कथन दूसरे कथन का परिणाम हो सकता है। दोनों कथनों को पढ़िए और तय कीजिए कि निम्नलिखित में से किस उत्तर का चुनाव इन दोनों के बीच सही संबंध बताता है।

उत्तर (1) दीजिए यदि कथन (A) कारण है और कथन (B) उसका परिणाम है।

उत्तर (2) दीजिए यदि कथन (A) और (B) दोनों कथन स्वतंत्र कारण हैं।

उत्तर (3) दीजिए यदि कथन (A) और (B) दोनों कथन स्वतंत्र कारण हैं।

उत्तर (4) दीजिए यदि कथन (A) और (B) दोनों कथन स्वतंत्र कारणों के परिणाम हैं।

उत्तर (5) दीजिए यदि कथन (A) और (B) दोनों कथन किसी सामान्य कारण के परिणाम हैं।

1. (A) चालू माह के दौरान खाद्यान्नों की कीमत में काफी कमी आई है।

(B) चालू माह के दौरान खाद्य तेलों की कीमत में काफी कमी आई है।

2. (A) नगर प्राधिकरण ने पड़ोसी शहरों को जोड़ने वाली प्रमुख सड़क की अगले पखवाड़े के दौरान मरम्मत कराने का फैसला किया है।

(B) नगर प्राधिकरण ने दो शहरों के कई हिस्सों में अगले पखवाड़े के दौरान पेयजल की आपूर्ति को कम करने का निर्णय किया है।

3. (A) इस वर्ष जून प्रथमार्ध के दौरान भारत की मौसम प्रणाली डिस्टरबेंस थी।

(B) इस वर्ष मानसून की वर्षा भारत में कुछ दिन देर से पहुँची।

4. (A) HSC परीक्षा में फेल होने वाले छात्रों की संख्या में वृद्धि हुई।

(B) HSC परीक्षा देने वाले छात्रों की संख्या में काफी कमी हुई।

<u>A) शहर के बहुत से लोगों ने सप्ताहांत के दौरान घरों में रहने का फैसला किया।</u>

<u>(B) शहर में सप्ताहांत के दौरान एक प्रमुख राजनैतिक दल ने रैली आयोजित की थी।</u>

<u>उत्तर व्याख्या सहित</u>

1. (5) कथन (A) और (B) दोनों कथन किसी सामान्य कारण के परिणाम हैं।

2. (4) कथन (A) और (B) दोनों कथन स्वतंत्र कारणों के परिणाम हैं।

3. (1) कथन (A) कारण है और कथन (B) उसका परिणाम है।

4. (4) कथन (A) और (B) दोनों कथन स्वतंत्र कारणों के परिणाम हैं।


5. (2) कथन (B) कारण है और कथन (A) उसका परिणाम है।

अध्याय – 24


आकृति पूर्ति

प्रश्न - निम्नलिखित उत्तर आकृतियों में से कौनसी आकृति प्रश्न आकृति को पूरा करती है?


1. Question Figure: Answer Figures:




2. Question Figure: Answer Figures:




3. Question Figure: Answer Figures:




4. Question Figure: Answer Figures:




5. Question Figure: Answer Figures:




6. Question Figure: Answer Figures:




7. Question Figure: Answer Figures:




8. Question Figure: Answer Figures:




9. Question Figure: Answer Figures:




10. Question Figure: Answer Figures:




11. Question Figure: Answer Figures:




12. Question Figure: Answer Figures:




13. Question Figure: Answer Figures:






(a) (b) (c) (d)


14. Question Figure: Answer Figures:






(a) (b) (c) (d)


15. Question Figure: Answer Figures:






(a) (b) (c) (d)

16. Question Figure: Answer Figures:






(a) (b) (c) (d)


17. Question Figure: Answer Figures:






(a) (b) (c) (d)


18. Question Figure: Answer Figures:






(a) (b) (c) (d)


19. Question Figure: Answer Figures:






(a) (b) (c) (d)


20. Question Figure: Answer Figures:





(a) (b) (c) (d)

21.




(X) (a) (b) (c) (d)

22.




(X) (a) (b) (c) (d)

23.




(X) (a) (b) (c) (d)

24.





(X) (a) (b) (c) (d)


25.





(X) (a) (b) (c) (d)


26. 


27. 


28. 


29. 


30. 


31. 


32. 


33. 


34. 


35. 


36. 


37. 

38. 


39. 


40. 


41. 


42. 


INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO


43. 


44. 

45. 

46. 

47. 

48. 

49. 

1. D 2. A 3. A 4. B 5. D 6. C 7. C 8. A 9. C 10. D 11. D 12. B 13. A 14. D 15. D 16. B 17. B 18. B 19. D 20. C 21. C 22. C 23. C 24. B 25. D 26. C 27. D 28. C 29. D 30. B 31. C 32. A 33. A 34. D 35. D 36. C 37. A 38. D 39. D 40. D 41. C 42. A 43. C 44. B 45. C 46. D 47. B 48. C 49. D

INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO